स्वदेश TODAY digital
रांची, शुक्रवार
26.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 115, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज

जनक राजा होकर भी खेत में हल चलाते थे, फिर वर्तमान पीढ़ी कृषि से... 3



@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

NEWS IN Gallery

### दो आईपीएस का तबादला, स्पेशल ब्रांच के एसपी बने चंदन झा

**रांची** : चुनाव आयोग की सहमति के बाद राज्य सरकार ने दो आईपीएस का तबादला किया है। जेएपीटीसी पदमा एसपी के पद पर पदस्थापित चंदन झा को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है, जबकि पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप-1 कमांडेंट बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार की देर शाम गृह, कारा एवं आपदा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### मानहानि केस में राहुल गांधी को बड़ी राहत

**रांची** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चाईबासा के एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ चल रहे मानहानि केस में बड़ी राहत मिली है। झारखंड हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने केस के शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। चाईबासा जिला स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी को गैरजमानती वारंट जारी किया था। इस पर रोक लगाने के लिए राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

### नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों ने ली शपथ



**नई दिल्ली** : राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राज्यसभा के तीन नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण करने वालों में देवेन्द्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट शामिल थे। शपथ संसद भवन में दिलायी गयी, जहां राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीके मोदी भी उपस्थित थे।

### भारतीय वायुसेना का टोही विमान क्रैश

**जैसलमेर** : जैसलमेर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर गुरुवार सुबह करीब 10 बजे भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान क्रैश हो गया। हादसा पिथला-जाजिया गांव के नजदीक रोजाणियों की ढाणी में हुआ। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वायुसेना ने अपने अधिकारिक हैंडल 'एक्स' पर दुर्घटना की पुष्टि की है। वायुसेना की ओर से 'एक्स' पर लिखा गया है - भारतीय वायु सेना का रिमोट संचालित विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हुंकार भरते हुए लोगों से किया आह्वान

# देश विरोधी मानसिकता वालों को वोट की ताकत से दें कड़ा संदेश

एजेंसी

**शाहजहांपुर** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को शाहजहांपुर में हुंकार भरते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे वोट की ताकत से देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों को कड़ा संदेश दें। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव सामान्य नहीं बल्कि ऐतिहासिक है। जनसभा में उपस्थित लोगों का उत्साह देखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रांतिकारियों की यह धरती और यहां के लोगों ने यह तय कर लिया है कि इस बार फिर मोदी सरकार बनेगी। मोदी ने कहा कि सपा सरकार में यहां योजनाएं ठप पड़ी रहीं। सड़क, कानून व्यवस्था, बिजली व्यवस्था हो फिर चाहें स्वस्थ्य सेवा हों, सभी कुछ ठप पड़ा था। योगी सरकार आते ही ठप योजनाएं चल पड़ी और विकास का पहिया दौड़ पड़ा। आज यहां एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस आदि हाइवे गुजर रहे हैं। लखनऊ-दिल्ली की लंबी दूरी कम होने से शाहजहांपुर डिफेंस कॉरिडोर से जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि जरी जरदोजी के काम को एक जिला एक उत्पाद योजना से जोड़ने से इस काम में लगे कारीगरों को लाभ मिलेगा। योगी सराकर में यहां के किसानों की भी किस्मत चमकी।

## पीएम मोदी बोले – लोगों की सम्पत्ति पर है कांग्रेस की नजर



**पीएम** मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि कांग्रेस हर किसी की सम्पत्ति की एक्सरे जांच करायेंगे। कांग्रेस की नजर लोगों की सम्पत्ति और किसानों पर है। विरासत में पुरखों से मिलने वाली सम्पत्ति पर भी उनकी नजर है ताकि वो उसे छीन कर अपने खास वोट बैंक को दे सकें और जिसमें सपा भी उसके साथ बारबार की भागीदार है। उन्होंने कहा कि दो शहजादों के फिर से एक साथ आने का सबसे बड़ा आधार तृष्टीकरण की राजनीति है। आज पूरा देश कह रहा है 'कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी'। प्रधानमंत्री ने कहा कि चार जून के बाद वो जब फिर से सरकार बनायेंगे तो भ्रष्टाचारियों का हिसाब होगा। घोटाले की काली कमाई को बाहर लेकर आयेंगे। जो उनकी गारंटी है।

## राहुल की अपील – संविधान बचाने के लिए करें मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली** : आम चुनावों के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोगों से संविधान बचाने के लिए मतदान करने की अपील की है। वायनाड में भी इसी चरण में मतदान है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के इस चुनाव में 'मित्र काल' से निकल कर 'हिन्दुस्तानियों की सरकार' बनाने में लोकतंत्र का अपना कर्तव्य निभाइए। युवाओं के सपनों को हकीकत बनाना कांग्रेस का संकल्प है। कांग्रेस जनता को पांच गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी। राहुल गांधी ने पांच गारंटियों की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस भर्ती भरोसा और 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति, हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रुपये प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप और पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी देती है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस गिग इकॉनोमी की वर्क फोर्स के लिए काम की बेहतर परिस्थितियों, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा पांच हजार करोड़ के राष्ट्रीय कोष से जिला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी भी देती है।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा –

# भाजपा के शासनकाल में महंगाई से त्रस्त है जनता

स्वदेश संवाददाता

**गुमला/रांची** : मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत के नामांकन के अवसर पर टाउन हॉल में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में महंगाई से जनता त्रस्त है। 2014 में महंगाई कम थी, सिलेंडर के दाम कम थे, युवाओं को रोजगार मिल रहा था लेकिन झूठे वादे कर सत्ता में आयी भाजपा ने जनता को ठगने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने आवास योजना को भी पैसा देना बंद कर दिया तब हम लोगों ने अबुआ आवास योजना लाया। तीन कमरा का मकान देने का काम कर रहे हैं और छात्रवृत्ति भी हमारी सरकार दे रही है। साथ ही सर्वजन पेंशन भी हमारी सरकार दे रही है। आईएनडीआईए गठबंधन के प्रत्याशियों को झामुमो, राजद, कांग्रेस के कार्यकर्ता, नेता और विधायक सभी मिलकर 14 सीट पर विजयी बनायेंगे।

मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि इस बार के चुनाव में आपने अगर इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधि को चुनकर लोकसभा में भेजने का काम किया तो अगले पांच वर्षों में आप देखेंगे कि इन्होंने आपके लिए क्या काम किया। मैं सभी विधायकों और नेताओं से कहता हूं कि आप अपने-अपने क्षेत्र में आईएनडीआईए गठबंधन के उम्मीदवार को मजबूती प्रदान करते हुए जीत दिलाने का काम करें।

कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस देश की अस्मिता को बचाये रखना हमारा आपका धर्म है। आज भाजपा के कुकर्मों की वजह से इस देश में लोग एक-दूसरे को शक की निगाह से देख रहे हैं। इनका काम यही है लेकिन हमें और आपको इस दौर में सावधान रहना है ताकि इस देश में शांति कायम रहे। उन्होंने कहा कि देश के मुख्य मुद्दों पर बात करने की बजाय प्रधानमंत्री मंगलसूत्र, मटन, मछली पर जनता को उलझाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि भाजपा ने इस देश में बेरोजगारों की एक फौज खड़ी कर दी है। महंगाई की मार से देश में हाहाकार मचा हुआ है।



### गांडेय विधानसभा से कल्पना बनीं उम्मीदवार जमशेदपुर लोस सीट से लड़ेंगे समीर मोहंती





**रांची** : झामुमो ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से समीर मोहंती और गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र से कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने गुरुवार को बताया कि पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है।

# चुनाव आयोग ने भाजपा-कांग्रेस को भेजा नोटिस, जवाब तलब

- पीएम मोदी और राहुल गांधी के चुनावी भाषणों का है मामला

एजेंसी

**नई दिल्ली** : पीएम मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों पर शिकायत मिलने के बाद चुनाव आयोग ने संज्ञान लेते हुए भाजपा और कांग्रेस को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-77 के तहत दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को जवाब देने को कहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने एक-दूसरे पर धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने के आरोप लगाये हैं। दोनों पार्टियों को आयोग ने 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया था।




### दोनों पार्टियों ने चुनाव आयोग के पास की है एक-दूसरे की शिकायत

**चुनाव** आयोग को कांग्रेस की ओर से की गयी शिकायत के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों राजस्थान के बांसवाड़ा रैली में कहा था कि अगर कांग्रेस की सरकार आयी तो लोगों की संपत्तियां लेकर ज्यादा बच्चे वालों और घुसपैठियों में बांट दी जायेगी। पीएम मोदी के अनुसार, कांग्रेस के घोषणापत्र में लिखा है कि सरकार बनने पर मां-बहनों के गोल्ड का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर बांट देंगे। इसी बात को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। वहीं, भाजपा ने राहुल गांधी की रैलियों में भाषा और शब्दों के इस्तेमाल को लेकर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी है। भाजपा का आरोप है कि राहुल गांधी भाषा के आधार पर लोगों के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की है। बीजेपी नेताओं का दावा है कि राहुल गांधी अपने भाषणों में भाषा के आधार पर उत्तर और दक्षिण भारत को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा ने अपनी लिखित शिकायत में राहुल गांधी पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# लोस चुनाव : दूसरे चरण का मतदान आज, तैयारियां पूरी

- दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर होगा मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली** : चुनाव आयोग ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। बताया गया है कि मौसम सामान्य रहने की संभावना है और मतदाता आराम से अपना वोट डाल सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुविधाओं समेत गर्म मौसम की स्थिति से निपटने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी है। सुरक्षा की दृष्टि से भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान निर्धारित है। इसमें छह अनुसूचित जनजाति और नौ अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। बहुजन समाज पार्टी के एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर अब मतदान तीसरे चरण में कराया जायेगा।



मणिपुरी बाहरी सीट पर दो बार में मतदान कराया जा रहा है। इस बार इस सीट के एक हिस्से में मतदान होगा। मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए तीन हेलीकॉप्टर, चार विशेष ट्रेनें और लगभग 80 हजार वाहन तैनात किये गये हैं। 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जायेगी। 251 पर्यवेक्षक (89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक, 109 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। इस चरण में 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात किये गये हैं। मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला और 5929 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 34.8 लाख पहली बार मतदाता वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 14.78 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। 100 वर्ष से अधिक के 42,226 मतदाता हैं और 14.7 लाख दिव्यांग मतदाता हैं।

### पटना जंक्शन के पास होटल में लगी भीषण आग, छह लोगों की मौत

एजेंसी

**पटना** : राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जंक्शन के पास गुरुवार को पाल होटल में भीषण आग लग गयी। इस दुर्घटना में अबतक छह लोगों की मौत हो चुकी है। 20 लोग बुरी तरह से झुलस गये हैं, जबकि 45 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जतायी जा रही है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में आग लगने के बाद चीख-पुकार मच गयी। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गयी और दर्जनों लोग उसमें फंस गये। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिये जाने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

सशस्त्र बल | मेडिकल कॉलेज के 58वें बैच की पासिंग आउट परेड सम्पन्न

# तीनों सेनाओं को मिले 112 मेडिकल स्नातक

एजेंसी

**नई दिल्ली** : पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज से गुरुवार को 58वें बैच में पास आउट हुए 112 मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक और सेना चिकित्सा कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने कमीशनिंग परेड की समीक्षा की। परेड की कमान मेडिकल कैडेट (अब लेफ्टिनेंट) सुशील कुमार सिंह ने संभाली।

नवनियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक ने कहा कि अधिकारियों को पूर्ण समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करनी चाहिए। परेड ग्राउंड में 58वें बैच के कैडेटों ने परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन किया। मित्र देशों के पांच कैडेटों सहित कुल 147 कैडेट स्नातक हुए। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में नियुक्त 112 कैडेटों में से 87 पुरुष और 25 महिला कैडेट हैं। इनमें से 88 को सेना, 10 को नौसेना और 14 को वायुसेना में नियुक्त किया गया है। कमीशनिंग समारोह के बाद इस वर्ष 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक' फ्लाइंग ऑफिसर आयुष जयसवाल को और 'कलिंग ट्रॉफी' सर्जन सब लेफ्टिनेंट बानी कौर को प्रदान किया गया।

### सशस्त्र बलों में दिया गया कमीशन



### देश के शीर्ष पांच मेडिकल कॉलेजों में है पुणे का सशस्त्र सेवा मेडिकल कॉलेज

**पुणे** का सशस्त्र सेवा मेडिकल कॉलेज देश के शीर्ष पांच मेडिकल कॉलेजों में है। इस कॉलेज को 75 गौरवशाली वर्षों की सेवा के लिए 01 दिसंबर, 2023 को भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित किया गया था। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने इसी साल 18 मार्च को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ यूनिट प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया था।

# भारतीय ऐतिहासिक रिकॉर्ड आयोग का नया लोगो और आदर्श वाक्य जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग (आईएचआरसी) का गुरुवार को नया लोगो और उद्देश्य को दशार्ता आदर्श वाक्य जारी किया गया। यह लोगो पूरी तरह से आईएचआरसी की थीम और विशिष्टता को दर्शाता है। कमल की पंखुड़ियों के आकार के पृष्ठ आईएचआरसी को ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाये रखने के लिए लचीले नोडल संस्थान के रूप में दर्शाते हैं। मध्य में सारनाथ स्तंभ भारत के गौरवशाली अतीत का प्रतिनिधित्व करता है। रंग थीम के रूप में भूरा भारत के ऐतिहासिक अभिलेखों के संरक्षण, अध्ययन और सम्मान के संगठन के मिशन को मजबूत करता है।

संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, आईएचआरसी ऐतिहासिक दस्तावेजों, पांडुलिपियों, ऐतिहासिक जानकारी के अन्य स्रोतों की पहचान करने, एकत्र करने, सूचीबद्ध करने और बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसा करके आयोग यह सुनिश्चित करता है कि मूल्यवान ऐतिहासिक ज्ञान भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रहे। इसलिए, आदर्श वाक्य ऐतिहासिक दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लाभ के लिए इन्हें सुलभ बनाने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

NEWS IN Gallery

### विभिन्न संस्थानों में चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**खूंटी :** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विभिन्न संस्थानों में भी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों और बैंकों में वीएपी वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की दी गई जानकारी। इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त जिले में ग्राम स्तर पर मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। स्वीप के तहत जागरूकता गतिविधियां व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाने का निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा दिया गया है।

### महिला मतदान कर्मियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण



**खूंटी :** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कोषांग बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में गुरुवार को प्रशिक्षण से छूटे मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक, आइटीडीए सह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा अलग-अलग महिला मतदान कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही सभी मतदानकर्मियों से प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्न पूछा गया और निर्देश दिया गया गया कि प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली सभी जानकारी से अपने आप में संतुष्ट हो जाने तक प्रशिक्षण प्राप्त करें।

### लोस चुनाव : मतदाता जागरूकता अभियान चलायेगा वैश्य समाज



**रांची :** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश की बैठक प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानशंकर के निर्देश पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री संजय चौधरी ने किया। बैठक मे लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान हो इसके लिये पूरे प्रदेश में समाज के बीच मतदाता जागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अभियान का शुभारंभ आगामी 28 अप्रैल को धनबाद जिले में आयोजित बैठक में की जायेगी। साथ ही समाज के लोगों को धनबाद लोकसभा उम्मीदवार ढुल्लू महतो, हजारीबाग उम्मीदवार मनीष जायसवाल एवं रांची से प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने के लिए धनबाद जिला अध्यक्ष सुशील प्रसाद, हजारीबाग जिला अध्यक्ष रवि अग्रवाल एवं रांची जिला अध्यक्ष संजय पोद्दार के नेतृत्व में प्रचार अभियान चलाया जायेगा।

# लोकसभा चुनाव : बाबूलाल मरांडी बने भाजपा के खेवनहार, मिलेगा फायदा

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी :** राजनीति कब क्या करवट लेगी, कौन विरोधी होगा और कौन साथ देगा, इसे कोई नहीं जानता। राजनीति में राजनेताओं की निष्ठा समय-समय पर अपनी जरूरत के अनुसार बदलती रहती है। अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट को ही लें। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पार्टी उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के सारथी बने हुए हैं, वहीं 2019 के चुनाव में मरांडी भाजपा के धुर विरोधी थे और कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसके उलट इस लोकसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी अर्जुन मुंडा की चुनावी नैया के खेवनहार बने हुए हैं और कालीचरण मुंडा के विरोध में जमकर प्रचार कर रहे हैं। इधर, तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में राज्य के पूर्व मंत्री राजा पीटर 2019 के संसदीय चुनाव में अर्जुन मुंडा के विरोध में थे, तो इस चुनाव में उन्होंने अर्जुन मुंडा को समर्थन देने की घोषणा की है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि बाबूलाल मरांडी का साथ और राजा पीटर के समर्थन का फायदा भाजपा उम्मीदवार को हो सकता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कुछ दिन पहले ही राजा पीटर से भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने का आग्रह किया था। बताया जाता है कि राज्य के पूर्व मद्य निषेध मंत्री राजा पीटर की तमाड़ विधानसभा में अच्छी पकड़ है। पिछले चुनाव में तमाड़ और खरसावां ने ही भाजपा की लाज बचाई थी। खूंटी, तोरपा, कोंलेबिरा और सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में तो कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा ने इतनी अच्छी बढ़त बना ली थी कि वे जीत की दहलीज तक पहुंच ही गये थे, पर तमाड़ और खरसावां के मतदाताओं ने चुनाव का पाशा ही पलट दिया और अर्जुन मुंडा 1445 मतों के अंतर से जीत गये। 2019 के लोकसभा चुनाव में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में अर्जुन मुंडा को कुल 86352 वोट तथा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को 44870 वोट मिले थे। इस प्रकार अर्जुन मुंडा को कालीचरण के मुकाबले 41482 वोट अधिक मिले थे। जानकार मानते हैं कि राजा पीटर के खुलकर अर्जुन मुंडा के पक्ष में आ जाने से उनके वोटों में इजाफा हो सकता है।

### एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में वार्षिक उत्सव एमिफोरिया 2024 का दूसरा दिन

## सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और कुलाधिपति के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए एमिफोरिया 2024 वार्षिक उत्सव के दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मुकेश कुमार आइएएस श्रम रोजगार और कौशल विकास झारखंड सरकार मौजूद थे। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के श्रम रोजगार और कौशल विकास के प्रभारी सचिव मुकेश कुमार आईएएस ने विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा अनुसंधान नवाचार और विचार सृजन पहल के लिए विकसित तकनीकी मॉडल की बारीकी से जांच की। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान मुकेश कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी तकनीक की सफलता उसकी क्षमता में निहित है। उन्होंने छात्रों को अनूठे और नवीन विचारों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ?नवाचार तभी हो सकता है जब तकनीकी और वित्तीय व्यवहार्यता हो। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के श्रीवास्तव ने कैम्पस मे छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया और एमिफोरिया 2024 में छात्रों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम में भाग लेने एवं उत्साह से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया. उत्सव के दूसरे दिन के दौरान अकादमिक समुदाय ने डांसर्स ड्रीम टेक स्पेक्ट्रम और इनोविजन सहित विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। परिसर के भीतर बैडमिंटन जैसी कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं इसके अलावा झारखंड सशस्त्र पुलिस ग्राउंड पर बास्केटबॉल क्रिकेट और फुटसल खेलों का आयोजन हुआ। दूसरे दिन का समापन प्रसिद्ध डीजे और संगीतकार टेरी मिको द्वारा डीजे नाइट के साथ हुआ। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के अलावा 30 विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र छात्राएं विभिन्न खेलकूद कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं.

## मांडर महाविद्यालय में राशि की हेराफेरी की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें कुलपति : आजसू



स्वदेश संवाददाता

**रांची :** छात्र-छात्राओं के पैसे की हेरा फेरी के मामले में दोषियों पर कार्रवाई हो अन्यथा आजसू करेगी आंदोलन। आज दिन बृहस्पतिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू)का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें मांडर महाविद्यालय मे 68.59 लाख रुपए की हेरा फेरी के मामले से अवगत कराते हुए उन्हें मांग पत्र पा। मांग पत्र सौंपते हुए रांची विश्वविद्यालय छात्र आजसू इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से कहा 68.59 लख रुपए छात्र-छात्राओं से लिए गए लेकिन वह महाविद्यालय के रिकॉर्ड में नहीं है एक ही नंबर के दो-दो चालान कैसे छपे, महाविद्यालय के नए कैशबुक में भी भारी अनियमितता दिखाई देती है डेली कलेक्शन रजिस्टर पर भी प्राचार्य का हस्ताक्षर नहीं है। मनी रिसिप्ट जारी करने के लिए कभी भी कॉलेज के प्राचार्य द्वारा इसे प्रमाणित नहीं किया गया है इंटरमीडिएट सेक्शन के साथ-साथ डिग्री सेक्शन के लिए भी कोई अलग खाता नहीं रखा गया। छात्र आजसू के सदस्यों ने कुलपति से कहा कि इस मामले की निष्पक्षता से जांच करते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की कृपा की जाए अन्यथा छात्र (आजसू )आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर मौजूद कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से कहां इस मामले पर निष्पक्ष जांच चल रही है सभी दोषी पदाधिकारी कर्मचारी जो भी इस मामले में सनलिप्त पाए जायेगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप सेः प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, प्रियांशु शर्मा, मनजीत साहू अभिषेक साहू, विशाल कुमार यादव ,साहिल कुमार, राहुल कुमार के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

# जेईई मेन में जेवीएम श्यामली के प्रियांश प्रांजल बने स्टेट टॉपर

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** जॉइंट इंटेंस एग्जाम अप्रैल 2024 का परीक्षा परिणाम आते ही जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र प्रियांश प्रांजल ने 100 पर्सेंटाइल लाकर विद्यालय और झारखंड के स्टेट टॉपर बने। इनका ऑल इंडिया रैंक 30वाँ है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल और 125 से अधिक छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। जॉइंट इंटेंस एग्जाम में सौरभ कुमार (99.98%) शौर्य कुमार (99.70%) नेहल अग्रवाल (99.53%) अर्णव दत्ता (99.52%) तानिष तन्मय (99.48 %) ओमकार सिंह (99.44 %) हर्षित कुमार (99.30 %) अक्षय आंनद (99.29 %) राज आर्यन (99.18 %) अनिकेत सेन गुप्ता (98.20 %) सुजॉय कुमार घोष (97.86 %) अनीश कुमार (97.79 %) क्षितिज आर्यन (97.77 %) अदिति राज (97.76 %) चंदन राज यादव (97.65 %) अमर हंस (96.11 %) नासिर यूसुफ (95.81 %) आनंद वशिष्ठ (94.33 %) प्राप्त किये. प्राचार्य समरजीत जाना ने सफल छात्रों को खुशी के मौके पर मिठाई खिलाई और इस सफलता का श्रेय सभी टीचिंग फैकल्टी और छात्रों को देते हुए कहा कि सफलता शिक्षक और छात्रों की मेहनत और लगन का सही समिश्रण है। इस सफलता को पाने के लिए दोनों को कार्य करने होते हैं। इसकी शुरूआत होती है विद्यालय से। श्यामली हमेशा से छात्रों के लिए उर्वरा-भूमि रही है जिसकी पृष्ठभूमि में हमारी उम्दा टीचिंग फैकल्टी है जिसका वास्तविक स्वरूप जेईई मेन की सफलता के रूप में दिखाई दे रही है। बच्चे कहीं भी पढ़ें विद्यालय में ही पढ़ें। यहीं बच्चे धक्के खाकर जीवन में अनुशासन सॉफ्ट स्किल और हार-जीत का ककहरा सीख पाते हैं। हमारे विद्यालय में नॉन-अटेंडिंग छात्रों के लिए जगह नहीं है। वहीं प्रियांश प्रांजल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को देते हुए अपने सभी सफल सहपाठियों को शुभकामानाएँ दी। उन्होंने कहा कि शुरू से ही मैंने जेईई को अपना लक्ष्य बना लिया और प्रति दिन 10-12 घंटे पढ़ाई करता रहा। इसमें विद्यालय के शिक्षकों का सतत और आपेक्षिक सहयोग रहा। परीक्षा के सभी प्रश्न-पत्र ऐसे थे जिसका कॉन्सेप्ट हमें विद्यालय में ही समझाया गया था।

## रांची में पेयजल की समस्या को लेकर युवा आजसू ने नगर प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** युवा आजसू के एक प्रतिनिधि मंडल ने रांची नगर निगम के नगर प्रशासक अमित कुमार को भीषण गर्मी में रांची में होने वाले जल संकट से निपटने के उपयोगी उपाय और तैयारी करने के संबंध में छह सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवा मोर्चा के राज्य संयोजक गौतम सिंह और जब्बार अंसारी के नेतृत्व में नगर आयुक्त से मिले प्रतिनिधि मंडल ने गर्मी शुरू होते ही राजधानी रांची के प्रायः सभी इलाकों में उत्पन्न होने वाले भयावह जल संकट की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन के माध्यम से युवा मोर्चा ने टैंकरों की समुचित व्यवस्था कर सभी इलाकों में निरंतर जल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने खराब पड़े चापाकल बोरिंग को अविलंब ठीक कराने राज्य के सभी जलाशयों पर किए गए अतिक्रमण को अविलंब हटाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही सभी जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए कड़े कानूनों का सख्ती से पालन कराने और वृक्षारोपण कार्यक्रम निरंतर चलाने एवं पौधों के पेड़ बनने तक जिम्मेदारी पूर्वक देख रेख करने तथा रांची नगर निगम क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग विधि को अनिवार्य करते हुए इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाने की मांग की। युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने कहा कि देश के कई बड़े शहर आज पानी की किल्लत को झेल रहे हैं। ऐसी ही पानी की समस्या से रांचीवासियों को भी न गुजरना पड़े इसके लिए आज हमने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही हम सभी राज्यवासियों से अपील करते हैं कि जल संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें क्योंकि जल है तो कल है। मौके पर उपस्थित युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अब्दुल जब्बार ने कहा कि रांची हाई कोर्ट ने भी पानी की समस्या पर चिंता जाहिर की है। बेंगलुरू जैसा जलसंकट झेल रहा है वही हाल कहीं झारखंड का भी न हो जाए। इस समस्या को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है सरहुल महोत्सवः कालीचरण मुंडा

स्वदेश संवाददाता

- **सिरूम गांव के सरहुल महोत्सव में जमकर थिरके कांग्रेस प्रत्याशी**

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी :** जिले के सिरूम गांव में गुरुवार को सरहुल महोत्सव पूरी श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर आयोजित सरहुल नृत्य में कालीचरण मुंडा ढोल-नगाड़े की थाप पर जमकर थिरके। उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों के प्रकृति प्रेम और लगाव का प्रतीक है। जंगलों को बचाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। सरहूल मानव सभ्यता को वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। साथ ही मानव जीवन दर्शन की मौलिकता को दशार्ता है। मुंडा ने कहा कि सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है, जरूरत है हमें इसे संजोने की। इस पर्व के माध्यम से हम प्रकृति के महत्व को समझते है। सरहुल आदिवासी समाज का पारंपरिक पर्व है। यह पर्व आदिवासी समाज पीढ़ी दर पीढ़ी मनाता आ रहा है। आज के इस आधुनिक युग में इस पर्व को बचाये रखना हम सभी का कर्तव्य है। महोत्सव में युवाओं की भूमिका अहम रहेगी। मौके पर चंद्र प्रभात मुंडा, विनसाय मुंडा, पंडेया मुंडा, फूलचंद टूटी, सुशील सांगा सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

### इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में सेमिनार का आयोजन

## भारतीय संस्कृति धर्म और आदिवासी अध्ययन के प्रणेता : तपन

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** प्रो बीएन सरस्वती मेमोरियल लेक्चर के तहत संथाल समाज में आध्यत्मवाद विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित थे प्रसिद्ध मानवशास्त्री और विद्या भवन विश्वभारती विश्वविद्यालय शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल के पूर्व प्राचार्य ओंकार प्रसाद। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने प्रो बीएन सरस्वती के संस्मरण में इस मेमोरियल लेक्चर की शुरूआत करते हुए विद्यार्थियों को प्रो सरस्वती से जुड़े हर महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि बीएन सरस्वती एक दशक तक भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण कोलकाता से जुड़े रहे। इस लंबी अवधि में उन्होंने ग्रामीण भारत में स्थानीय स्तर पर व्यापक कार्य किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़ने की सलाह दी जिनमें एस्थेटिक्स ऑफ काशी महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि प्रो बीएन सरस्वती ने 1995 से 2002 तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में सांस्कृतिक दिशा में यूनेस्को अध्यक्ष का पद संभाला। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने संथाल शब्द के शाब्दिक अर्थ की विस्तार से व्याख्या करने के बाद उसमें आध्यात्म को समझाया। मुख्य वक्ता के तौर पर ओंकार प्रसाद ने प्रो बीएन सरस्वती के जीवन वृत्त पर विस्तार से चर्चा करने के बाद विषय संथाल समाज में आध्यात्म पर संवाद किया। उन्होंने संथाल धर्म की परंपरा त्योहार गीत और नृत्य के बारे में बताया। उन्होंने संथाली देवता बोंगा को एक संरक्षक और प्रकृति का एक आंतरिक हिस्सा बताया। इस मौके पर अन्य वक्ताओं में झारखंड ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति टी एन साहू ने कहा कि झारखंड की सभी जनजातियां प्रकृति की उपासक है। उन्होंने संथालों के धार्मिक रीति रिवाजों की चर्चा की। विश्वविद्यालय के टीआरएल विभाग के समन्वयक प्रो. (डॉ.) बिनोद कुमार ने संथाली संस्कृति को विस्तार से बताते हुए उनके धर्म और संस्कृति पर जोर दिया इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सपम रणबीर सिंह संत जेवियर्स कॉलेज रांची के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. कमल कुमार बोस डीएसडब्ल्यू एसएम अब्बास और जिंदर सिंह मुंडा ने भी संबंधित विषय पर उपस्थित विद्यार्थियों के साथ अपने विचार साझा किए। इसके पूर्व सपम रणवीर सिंह प्रो बीएन सरस्वती को स्मरण करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष तौर पर झारखंड ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति टी एन साहू डीएसपीएमयू की कुलसचिव नमिता सिंह प्रो प्रतुल सरस्वती टीआरएल विभाग के सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

कार्यक्रम

### मिल्लत एकेडमी में जागरूकता व्याख्यान का आयोजन, सुप्रसिद्ध पक्षी प्रेमी संजय बोले -

# पृथ्वी का तापमान बढ़ने का बड़ा कारण है व्यवहार परिवर्तन

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, रांची व मिल्लत एकेडमी स्कूल, रांची के संयुक्त तत्वाधान में देश के सुप्रसिद्ध पक्षी प्रेमी व गौरैया विशेषज्ञ संजय कुमार ने आज बढ़ता तापमान, लू और जीव जंतुओं का महत्व विषय पर मिल्लत एकेडमी स्कूल, रांची कैंपस में एक जागरूकता व्याख्यान प्रस्तुत किया। संजय कुमार ने कहा कि पूर्व में मिट्टी, खपड़े के मकान व हाथ-पंखे व घड़े के पानी के दौर से निकलकर वर्तमान में हम पक्के मकान व फ्रिज एवं एयर कंडीशन के दौर में पहुंच चुके हैं। तेजी से उद्योग और प्लास्टिक उत्पादन से कार्बन का उत्सर्जन बढ़ता ही जा रहा है । ऐसे और इस प्रकार के जीवन-शैली परिवर्तन आज पृथ्वी के तापमान बढ़ने का एक प्रमुख कारण है। संजय ने लू से बचाव , जलवायु परिवर्तन , जल , पर्यावरण संरक्षण व जीव जंतु प्रेम पर अपने विस्तृत व ज्ञानवर्धक व्याख्यान के दौरान कहां की प्लास्टिक को अपने दैनिक जीवन से पूरी तरह बाहर करने का प्रयास करना चाहिए। प्लास्टिक का प्रयोग इसी प्रकार निरंतर बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में पृथ्वी का तापमान तीन गुना बढ़ जाएगा। समुद्र पर प्लास्टिक के कचरे से भरते जा रहे हैं और एक वक्त आएगा कि मछलियां विलुप्त हो जाएंगी। बढ़ते तापमान की विनाशलीला पर प्रकाश डालते हुए संजय ने अपना एक मार्मिक संस्मरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि किस प्रकार एक गर्मी के दोपहर में अचानक एक चिड़िया उनके फ्लैट के अंदर आकर जोर जोर से चिं-चिं करने लगी। उन्होंने देखा कि वह गौरैया पानी के बेसिन के निकट अपना मुंह खोले प्यास की मुद्रा में इधर-उधर जा रही है। उन्होंने बेसिन खोलकर चिड़िया को पानी पिलाया? और वह उड़ गई। संजय ने सभा में शामिल सभी लोगों, विशेष कर बच्चों से आह्वान किया कि वे अपने घरों में पक्षियों के लिए पानी और दाने का व्यवस्था करें और साथ-साथ अपने आसपास ऐसे पेड़ पौधे लगाएं जिसमें पक्षी अपना ठिकाना बना सकतीं हो। इसके लिए उन्होंने मालती के पौधा और बैगन बेलिया का विशेष रूप से उल्लेख किया। घर में बचे हुए खाने को भी कूड़ेदान में फेंकने की जगह पर पक्षियों एवं अन्य जंतुओं को खिलाने की व्यवस्था करें। बिहार में गौरैया मैन के नाम से प्रसिद्ध संजय कुमार, वर्तमान में उप निदेशक के पद पर , केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, पटना मे कार्यरत हैं। गौरैया संरक्षण में वे 2007 से ही सक्रिय? हैं।वे राष्ट्रीय व स्थानीय पत्र-पत्रिकाओं में विविध विषयों खासकर मीडिया, वंचित वर्ग, सामाजिक सरोकर, पर्यावरण एवं -जीव-जंतु संरक्षण के मुद्दे को लेकर लगातार लिखते रहते हैं।उनकी अब तक 14 पुस्तकें प्रकाशित?? हो चुकी हैं?, जिसमें तीन किताबें गौरैया संरक्षण पर है। साथ ही साथ उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण अवाड्र्स से भी सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए मिल्लत एकेडमी स्कूल की प्रिंसिपल सबीहा बानो ने कहा कि हम लोग अत्यंत भाग्यशाली हैं कि संजय कुमार जैसे व्यक्तित्व का आज हमारे स्कूल में भ्रमण हुआ और हम लोगों ने पर्यावरण / जीव-जंतु संरक्षण पर उनके विचारों से अपने ग्रह की हालत सुधारने के लिए प्रेरित हुए। प्रिंसिपल सबीहा बानो ने कहा कि हमारे परिवेश में पशु-पक्षी व हरियाली सकारात्मक ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्त्रोत है और यह एंटीडिप्रेसेंट भी है। प्रिंसिपल महोदय ने कहा कि संजय कुमार जी के समक्ष आज हम लोग यह वादा करते हैं कि पर्यावरण व पशु-पक्षी संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास मैं आवश्यक रूप से सहयोग करेंगे ।

## नामांकन के अंतिम दिन खूंटी संसदीय सीट से सात उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

स्वदेश संवाददाता



**खूंटी :** अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन गुरुवार को सात उम्मीदवारों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिन उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया, उनमें भागीदारी पार्टी के जयपाल मुंडा, निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध पूर्ति, एपीआई के सामुएल पूर्ति, झारखंड पार्टी के प्यारा मुंडू, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के थॉमस डांग, बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी तथा अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के सामड़ोम गुड़िया शामिल हैं। इनके अतिरिक्त पूर्व में नामांकन दाखिल करने वाले कांग्रेस के कालीचरण मुंडा, झारखंड पार्टी की अर्पणा हंस तथा निर्दलीय बसंत कुमार लोंगा ने भी आज अन्य सेटों में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इस प्रकार खूंटी सुरक्षित सीट से दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के अर्जुन मुंडा, कांग्रेस के कालीचरण मुंडा सहित कुल 16 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया है। विभिन्न उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए नाम निर्देशन पत्र की समीक्षा शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 से की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल अपराह्न तीन बजे तक है।

# राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 30 अप्रैल से, दिखेगा खिलाड़ियों का हुनर

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में 30 अप्रैल से देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग (एनडब्ल्यूएचएल) का आयोजन होगा। यह नौ मई तक खेला जाएगा। इसमें युवा महिला खिलाड़ियों के हाथों हॉकी स्टिक का जादू देखने को मिलेगा। हॉकी झारखंड के प्रमुख और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग हमारे महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने और घरेलू स्तर पर उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। लीग का चरण-1 रांची में 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक आयोजित होगा जो देश में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। अपनी तरह का यह पहला घरेलू लीग टूनामेंट होगा।



इसमें देश की शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं का रोमांचक प्रदर्शन दिखेगा। एनडब्ल्यूएचएल का लक्ष्य खेल को ऊपर उठाना और स्थापित तथा महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करना भी है। उद्घाटन चरण में हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि हॉकी लीग में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीम शामिल है। सभी टीमें एक-दूसरे से एक-एक मैच खेलेंगी। युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए लीग में अंडर-21 आयु वर्ग की खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के विकास और भविष्य की पीढ़ी के हॉकी सितारों पर मजबूत फोकस करना इसका लक्ष्य है। हॉकी इंडिया के महासचिव सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग न केवल महिला हॉकी के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए भी एक गेम चेंजर साबित होगी। यह टूनामेंट राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिभाओं की पहचान और पोषण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी उपयोगी साबित होगा। इस प्रतियोगिता के लिए टीमों का आगमन 28 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। पांच टीमों को मोरहाबादी स्थित होटल पार्क प्राइम और 3 टीमों को होटल ली लैक में ठहराया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर का किए जाने का प्रयास होगा। लाइव टेलीकास्ट भी होगा। निर्धारित दिनों में मैच सुबह 7 बजे, दोपहर बाद 4 बजे, 6 बजे और 8 बजे होंगे। 30 अप्रैल के बाद एक मई को मैच होंगे। इसके अलावा 4, 5, 7, 8 और 10 मई को मैच होंगे। 2, 5, 8 मई को रेस्ट डे रहेगा। दर्शकों के लिए इंट्री फ्री होगी।

# मतदान दिवस के लिए वाहन प्रबंधन रखें सही नागरिकों को न हो कोई असुविधा: के. रवि कुमार

स्वदेश संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने परिवहन विभाग से कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान वाहन प्रबंधन इस ढंग से करें कि मतदान दिवस के दिन माहौल कर्फ्यू जैसा न रहे। आम नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसका हर संभव ध्यान रखें। आम नागरिक सहित चुनाव कार्य से जुड़े मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों को चुनाव ड्यूटी के दौरान आवागमन में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए असेसमेंट कर 26 अप्रैल तक वाहन प्रबंधन से संबंधित रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी संग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाहन प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने के लिए भी पुख्ता इंतजाम रखें, ताकि मतदान केन्द्र पर खुद चलकर आने में अक्षम मतदाताओं को सुविधा हो और वे उत्साहपूर्ण तरीके से मतदान केन्द्र तक पहुंचे और मतदान करें। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए स्थानीय स्तर पर छोटे वाहनों की उपलब्धता हेतु प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने वाहनों की एडवांस तैयारी करने और आवश्यकता के अनुरूप संबंधित नजदीकी जिलों से संपर्क स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी ए.वी होमकर ने कहा कि पुलिस जवानों को पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की पूर्व तैयारी कर लें, ताकि पुलिस जवानों को कोई परेशानी न हो और वे ससमय संबंधित गंतव्य पर पहुंच सकें। बैठक में निर्वाचन सदन से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, परिवहन सह कल्याण सचिव कृपानंद झा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, आईजी धनंजय कुमार सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के राज्यस्तरीय पदाधिकारी देवदास दत्ता एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े थे।



## मतदान के लिए प्रवासी मजदूरों से संपर्क साधेगा चुनाव आयोग

रांची : चुनाव आयोग झारखंड के प्रवासी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेगा। इसे लेकर गुरुवार को चुनाव आयोग कार्यालय में श्रम विभाग के साथ बैठक कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रवासी मजदूरों का डेटा आयोग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्रम विभाग की ओर से बैठक में बताया गया कि उनके पास 1 लाख 70 हजार प्रवासी मजदूरों का डेटा है। उनके मोबाइल नंबर भी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को उनके मोबाइल नंबर पर बल्क मैसेज भेजकर उनसे चुनाव महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। दूसरी ओर बैठक में शामिल गृह विभाग के अधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे विभिन्न सिक्युरिटी एजेंसियों से संपर्क कर उसमें कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास 416 सिक्युरिटी एजेंसियों का डेटा है। वे इन एजेंसियों को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजकर आयोग की मंशा से अवगत कराते हुए उनके यहां कार्यरत प्रवासी कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सिक्युरिटी एजेंसियों को आरपी एक्ट के तहत कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देते हुए मतदान में शामिल कराने के लिए प्रेरित करें।


## NEWS IN Gallery

### झारखंड में 4 लोस सीट पर नॉमिनेशन के अंतिम दिन 25 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



रांची : लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में नॉमिनेशन अंतिम दिन 25 अप्रैल था। झारखंड में चार सीटों पर चौथे चरण में मतदान होना है। नॉमिनेशन के आखिरी दिन 65 नॉमिनेशन फॉर्म दाखिल किए गए, जिसमें 25 नए प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। झारखंड में चार लोकसभा सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा, पलामू के लिए 144 नॉमिनेशन फॉर्म 65 प्रत्याशियों ने दाखिल किए, जिसमें सिंहभूम से 21, लोहरदगा से 17, खूंटी से 16 और पलामू से 11 प्रत्याशी मैदान में उतरे है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड नेहा अरोड़ा ने कहा की स्क्रूटनी के बाद ही प्रत्याशियों की संख्या स्पष्ट होगी। वहीं नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। गुरुवार को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के 8, खूंटी में 7,लोहरदगा में 7 ,पलामू में तीन नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

### एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम सहित दो आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी



रांची : सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को दस साल पुराने एचईसी में हुए टेंडर घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम (सिविल एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन) अनिल कुमार सिंह और कोलकाता की कंपनी मेसर्स कंसल्टिंग डिजाइन इंजीनियरिंग सेंट्रल प्रा. लिमिटेड के संचालक पार्थ चक्रवर्ती को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह मामला 20 जून 2012 में हुए टेंडर घोटाले को लेकर सीबीआई ने नवंबर 2014 में अनिल कुमार सिंह, सीनियर डीजीएम प्रोजेक्ट डिवीजन बंधु तिग्गा और कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सुनवाई के दौरान बंधु तिग्गा की मौत हो गई थी। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार कंठ ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा।

### तस्कर गिरफ्तार, 3.02 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

रांची : रांची की सदर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम अभिषेक जायसवाल है। इसके पास से 3.02 ग्राम ब्राउन शुगर और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन और सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठन किया गया। टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर बांधगाड़ी स्थित मंदिर के पीछे मिलन चौक से एक व्यक्ति को पकड़ा।

# मतदाता सूची में नाम आज तक होगा दर्ज

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए एक दिन 26 अप्रैल तक का समय दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल को सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए एक दिन का समय है। गुरुवार सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें -118 नये मतदाता फॉर्म लेकर गए । शुक्रवार को भी सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने भी कैंप लगेगा। जो लोग अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ पाए हैं। वे आयु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रंगीन पासपोर्ट की फोटो के साथ कल एक फॉर्म भर सकते हैं।



# राजमहल लोकसभा सीट से माकपा ने गोपीन सोरेन को बनाया उम्मीदवार

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि पार्टी राजमहल लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार उतारेगी। गोपीन सोरेन माकपा के उम्मीदवार होंगे और वह नौ मई को नामांकन करेंगे। उन्होंने गुरुवार को कहा कि राज्य कमिटी ने झारखंड में केवल एक लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार देने का निर्णय किया है। पार्टी की अखिल भारतीय चुनावी कार्यनीति जिसमें भाजपा और उसके सहयोगियों को पराजित कर केंद्र में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार का गठन सुनिश्चित किए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके मद्देनजर राज्य की राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए माकपा ने केवल एक सीट पर ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। राजमहल लोकसभा सीट पर पार्टी के चुनाव अभियान की तैयारी बहुत पहले से ही चल रही है। पार्टी का इस इलाके में अपना जनाधार भी है और पिछले दो वर्षों से यहां के ज्वलंत जनमुद्दों पर पार्टी की ओर से लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है।

# स्वीप के तहत मतदान जागरुकता कार्यशाला का आयोजन



स्वदेश संवाददाता

**रांची :** रांची के संत जेवियर्स कॉलेज में स्वीप के तहत गुरुवार को मतदान जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया । उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में युवाओं के साथ सभी स्टेक होल्डर्स की भागीदारी से मतदान प्रतिशत बेहतर हो सकता है, इलेक्शन मशीनरी के जरिये लगातार इस संबंध में प्रयास किये जा रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि रांची जिला में मतदान से पहले घर-घर तक वोटर स्लिप पहुंचाया जायेगा, वोटर लिस्ट में नाम होने पर मतदाता इपिक के अलावा अन्य 12 में से कोई भी दस्तावेज दिखाकर वोट कर सकते हैं। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों को चुनाव से संबंधित विभिन्न ऐप्स एवं उनके उपयोग के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश होता है, लोगों को इस बारे में बताये और परिवार के साथ बूथ तक पहुंचकर वोट करें। अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के योग्य नागरिक अब 26 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। कॉलेज के छात्रों ने कार्यशाला के दौरान इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब को प्रमोट करने के बारे अपने सुझाव दिये। छात्रों से चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सवाल भी पूछे गये और सही जवाब देनेवालों छात्रों को उपहार भी दिया गया।

# जिलों में टास्क फोर्स को मजबूत कर भू-माफियाओं और महिलाओं के साथ हिंसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें राज्य सरकार : हाई कोर्ट

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्ति जज (स्वर्गीय) एमवाई इकबाल के रांची स्थित जमीन की बाउंड्री वॉल तोड़ कर जमीन पर कब्जे की कोशिश मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि राज्य के जिलों में टास्क फोर्स को मजबूत बना कर भू माफियाओं, फिरौती की मांग करनेवालों और महिला हिंसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई में राज्य सरकार को टास्क फोर्स द्वारा जिलों में की गई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई सात मई को होगी। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से भू माफियाओं, महिलाओं के खिलाफ क्राइम करनेवालों एवं फिरौती मांगने वालों के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में शपथ पत्र दाखिल किया गया, जिस पर कोर्ट ने सरकार से पूछा कि जमीन माफियाओं, फिरौती मांगने वालों एवं महिलाओं के खिलाफ क्राइम करनेवाले अपराधियों जिन्हें अदालत से जमानत नहीं मिली है उनकी गिरफ्तारी के लिए क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने राज्य सरकार को झारखंड में हो रहे साइबर क्राइम पर भी अंकुश लगाने का भी निर्देश दिया। साथ ही यह भी पूछा कि अगर फिरौती को लेकर किसी के पास विदेश या देश के अन्य राज्यों से कोई फोन कॉल आता है तो उसे ट्रेस करने के लिए क्या तरीका इस्तेमाल किया जाता है। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद एवं अधिवक्ता सहबाज अख्तर ने पैरवी की।



# झामुमो ने उपायुक्त को लिखा पत्र, चुनाव सामग्री संबंधित टेंडर रद्द करने की मांग की

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** झामुमो रांची जिला समिति ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को पत्र लिखकर टेन्ट, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी से संबंधित टेंडर राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति को दिए जाने के कारण टेंडर रद्द करने की मांग की है। झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने गुरुवार को पत्र में लिखा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के जरिये प्रस्तुत किये जाने वाले नामांकन फॉर्म, चुनाव प्रचार, ईवीएम रेंडमाइजेशन, अन्य क्रिटिकल घटनाओं, सामग्री वितरण, वापसी एवं मतगणना आदि के लिए वेबकास्टिंग एवं सीसीटीवी कैमरे अति संवेदनशील होते हैं। ऐसे में राजनैतिक लाभ लेने के लिए कभी भी इसका दुरुपयोग हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में किसी भी राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति से संबंधित कार्य लिया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। अतः एमएस अजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को चुनाव संबंधी कार्य से तत्काल प्रभाव से दूर रखा जाये एवं उनको निर्गत टेन्ट, वीडियोग्राफी का मिला टेंडर निरस्त किया जाये। मुस्ताक आलम ने पत्र में कहा है कि एमएस अजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कुणाल आजमानी, भाजपा से जुड़े हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, निविदादाता का किसी राजनैतिक दल और अभ्यर्थियों से कोई संबंध नहीं होना चाहिए। यदि इसका उल्लंघन होते पाया गया तो निविदा निरस्त कर दी जायेगी। उन्होंने पत्र के माध्यम से आजवानी के सोशल मीडिया पर डाली गई तस्वीर को भी उपायुक्त को प्रमाण के तौर पर सौंपा है।

**कार्यशाला** | कृषि पाठ्यक्रम आधारित दो दिवसीय कार्यशाला में बोले स्वामी श्री सशाकानंद जी

# जनक राजा होकर भी खेत में हल चलाते थे, फिर वर्तमान पीढ़ी कृषि से दूर क्यों

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में दो दिवसीय कृषि पाठ्यक्रम आधारित कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। इस कार्यशाला में 30 स्कूलों के शिक्षक और ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य शामिल हुए। कार्यशाला में राज्य के छह बुनियादी विद्यालयों और 24 नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय के बच्चों को इंटीग्रेटेड फार्मिंग और नवीन कृषि तकनीकों की शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों एवं ग्राम विकास समिति के सदस्यों को बताया गया कि भारत की भावी पीढ़ी कृषि क्षेत्र को कैसे एक करियर विकल्प के तौर पर चुने और उस दिशा में स्वयं को कैसे विकसित करे ? कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे रामकृष्ण मिशन के स्वामी श्री सशाकानंद जी ने कहा कि भारत पूर्व में गुरुकुलों का देश रहा है, यहां गुरुकुलों में राजकुमारों को कृषि की शिक्षा दी जाती थी। यहीं कारण था कि हमारे देश की मिट्टी सोना उगलती थी। मगर कालान्तर में गुरुकुल की जगह अंग्रेजी मीडियम स्कूलों ने ले ली, जिस अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से हम केवल नौकर बन सकते है। भारत में जमीन की कोई कमी नहीं है, हमारे देश का वातावरण कृषि के लिए उत्तम है, मगर वर्तमान पीढ़ी कृषि से दूर हो गयी है। कृषि को हीन भावना से देखने लगी है। इसका प्रभाव देश में कुपोषण और अन्न भंडार में कमी के रूप में दिख रहा है। स्वामी सशाकानंद जी ने कहा कि मिथिला नरेश श्री जनक महाराज राजा होकर भी हल चलाते थे, उन्होंने एक राजा होकर भी खेती की, मगर आज कि पीढ़ी खेती से दूर भागती है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे भी आज खेतों में नहीं जाना चाहते हैं, उन्हें खेती से जुड़ी कोई जानकारी नहीं है। खेती से जुड़े आधुनिक तकनीकों और पोषण युक्त खेती, पौष्टिक आहार, आयुर्वेद के प्रति आज की वर्तमान पीढ़ी को जानकारी होनी चाहिए।



**शिक्षक का मूल कर्तव्य है संस्कार देना:** कार्यशाला को संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी स्वप्निल कुजूर ने कहा कि शिक्षकों का कर्तव्य सिर्फ पढ़ाना नहीं, उन्हें संस्कार देना भी होता है। कृषि आधारित शिक्षा से बच्चों को ना केवल पोषक आहार की खेती से जुड़ी शिक्षा मिलेगी बल्कि उन्हें औषधीय खेती का ज्ञान भी मिलेगा। बच्चे जब जानेंगे कि कौन सा भोजन उन्हें फिट रख सकता है, उन्हें बीमारियों से बचा सकता है, तो वे ऐसे फसलों या पौधों की खुद भी खेती करेंगे और अन्य लोगो को भी पौष्टिक भोजन, प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के पोषक गुणों के बारे में समझा सकेंगे। जिससे स्वच्छ और स्वस्थ खानपान के वातावरण को प्रोत्साहित किया जा सके। स्वप्निल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सदैव समाज का कल्याण होना चाहिए।

**बच्चों को मान्यता प्राप्त संस्थानों से मिलेगा इंटर्नशिप करने का मौका:** स्वप्निल कुजूर ने कहा कि कृषि पाठ्यक्रम में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों को समय समय पर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च से मान्यता प्राप्त संस्थानों से इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा, जहां वे खेती की बारीकियों से रूबरू होंगे। विशेषज्ञों के परामर्श से बच्चे उत्कृष्ट खेती के प्रति अपनी समझ को और विकसित कर सकेंगे। बच्चों को कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों एवं शिक्षकों का लगातार मार्गदर्शन मिलेगा।

# बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन अलर्ट रोकथाम के लिए चला विशेष अभियान

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों (मुर्गा) के जांच किये गये नमूनों में ल्5ठ1 एवियन इन्फ्लुएंजा की पृष्टि हो गयी है। इसके बाद होटवार सहित प्रभावित क्षेत्र के 01 किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य गुरुवार से कर दिया गया। रांची जिला प्रशासन द्वारा द्वारा बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा संक्रमित क्षेत्र के 01 किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाने लगा है। संक्रमित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में टीम द्वारा चिकन, ऐग शॉप एवं आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है एवं बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। आईसीएआर-एनआईएचएसएडी भोपाल में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच के क्रम में ल्5ठ1 एवियन इन्फ्लुएंजा की पृष्टि हुई है। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने एहतियात के तौर पर क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची (संक्रमित क्षेत्र) से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा या मृत कुक्कुटों, कुक्कुट उत्पाद एवं अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।



NEWS IN Gallery

### प्रेम-प्रसंग में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लोहरदगा** : बगडू थाना क्षेत्र के बड़चोरगाई में बुधवार की रात बड़चोरगाई निवासी कालीचन्द उरांव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार युवक का गांव के विवाहिता महिला (35) से बीते एक वर्ष से अधिक समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला युवक पर शादी को लेकर लगातार दवाब बना रही थी। इसी दबाव में युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस गुरुवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई।

### शादी समारोह में मायके जा रही वृद्धा सड़क हादसे का हुई शिकार

**पलामू** : पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच 98 दुबटिया मोड़ पर गुरूवार की अहले सुबह एक 65 वर्षीया वृद्धा हादसे का शिकार हो गयी। महिला सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। पति के सामने ही महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। महिला की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना क्षेत्र के तेतराई गांव निवासी रामकली देवी पति शिव प्रसाद ठाकुर के रूप में हुई है। रामकली अपने पति के साथ बिहार से दुबटिया मोड़ पर किसी वाहन से उतरी थी और फिर अपने मायके बभंडी जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और फिर मौके से फरार हो गया। घटना सुबह 5 बजे हुई। घटना के वक्त महिला के पति भी मौके पर थे। बावजूद अपनी पत्नी को बचा नहीं सके। दरअसल, वाहन से उतरने के बाद शिव प्रसाद लघुशंका (पेशाब) कर रहे थे। इसी बीच महिला सड़क पार करने लगी और हादसे का शिकार हो गयी। रामकली और शिवप्रसाद बभंडी गांव में अवध ठाकुर के घर जाने के लिए पहुंचे थे। रामकली का बभंडी में मायके है और यहां किसी रिश्तेदार की शादी थी। घटना की सूचना मिलने पर बभंडी गांव के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस भी सूचना के बाद मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया।

# चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस कर रही तुष्टिकरण की राजनीति : अविनेश सिंह

स्वदेश संवाददाता




**रामगढ़** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह गुरुवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस पर चुनाव जीतने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह राजनीति नई नहीं है। 60 के दशक से भाजपा इसका विरोध करते आ रही है। भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवास पर पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर जो घोषणा पत्र जारी किया गया है वह न ही राष्ट्रहित में है, न समाजहित में और ना ही लोकहित में है। कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण को हमेशा वोट बैंक के रूप में प्रयोग करने का प्रयास किया है। इस बार के चुनाव में भी वह ऐसा ही करने का प्रयास कर रही है।इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी के लिए देशहित और समाजहित सबसे महत्वपूर्ण रहा है। जब 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो उस समय देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें नंबर पर थी, जो आज 5वें नंबर पर है। भाजपा का यह हमेशा प्रयास रहा है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बने।

#### भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को मिलता है बराबर का हक

**उन्होंने** कहा कि भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को बराबर का प्रतिनिधित्व मिलता है, जबकि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। भाजपा किसी एक परिवार या जाति की पार्टी नहीं है और भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति के उदय को लेकर नीति बनाती है। भाजपा में किसान, नौजवान, रिक्शा चालक सभी को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाता है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा कुछ ऐसे विषय लाए गए हैं जो चिंताजनक हैं, लेकिन जनता कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को समझती है इसलिए लोग उनके झांसे में नही आएंगे।

# भाजपा चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह आज करेंगे नामांकन

स्वदेश संवाददाता



**चतरा** : लोकसभा चतरा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह जी का नामांकन पर्चा दाखिल आज 26 अप्रैल को करेंगे।इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, पांकी शशिभूषण मेहता,पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, प्रकाश राम, हरिकृष्ण सिंह, समेत प्रदेश के नेता शामिल शिरकत करेंगे। सभी कार्यकर्ता का महाजुटान बाबा घाट मैदान में 11 बजे होगा जनसभा के बाद रैली की शक्ल में नामांकन दाखिल करने समरहनालय जायेंगे। बाबा घाट में हेलीपैड बनवाया गया है।भाजपा द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई हैं । भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने चतरा लोकसभा के मतदाता कार्यकर्ता व समर्थकों से नामांकन में आने का अनुरोध किया है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में चतरा के बाबा घाट मैदान में आयोजित जनसभा में भाग लेकर आशीर्वाद प्रदान करने की बात कही है चतरा मंडल में निवास करने वाले सभी वरिष्ठ गार्जियन सभी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सभी प्रखंड पदाधिकारी प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी संयोजक सह संयोजक बूथ अध्यक्ष बूथ पदाधिकारी एवं सभी भारतीय जनता पार्टी के सिपाही कार्यकर्ता गण आप सभी सादर आमंत्रित है ।

# दो टेम्पो आपस में टकराये, महिला की मौत

**पलामू** : डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन से आगे हनुमान मंदिर के सामने मुख्य सड़क पर दो टेम्पो आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना दोपहर करीब ढाई बजे की है। एमआरएमसीएच में भर्ती एक घायल ने बताया कि सारे लोग 23 अप्रैल को शादी समारोह में लठैया के लरमी में बहनोई सत्येन्द्र सिंह के घर गए थे। भांजे की शादी थी। वहां से आज सुबह लौट रहे थे। रास्ते में यह दुर्घटना हो गई। मृत महिला की पहचान राजधानी देवी (32) पति अर्जुन सिंह के रूप में हुई है। घायलों में सविता देवी (30) पति उमेश सिंह, कविता देवी (40) पति अनिल सिंह, अर्जुन सिंह (35) पिता सुरेश सिंह, ममता कुमारी (15) पिता मनोज सिंह, कमल देवी (40) पति मनोज सिंह, शकुंती देवी (25) पति अनिल सिंह, सुजीत कुमार (12) पिता अर्जुन सिंह, मनीषा कुमार (5) पिता संतोष सिंह, लक्ष्मी कुमारी (5) पिता मनोज शामिल हैं। सभी घायल पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के छापर गांव निवासी बताए गए हैं।

# सिमडेगा के कदमटोली में मां दुर्गा की अष्टधातु की मूर्ति चोरी



स्वदेश संवाददाता

**सिमडेगा** : कुरडेग बथाना क्षेत्र के कदमटोली स्थित मां दुर्गा मंदिर से अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा की चोरी की गई है। इस घटना से लोगों में आक्रोश है। चोरी बीते रात को गई है। गुरुवार सुबह पूजा के लिए गांव के लोग जब मंदिर पहुंचे तो अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा गायब मिली। इसके बाद पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। जिस कारण मंदिर से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द चोरी हुई मां दुर्गा की प्रतिमा को बरामद कर मंदिर में स्थापित किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में माहौल बिगाड़ने की नीयत से बार-बार कदम टोली के दुर्गा मंदिर को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन इसे गंभीरता से ले। फिलहाल पुलिस ने चोर की तलाश में जुटी है। पुलिस डॉग स्क्वायड का सहारा भी ले रही है। फोरेंसिक जांच टीम ने भी मंदिर पहुंचकर जांच की है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 2018 में भी कदमटोली स्थित दुर्गा मंदिर से अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा की चोरी हुई थी। पुलिस ने 15 दिनों के बाद चोरी हुई प्रतिमा को बरामद किया गया था।

# श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी** : कोनी पंचायत के राजा दरभंगा में आयोजित श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के दौरान यज्ञ परिक्रमा के लिए भारी भीड़ दिन रात उमड़ रही है । यज्ञ परिक्रमा को लेकर महिला पुरुष नौजवान बच्चे काफी उत्साहित है । इधर इस आयोजन को लेकर वृंदावन उतर प्रदेश विख्यात कथावाचिका पूज्य मिथलेश्वरी शास्त्री व रविकृष्ण जी महाराज ज्ञान की गंगा की गंगा बहा रहे है । इधर महायज्ञ में पहुँचे अतिथियों में मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजय भारती व अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया जा रहा है । इस मौके पर कथावाचिका पूज्य मिथलेश्वरी शास्त्री ने रुद्र महायज्ञ के परिक्रमा के महत्व के बताते हुए कहा कि रूद्र यज्ञ में परिक्रमा करने से स्वास्थ लाभ होता है। उन्होंने बताया की परिक्रमा से रोग बीमारी दूर हो जाती है। जन्मों के पाप कट जाते है। यज्ञ कुंड से हवन का धुआं स्वास प्रणाली से होकर शरीर के अंदर प्रवेश कर बीमारी पैदा करने वाले कीटाणुओं का नाश करते है। वहीं आत्मा शुद्ध होती है। यज्ञ एक विशिष्ट वैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मनुष्य अपने जीवन को सफल बना सकता है। यज्ञ के जरिये आध्यात्मिक संपदा की भी प्राप्ति होती है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने यज्ञ करने वालों को परमगति की प्राप्ति की बात की है। यज्ञ एक अत्यंत ही प्राचीन पद्धति है, जिसे देश के सिद्ध-साधक संतों और ऋषि-मुनियों ने समय-समय पर लोक कल्याण के लिए करवाया। यज्ञ में मुख्यतः अग्निदेव की पूजा की जाती है। भगवान अग्नि प्रमुख देव हैं। हमारे द्वारा दी जाने वाली आहुति को अग्निदेव अन्य देवताओं के पास ले जाते हैं। फिर वे ही देव प्रसन्न होकर उन छवियों के बदले कई गुना सुख, समृद्धि और अन्न-धन देते हैं। इधर महायज्ञ के दौरान यज्ञ परिक्रमा करने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है ।

# देवघर पुलिस ने कुख्यात बदमाश को किया गिरफ्तार



स्वदेश संवाददाता

**देवघर** : देवघर पुलिस ने गुरुवार को कुख्यात बदमाश ढिल्लन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ बिहार-झारखंड के अलग-अलग थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार बदमाश ढिल्लन सिंह उर्फ वृजनंदन सिंह उर्फ वृजनंदन शर्मा देवघर टाउन थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी का रहने वाला है। मूल रूप से बिहार के लखीसराय जिला के पिपरिया थाना क्षेत्र स्थित वलीपुर का निवासी है। बदमाश ढिल्लन को देवघर पुलिस ने झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत छह महीने के लिए जिला बदर किया था। इसके बाद आरोपित फरवरी के अंतिम सप्ताह में देवघर शहर के बंपास टाउन इलाके में स्थित एक विवाह भवन में आयोजित शादी समारोह में पहुंचा था। पुलिस गुप्त सूचना पर छापेमारी के लिए पहुंची थी। हालांकि आरोपित पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। मामले को लेकर अपराध नियंत्रण अधिनियम-2002 की धारा-3 (1) का उल्लंघन करने के आरोप में देवघर नगर थाना प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित देवघर में ही छुपकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जमीन की अवैध खरीद-बिक्री के अलावा ढिल्लन सिंह पर कई अन्य संगीन मामले भी दर्ज हैं।

# रामगढ़ में 132 बोतल अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

स्वदेश संवाददाता



**रामगढ़** : रामगढ़ पुलिस लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पतरातु थाना क्षेत्र के कुरबीज गांव में छापेमारी कर 132 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को पकड़ा गया है। इस बात की जानकारी गुरुवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात पुलिस को यह सूचना मिली थी की कुरबीज मंडाटांड़ में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। एक घर में भारी मात्रा में शराब का भंडारण किया गया है। पुलिस ने वहां घूरन गोप को पकड़ा उसके पास से 650 एमएल किंगफिशर बियर की 60 बोतल, 375 एमएल रॉयल स्टैग व्हिस्की की 24 बोतल और 180 एमएल स्टर्लिंग व्हिस्की की 48 बोतल बरामद किया गया है। इस छापेमारी में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पलामू लोस : अंतिम दिन तीन नामांकन हुए दाखिल, कुल 11 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

स्वदेश संवाददाता



**पलामू** : पलामू (एससी) लोकसभा सीट पर 13 मई को वोटिंग होनी है। इसके लिए उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। नामांकन के अंतिम दिन गुरुवार को तीन नामांकन हुए। बहुजन मुक्ति पार्टी के रामवचन राम, निर्दलीय गणेश रवि एवं राष्ट्रीय समानता दल के ब्रजेश कुमार तूरी ने नामांकन दाखिल किया है। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में तीनों उम्मीदवारों ने निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। इससे पहले तीनों उम्मीदवारों ने शहर के अलग-अलग इलाकों से रैली निकालकर समाहरणालय पहुंचे। इस तरह नामांकन प्रक्रिया की समाप्ति तक कुल 11 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। इनमें से गणेश रवि ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है। उल्लेखनीय है कि 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 29 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

# नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

स्वदेश संवाददाता

**पलामू** : जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनडीह गांव के नजदीक सुखनदिया (मंदेया) नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों महुआ चुनने के लिए गयी थीं। नदी में नहाने के दौरान दोनों डूब गईं। लड़कियों की पहचान अर्जुनडीह निवासी राशीद अंसारी की पुत्री 10 वर्षीय आपदा खातून एवं 8 वर्षीय आजरा खातून के रूप में हुई है। दोनों के शव नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे दोनों बहनें गांव के पास में महुआ चुनने गई थीं। आपदा एवं आजरा के साथ गांव की तीन बच्ची भी साथ में महुआ चुनने गयी थीं। इसी क्रम में पांचों बच्चियां सुखनदिया (मंदेया) नदी में उतरकर नहाने चली गईं। आपदा नहाते के दौरान आगे बढ़ गई और बीच में बने 10 फीट गहरे गड्ढे में समा गयी। उसके पीछे उसकी छोटी बहन आजरा भी चली गई। जब दोनों नदी से बाहर नहीं निकलीं तो अन्य तीनों बच्चियों ने गांव में जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। गांव के लोग बच्चियों के साथ नदी के पास में गए और नदी में खोजने के लिए उतरे। काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चियों के शव बाहर निकाले गए। गांव के लोगों में इस घटना से काफी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि बालू माफिया द्वारा जेसीबी से बालू निकाला जाता है और जगह-जगह पर दस-दस फीट के गड्ढे बना दिए हैं। इन गड्ढों में पानी जमा हुआ था। बालू माफिया की वजह से दोनों बच्चियों की जान चली गई है। कउवल पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुल जलील ने कहा कि सुखनदिया में बालू उठाव के दौरान अगर गड्ढा नहीं बना होता तो दोनों मासूम बच्चों की जान नहीं जाती। उन्होंने छत्तरपुर के पदाधिकारियों से मांग की कि इस घटना पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए, ताकि दोबारा ऐसी घटना ना हो।

निंदनीय | कोर्ट में बहस के दौरान एसडीओ पर अधिवक्ता को अपशब्द कहने का आरोप

# अधिवक्ताओं ने एसडीओ कोर्ट का किया बहिष्कार, कहा- माफी मांगें एसडीओ



**रामगढ़** : रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार और अधिवक्ता संघ के बीच जंग छिड़ गई है। अधिवक्ता संघ ने एसडीओ पर अपशब्द कहने का आरोप लगाया है। साथ ही उनके कोर्ट का भी बहिष्कार कर दिया है। गुरुवार को जिला अधिवक्ता संघ की आपात बैठक हुई। इस बैठक में संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में मुकदमों में सुनवाई के समय बहस के दौरान वरीय अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा को एसडीओ ने अपशब्द कहा, जिससे उनकी गरिमा को ठेस पहुंची।

**अधिवक्ता संघ ने की घटना की निंदा**

यह वाकया बुधवार को हुआ था और अधिवक्ताओं ने तत्काल ही न्यायिक कार्य नहीं करने का फैसला ले लिया। संघ के अध्यक्ष ने यह बताया कि मुकदमे में बहस के दौरान न्यायालय में उपस्थिति लगभग 25-30 अधिवक्ताओं के समक्ष आशीष गंगवार अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा संघ के वरीय अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा को इंगित करते हुए अपशब्दों का उपयोग कर अपमानित किया हैं। जिससे संघ के सभी अधिवक्ता बहुत आहत है। इसके पूर्व भी जब से आशीष गंगवार अनुमंडल दंडाधिकारी के रूप में न्यायालय का कार्य कर रहे हैं, तब से रोजाना किसी ने किसी अधिवक्ता के साथ अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अधिवक्तागण यह सोचकर कभी विरोध नहीं किया कि धीरे-धीरे सब कुछ ठीक हो जाएगा। लेकिन कल जिस तरह से वरीय अधिवक्ता के साथ अनुमंडल दंडाधिकारी ने अपशब्द का उपयोग कर अपमानित किया है वह बहुत ही अशोभनीय, अमर्यादित है। संघ इस घटना की निंदा करता है। इस पर आम सभा की बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं के बीच विचार विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जब तक आशीष गंगवार अनुमंडल दंडाधिकारी के द्वारा अधिवक्ताओं के साथ किए गए व्यवहार के लिए लिखित रूप से माफी नहीं मांगी जाएगी तब तक जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ का कोई भी अधिवक्ता उनके न्यायालय में न्यायिक कार्य में भाग नहीं लेगा। आम सभा को संघ के महासचिव सीताराम, वरीय अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार ने भी संबोधित किया। इस संबंध में यह भी निर्णय लिया गया कि इस घटना की जानकारी उपायुक्त, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, राज्य के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, केंद्र सरकार के गृहमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, स्टेट बार काउंसिल, बार काउंसिल आफ इंडिया, सभी को दी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से संघ के उपाध्यक्ष ऋषि महतो, बंशीधर गोप, चंद्रिका सिंह, संजीव अम्बाथा, अनुज सिंह, दीपक रंजन, प्रवीण कुमार एवं अन्य अधिवक्ता की उपस्थित थे।

### 490 ग्राम अफीम के साथ यूपी का तस्कर समेत दो गिरफ्तार

**पलामू** : नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री और तस्करी रोकने को लेकर की जा रही कार्रवाई में मेदिनीनगर सदर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई कर रजवाड़ीह बाइपास रोड से दो लोगों को 490 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से 27570 नगद, क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड, मोबाइल फोन आदि बरामद किए गए हैं। एक की पहचान उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के मिजार्पुर थाना क्षेत्र के चितरउ गांव के रहने वाले अनिल राजपूत (उम्र 23 वर्ष) पिता जयराखन राजपूत एवं पांकी थाना क्षेत्र के बरवैया ग्राम के संजय कुमार (32) पिता भरोसा यादव के रूप में हुई है। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने जानकारी दी की गुप्त सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उतरप्रदेश का युवक अफीम लेने के लिए यहां आया था, जबकि पांकी का युवक उसे अफीम देकर टेज्न या बस पकड़वाने के लिए उसके साथ मौजूद था।

बिरहोर टोला में संध्या चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

# मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों से उपायुक्त ने की मुलाकात

स्वदेश संवाददाता



**चतरा** : चतरा सदर प्रखण्ड के डाढ़ा पंचायत ग्राम सेहदा बिरहोर टोला में स्वीप कार्यक्रम के तहत संध्या चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने शामिल होकर बिरहोर मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाया। साथ ही उनके मत के अधिकार की विस्तृत जानकारी उनके बीच साझा किया। उन्होने कहा इस बार दिन भर मतदान 20 मई 2024 को सुबह 07:00 बजे से साम 05:00 बजे तक आप निर्भय, भयमुक्त होकर अपना मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबुत बनाएं। उन्होने वृद्ध मतदाताओं के साथ सेल्फी खिचाया। वहीं बिरहोर परिवार के 06 बच्चे जिन्होने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की है, प्रितम बिरहोर, ललन बिरहोर, प्रेमी कुमारी, रीना कुमारी, आकाश कुमार, सुभाष बिरहोर से भी मिल उनका उत्साहवर्धन किया और उनके लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होने कहा अगर आपके पठन-पाठन में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो अविलम्ब मिले आपके पठन-पाठन के लिए हर संभव मदद किया जाएगा। आगे उन्होने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के बीच पठन-पाठन कीट का भी वितरण किया। साथ ही मौके पर उपस्थित बिरहोर परिवारो के समस्याओं से रूबरू हुए।

NEWS IN Gallery

## दुकान में आग लगाने वाले को पांच साल की सजा

**दुमका :** सामान उधार नहीं देने पर दुकान में आग लगाने के एक आरोपित को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही दो हजार का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने पर उसे तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद की अदालत ने मामले के आरोपित दुधानी के राजेश राउत को गुरुवार को दोषी करार दिया। इस केस में नौ लोगों की गवाही के बाद उसे सजा सुनाई गई। रसिकपुर निवासी राजेश पंडित के भाई प्रकाश पंडित की किराना और जीराक्स की दुकान है। पिछले साल सात जून को राजेश राउत उधार में सामान लेने के लिए आया था। मना करने पर प्रकाश के साथ मारपीट कर पैसा छीन लिया। पीड़ित ने इसकी सूचना नगर थाना की पुलिस को दी। इसके बाद आरोपित ने रात को अन्य लोगों के साथ मिलकर जीराक्स की दुकान में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। आग से करीब दस लाख का इलेक्ट्रानिक सामान जलकर रख हो गया। अदालत ने गवाहों के बयान और साक्ष्य के आधार पर आरोपित राजेश को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## शादी के छह दिन बाद युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

**पलामू :** दुल्हन के हाथों की मेहंदी का रंग जाने से पहले ही उसकी मांग का सिंदूर उजड़ गया। यह मामला पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई बाजार से सामने आया है। यहां सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। युवक की शादी 18 अप्रैल को हुई थी। वह अपनी साली की शादी में शामिल होने के लिए तेतराई गया था। जानकारी के अनुसार बुधवार को वह बाइक से तेतराई बाजार जा रहा था कि अचानक एक कुत्ता सामने आ गया, जिस कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## राजनीतिक दलों की उपस्थिति में खुला ईवीएम वेयरहाउस



**धनबाद :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के नेतृत्व में तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गुरुवार कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार बुधवार को राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था। जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी। इसी कड़ी में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की छंटनी के लिए ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया।

# 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' को उत्सव की तरह मनाने की अपील

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** स्वीप कोषांग अंतर्गत सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, नगर निगम क्षेत्र चास, नगर परिषद फुसरो, कौशल विकास केंद्र, सीएस कार्यालय सभागार आदि में हुआ कार्यक्रम का आयोजन। बोकारो जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा नियमित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन कोई मतदाता छूटे नहीं... को लक्ष्य बनाकर काम रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के सभी खनन पट्टा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम सेंट्रल कोल्डफिल्ड लिमिटेड (सीसीएल) ढ़ोरी माइंस क्षेत्र में आयोजित किया गया। जिसमें स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार, अंचलाधिकारी बेरमो संजीत कुमार,कार्यपालक पदाधिकारी फुसरो गोपेश कुमार समेत सीसीएल के अधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर तिथियां घोषित हो गई है। बोकारो जिले में मतदान आगामी 25 मई 2024 को निर्धारित है। चुनाव का पर्व, देश का गर्व है, उन्होंने चुनाव को उत्सव के तरह मनाने को कहा। लोकतंत्र की मजबूती को लेकर सभी अपने मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। अगर अभी भी किसी कारण से किसी का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है,तो वह अपने बीएलओ या ऑनलाइन माध्यम (वोटर हेल्पलाइन #VSP PORTAL(वोटर सर्विस पोर्टल) https://voters.eci.gov.in) से मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन करें। आवेदन करने की आखिरी तिथि 26 अप्रैल 2024 है। मौके पर जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह एवं स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार ने बताया कि मतदान करने के लिए मतदाता को फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना होता है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकता हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज को मान्य किया गया है। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, आधार कार्ड, सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है।

## वेदांता ईएसएल स्टील ने प्रतिष्ठित 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय ईएचएस सर्कल प्रतियोगिता में अवार्ड से किया सम्मानित

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी इंटीग्रेटेड स्टील उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति उत्कृष्टता, नवीन भावना और समर्पण पर अटूट ध्यान है। हाल ही में, ई एस एल स्टील लिमिटेड को प्रतिष्ठित 5वीं सी आई आई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जिसे देश भर के संगठनों से 7 श्रेणियों में 59 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं। यह वार्षिक प्रतियोगिता ₹सी आई आई नेशनल ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता₹ भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) द्वारा आयोजित की जाती है और पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित है। जिस प्रोजेक्ट के लिए ई एस एल स्टील लिमिटेड ने गोल्ड अवार्ड जीता वह था ₹अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाले सर्वश्रेष्ठ संगठन₹ के तहत ए आई - एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार। इस परियोजना के अलावा ई एस एल स्टील लिमिटेड ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में ₹डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोग के लिए भी खुद को नामांकित किया। ई एस एल टीम में के संदीप, अभिषेक पॉल और जवेरिया मजहर सहित सुरक्षा और डिजिटल कर्मी शामिल रहे और इसका नेतृत्व समीर दास ने किया। ये उत्कृष्ठ विजय है जो ई एस एल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण के कफोकस को प्रदर्शित करता है। ये विजय उन सुरक्षा जोखिमों को सक्रिय रूप से पहचानने और कम करने के लिए ए आई - सक्षम उन्नत कैमरा पहचान की शक्ति का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा दिया। सावधानीपूर्वक योजना, कठोर मूल्यांकन और अटूट समर्पण के माध्यम से यह परियोजना अपने प्रभाव और प्रभावशीलता के लिए सामने आई और अपने प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता। इस अवसर पर, ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी, रवीश शर्मा ने कहा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने से वेदांता ई एस एल पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले में विनिर्माण उद्योग में एक उल्लेखनीय नाम बन गया है। यह एक राष्ट्रीय मंच पर हमारी अनुकरणीय सुरक्षा और पर्यावरण प्रथाओं को प्रदर्शित करता है, हमारे संगठन के भीतर सुरक्षा और स्थिरता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देता है और नवाचार, सहयोग और समर्पण द्वारा चिह्नित है।

## युवक का संदेहास्पद स्थिति में झुलता शव मिला

**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर चार थाना क्षेत्र अंतर्गत सिटी सेंटर स्थित देव अस्पताल के 23 वर्षीय कर्मचारी रणवीर रजक ने बुधवार को अस्पताल के कमरे में खुद को बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की वजह से मृतक ने ये कदम उठाया है। क्योंकि घटना के काफी देर बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई और सीधे बिना परिजनों के सहमति के पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के गांव के कई लोग मौके पहुंचे फिर माहौल बदल गया। परिजन अस्पताल प्रबंधन पर आरोष प्रत्यारोप लगाते हुए हंगामा करने लगे । उनका मानना था कि रणवीर ने आत्महत्या अस्पताल प्रबंधन की वजह से कर लिया। आरोप लगाते हुए उन्होंने शव लेने से इंकार कर दिया। बुधवार देर रात तक मृतक के पिता निमाइ चंद्र रजक थाने में डटे थे। वैही गुरुवार आज सुबह से ही गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने सेक्टर चार थाना को तकरीबन चार से पांच घंटे तक थाना प्रभारी से वार्ता करते दिखे। ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों ने अस्पताल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते दिखे। जिसके बाद मौके पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी 30 को करेंगे नामांकन

स्वदेश संवाददाता



**पलामू :** चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के.एन त्रिपाठी का नामांकन 30 अप्रैल को होगा। इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के तरहसी प्रखंड मुख्यालय में के एन त्रिपाठी ने गुरुवार को बैठक की। संचालन पूर्व प्रमुख अमुक प्रियदर्शी ने किया। अध्यक्षता खुर्शीद आलम ने की। अमुक प्रियदर्शी ने कहा कि पार्टी हर एक स्तर पर मजबूत है और अब हमें गांव की ओर चलने की जरूरत है। प्रखंड के अध्यक्ष अब गांव की ओर जाकर लोगों को समझाएं और पार्टी के आने वाले एजेंडा के बारे में बताएं कि लोकल प्रत्याशी जो आप लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे। के.एन त्रिपाठी 1532 ई. के खतियानी हैं, जो चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। मौके पर चतरा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि गरीब बेरोजगार को रोजगार देने संबंधित एजेंडा तैयार किया गया है और पार्टी हर एक बूथ स्तर पर एक कमेटी का गठन करेगी, जो बेरोजगारों को चिन्हित कर बताएगी। आप लोगों का बहुत अरसे बाद यह संयोग बना है कि चतरा लोकसभा में इंडिया गठबंधन ने 1532 ई. के खतियानी उम्मीदवार को चुनाव में भेजा है। आप लोगों से मेरा यही आग्रह होगा कि आप सभी 30 अप्रैल को नामांकन में चतरा पहुंचने की कोशिश करें।

## जेईई में छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

### 99.92 प्रतिशत के साथ रक्षित बना टॉपर, रयान दूसरे व अवंतिका तीसरे स्थान पर

स्वदेश संवाददाता



**बोकारो :** इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के दूसरे व अंतिम सत्र का परिणाम भी गुरुवार को जारी कर दिया गया। इसमें भी विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम बरकरार रखा। 60 से अधिक विद्यार्थियों ने इसमें शानदार कामयाबी पाई। विद्यालय के छात्र रक्षित राज ने सर्वाधिक 99.92 पर्सेंटाइल अंक पाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जबकि, रेयान सिंह 99.91 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर रहे, तो अवंतिका गुप्ता ने 99.84 पसंर्टाइल के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। समाचार लिखे जाने तक कुल 15 विद्यार्थियों को 99 और 41 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक मिले। एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की ओर से जेईई मेन दो सत्रों में आयोजित किया गया था। परीक्षा का पहला सत्र 24 जनवरी से 01 फरवरी के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र 4 से 12 अप्रैल की अवधि में आयोजित किया गया था। बोकारो जिले में 3569 विद्यार्थी जेईई मेन 2 की परीक्षा में शामिल हुए थे। सफल हुए विद्यार्थियों ने आगामी 26 मई को होनेवाली जेईई एडवांस्ड की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस अच्छी सफलता पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जेईई एडवांस्ड में भी उनके बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई और इसके लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

## वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखायी अपनी प्रतिभा

स्वदेश संवाददाता




**रांची :** रातू के दलादली स्थित बिरसा शिशु मंदिर विद्यालय, सिमलिया में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में 5 वर्ष से 15 वर्ष तक की आयु के बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार की विज्ञान संबंधी उपयोग में आनेवाली वस्तुयें प्रदर्शित की गयी। बच्चों के अभिभावक भी इस तरह की प्रदर्शनी देख काफी प्रभावित हुए। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक महतो ने कहा कि अपने विद्यालय में इस तरह की विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित कर मैं काफी उत्साहित हूं। विद्यालय की ओर से अतिथियों को गुलदस्ता, अंग वस्त्र व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, विजेताओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित राष्ट्र सेवा फाऊंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर (रातू थाना) अवधेश पाठक, भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा व गणमान्य अतिथियों ने फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों की प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया और बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता की आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है बच्चे की प्रतिभा सामने निकल कर आती है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिक्षक प्रकाश प्रजापति, शशिभूषण, रोहित, दिलीप कुमार, अमृता यादव, उर्मिला कुमारी, शांति कुमारी, पुष्पा कुमारी, लिल्ली कुमारी एवम अंजना कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

### एसेट और लायबिलिटी के बिंदु पर पदाधिकारियों ने की बैठक

## छावनी परिषद के नगर निकाय में विलय की अड़चने नहीं हो रही दूर

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ छावनी परिषद का नगर निकाय में विलय को लेकर अड़चनें दूर होने का नाम नहीं ले रही। कई मामले ऐसे हैं, जिस पर अभी भी रक्षा मंत्रालय राज्य सरकार से मंतव्य मांग रहा है। झारखंड सरकार द्वारा गठित की गई टीम भी छावनी परिषद के रिवेन्यू सिस्टम की जटिलता को समझने का प्रयास कर रही है। जब तक इस जटिलता को दूर नहीं कर लिया जाए तब तक रक्षा मंत्रालय द्वारा भेजे गए प्रारूप पर कोई ठोस निर्णय लेना संभव नहीं है। छावनी परिषद के कैसे और लायबिलिटी को लेकर ही सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है हालांकि राज्य सरकार द्वारा गठित टीम इन दोनों बिंदुओं पर जल्द ही अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

वित्त विभाग के पदाधिकारी, रामगढ़ डीसी रोबिन टोप्पो, छावनी परिषद के सीईओ अनंत आकाश, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार व रक्षा मंत्रालय के पदाधिकारी बैठक में शामिल थे। डीसी ने बताया कि छावनी परिषद को नगर निकाय में विलय करने के लिए रक्षा मंत्रालय के द्वारा एक प्रारूप का प्रकाशन किया गया था। जिस पर राज्य सरकार का मंतव्य मांगा गया था। उस प्रारूप में रक्षा मंत्रालय ने छावनी परिषद के सभी एसेट और लायबिलिटी को एक साथ राज्य सरकार को सौंपने की बात कही गई है। जबकि इससे पहले की बैठकों में यह तय किया गया था की नगर निकाय और रक्षा मंत्रालय के बीच कुछ जिम्मेदारियां बंटी रहेगी। जिसका कालांतर में विलय होगा। लेकिन प्रारूप के प्रकाशन के बाद यह बातें खत्म हो गई।




### वेतन और पेंशन की व्यवस्था पर हो रहा विचार

जिला प्रशासन के पास छावनी परिषद ने यह रिपोर्ट भेजी थी कि उनके पास 27 करोड़ का फंड है। कुछ जिम्मेदारियां अभी भी हैं। उसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी कर्मचारी और पदाधिकारी के वेतन, पेंशन और साल दर साल रिनीवल की है। जिला प्रशासन के पास यह डाटा अभी भी मौजूद नहीं है की छावनी परिषद क्षेत्र में कितने घर हैं जिससे टैक्स की वसूली की जा रही है। होल्डिंग टैक्स से कितना रिवेन्यू छावनी परिषद जमा करता है। रिवेन्यू सिस्टम पर अभी भी कई बातें स्पष्ट नहीं है। हालांकि इस बिंदु पर जल्द ही एक रिपोर्ट भी सौंपी जाएगी। उसके बाद रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी, जिस पर राज्य सरकार अपना निर्देश जारी करेगी।

आरोप-प्रत्यारोप | मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच करने पहुंची टीम दोनों पक्षों से की बात

# चिकित्सक के साथ हुआ दुर्व्यवहार, हो तबादला : झांसा



**रामगढ़ :** जिले के मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला चिकित्सा के साथ बड़ा बाबू नकी अहमद के द्वारा किया गया दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और जिला प्रशासन से बड़ा बाबू नकी अहमद को दूसरे जिले में तबादला करने की मांग की है। गुरुवार को झासा की राज्य कार्यकारिणी का एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ पहुंचा। टीम ने 18 अप्रैल को मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक के साथ हुई दुर्व्यवहार मामले की जांच की। प्रतिनिधिमंडल में झासा के राज्य अध्यक्ष डॉ पीपी साह, झासा के राज्य सचिव डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह, झासा के पूर्व सचिव सह संस्थापक सदस्य डॉ बिमलेश सिंह, झासा के राज्य उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार, झासा के राज्य संयोजक डॉ शमीम अख्तर, कोषाध्यक्ष डॉ स्टीफेन खेस, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ विकास कुमार शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राज्य अध्यक्ष डॉ पीपी साह ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू जाकर 18 अप्रैल को हुई घटना की जानकारी ली। टीम ने घटना के दौरान मौजूद सभी चिकित्सक से अलग-अलग मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही अस्पताल कर्मी बीडीएम से भी जानकारी ली। साथ ही पीडित महिला दंत चिकित्सक डॉ जेनी सिंह व आरोपी बडा बाबू सैयद नकी अहमद से भी से पूरी घटना की जानकारी ली। घटना को अप्रिय व निंदनीय बताया।

### आरोपित ने महिला चिकित्सक से की है अशिष्टता : डॉ. पीपी साह

डॉ पीपी साहा ने कहा कि झासा ने महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना को गंभीरता से लिया है। टीम की जांच में भी बडा बाबू के द्वारा दुर्व्यवहार की पुष्टि हुई है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण में गंभीर मामला है। झासा महिला चिकित्सक के साथ हर तरह से सहयोग के लिये खडा है। महिला चिकित्सक मामले को लेकर काफी आहत हैं। उनके द्वारा आरोपी बडा बाबू पर मांडू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी।

### जांच रिर्पोट डीआईसी व स्वास्थ्य सचिव को भी दिया जायेगा : डॉ. ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह

झासा सचिव डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि झासा के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा घटना का रिर्पोट निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवायें व झारखंड सरकार स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को भी सौंपा जायेगा। डॉ सिंह ने कहा कि झासा रामगढ उपायुक्त और सीएस रामगढ के द्वारा आरोपी बडा बाबू को तत्काल निलंबन व विभागीय कारवाई करने के लिये आभार जताया है। साथ ही कहा कि जांच में यह भी पुष्टि हुआ है कि बडा बाबू नकी अहमद का मांडू अस्पताल में काफी दबिश है। बताया कि महिला चिकित्सक बेटी के साथ कैंपस में रहती है। उनकी सुरक्षा को लेकर निलंबित बडा बाबू का मुख्यालय रामगढ से हटाकर प्रदेश के अन्य किसी जिला में करने की मांग झासा स्वास्थ्य सचिव व डीआईसी से करेगा।

## डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में निकाली गयी जागरूकता रैली




स्वदेश संवाददाता

**धनबाद :** अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली रांगाटाड़ चौक से निकल कर धनबाद रेलवे स्टेशन होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान सकड़ों किन्नर मौजूद रहें। रैली के दौरान वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी अनीता कुजूर द्वारा रैली में मौजूद सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने के लिए सभी से अपील किया।

## संपादकीय

# चुनावी भाषणों में हदें पार करते नेता




**राजनीति** में वाणी का संयम एवं शालीनता बहुत जरूरी है, क्योंकि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। लेकिन लोकसभा चुनाव की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे प्रचार-अभियान में हेट स्पीच का दौर बढ़ने लगा है। अक्सर चुनावों के दौरान राजनीति में बिगड़े बोल कोई नयी बात नहीं है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। राजनेताओं के नफरती, अमर्यादित, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर चुनाव आयोग का सक्रिय होना नितांत अपेक्षित है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने भी समय-समय पर बिगड़े बोलों पर कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मर्यादा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। पार्टी कोई सी भी हो, चुनावी सभाओं में नेता अपने विरोधियों के खिलाफ जहर उगलने से नहीं चूकते। नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर भाषणों में हदें पार कर देते हैं।

बीते दिनों बिगड़े बोल का दोषी मानते हुए चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया था। मथुरा से भाजपा प्रत्याशी एवं सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी को लेकर की गयी टिप्पणी को अपमानजनक मानते हुए आयोग ने सुरजेवाला के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की। अब एक बार फिर से चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों पर आपत्ति जताये जाने के बाद संज्ञान लिया है। आयोग ने आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में बीजेपी और कांग्रेस को नोटिस भेजकर उनसे जवाब मांगा है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे पर धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने के आरोप लगाये हैं। दोनों पार्टियों को 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिये गये हैं। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 के तहत दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को जवाब देने को कहा है। बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राहुल गांधी पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया था। आयोग का कहना है कि राजनीतिक दलों को अपने उम्मीदवारों विशेष रूप से स्टार प्रचारकों के व्यवहार की पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी। उच्च पदों पर बैठे नेताओं के भाषणों के और भी गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

कांग्रेस की शिकायत अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा रैली में कहा था कि अगर कांग्रेस की सरकार आयी तो लोगों की संपत्तियां लेकर ज्यादा बच्चे वालों और घुसपैठियों में बांट दी जायेगी। पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस के घोषणापत्र में लिखा है कि सरकार बनने पर मां-बहनों के गोल्ड का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर बांट देंगे। वहीं, बीजेपी ने राहुल गांधी पर अपनी रैलियों में भाषा और शब्दों के इस्तेमाल को लेकर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी थी। बीजेपी ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने तमिलनाडु में भाषा के आधार पर लोगों के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की। बीजेपी नेताओं ने दावा किया था कि राहुल गांधी अपने भाषणों में भाषा के आधार पर उत्तर और दक्षिण भारत को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी लिखित शिकायत में बीजेपी ने राहुल गांधी पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की थी।

## अध्यात्म पथ

### भारत का इकलौता मंदिर जहां गिलहरी रूप में विराजमान हैं हनुमान जी



**वैसे** तो हमारे देश में कई बेहद सुंदर और प्राचीन मंदिर हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी मंदिर हैं, जो अपने अदंर तमाम रहस्यों को समेटे बैठे हैं। ऐसा ही एक मंदिर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में मौजूद है। इस फेमस मंदिर में हनुमान जी की गिलहरी रूप में पूजा-अर्चना की जाती है। हनुमान जी का यह मंदिर अलीगढ़ बस स्टैंड से एक किमी की दूरी पर मौजूद अचल ताल में स्थित है। बता दें कि इस मंदिर की पहचान प्रमुख धार्मिक स्थलों के तौर पर की जाती है। हनुमान जी के इस मंदिर को गिलहराज मंदिर के नाम जाना जाता है। जानकारी के अनुसार, यह भारत का इकलौता ऐसा मंदिर है, जहां पर हनुमान जी गिलहरी के रूप में विराजमान हैं। इस मंदिर के आसपास भी कई मंदिर हैं। लेकिन गिलहराज हनुमान मंदिर की मान्यता सबसे ज्यादा है। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक जब प्रभु श्रीराम की सेना रामसेतु पुल का निर्माण कर रही थी। तब प्रभु श्रीराम ने हनुमान जी से कुछ समय आराम करने के लिए कहा था। जिसके बाद भी हनुमान जी ने विश्राम नहीं किया और वह गिलहरी रूप में समुद्र में पुल बनवाने में राम सेना की मदद करने लगे। जब श्रीराम ने यह देखा, तो उन्होंने गिलहरी रूप में हनुमान जी के ऊपर हाथ फेरा। बता दें कि आज भी प्रभु श्रीराम के हाथ ही लकीरें गिलहरी के पीठ पर देखी जाती हैं। वहीं, अलीगढ़ के पास अचल ताल में स्थित हनुमान जी गिलहरी के रूप में विराजमान हैं। हनुमान जी के इस स्वरूप को गिलहराज जी कहा जाता है। इस मंदिर में पूजा-अर्चना व दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। मान्यता के मुताबिक, जो भी इस मंदिर में हनुमानजी के दर्शन करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही जातक को ग्रहों के प्रकोप के छुटकारा मिलता है। बताया जाता है कि मंदिर में 41 दिन लगातार पूजा करने से व्यक्ति को सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है।

# नये वैश्विक केंद्र 'भारत' का उदय

रूस के राष्ट्रपति पुतिन खुद अपने को जो मानते हैं और रूस के लिए जो भी नीति निर्धारित करते हैं, उसके पीछे दिमाग समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ, रूसी भू-राजनीतिक स्कूल, यूरेशियन आंदोलन के संस्थापक, दर्शनशास्त्री दुगिन का होता है, यह आज दुनिया भी स्वीकारती है। अत: जब भारत के संदर्भ में अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन एक लंबा लेख लिखते हैं और यह घोषणा करते हैं – हम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं। हमारी आंखों के सामने एक नये वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है और इस सफलता का श्रेय काफी हद तक नीति में परिवर्तन, भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के साथ नरेंद्र मोदी के मेल से है। तब आज के हालातों को देखते हुए उनकी कही इस बात में पूरी सत्यता नजर आती है। वैसे दुगिन की कही इन बातों का आज सबसे अधिक महत्व इसलिए दिखता है, क्योंकि विश्व में एक अलग प्रकार की उथल-पुथल मची हुई है। भू-राजनीति स्तर पर दुनिया कई खेमों में बंटी दिखती है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के गुरु और जिन्हें रुस के वर्तमान दृष्टिकोण का प्रणेता माना जाता है वे अलेक्जेंडर दुगिन भारत को इसी सदी में दुनिया की महाशक्ति बनता हुआ देख रहे हैं और इसके लिये केंद्र की मोदी सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार मान रहे हैं । वस्तुतः किसी भी बात के कहने का महत्व इससे अधिक होता है कि उसे कह कौन रहा है, इस मामले में अलेक्जेंडर दुगिन बहुत भाग्यशाली है कि उन्हें आज के रशिया को अपने मन के मुताबिक बनाने का श्रेय दिया जाता है और उनकी कही बातों को पूरे विश्व का बौद्धिक जगत प्रमुखता से लेता है। यह कहना गलत न होगा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन खुद अपने को जो मानते हैं और रूस के लिए जो भी नीति निर्धारित करते हैं, उसके पीछे दिमाग समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ, रूसी भू-राजनीतिक स्कूल, यूरेशियन आंदोलन के संस्थापक, दर्शनशास्त्री दुगिन का होता है, यह आज दुनिया भी स्वीकारती है। अतः जब भारत के संदर्भ में अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन एक लंबा लेख लिखते हैं और यह घोषणा करते हैं - हम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं। हमारी आंखों के सामने एक नये वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है और इस सफलता का श्रेय काफी हद तक नीति में परिवर्तन, भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के साथ नरेंद्र मोदी के मेल से है। तब आज के हालातों को देखते हुए उनकी कही इस बात में पूरी सत्यता नजर आती है।

वैसे दुगिन की कही इन बातों का आज सबसे अधिक महत्व इसलिए दिखता है, क्योंकि विश्व में एक अलग प्रकार की उथल-पुथल मची हुई है। भू-राजनीति स्तर पर दुनिया कई खेमों में बंटी दिखती है। इजराइल-गाजा के बीच हमास आतंकवादी संगठन को लेकर चले लम्बे युद्ध का अब तक पूरी तरह अंत नहीं हो पाया और इजराइल-ईरान के बीच युद्ध का नया संकट खड़ा है। चीन की अपनी अधिनायक राजनीति है, जिससे उसके आसपास के सभी देश परेशान हैं। अफ्रीका के ज्यादातर राष्ट्र आंतरिक संकट से जूझ रहे हैं, वहां गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। यूरोप के अधिकांश देश आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, जीडीपी गिरी हुई है, यहां के आम जीवन में बहुत उत्साह नजर नहीं आता। भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश, अफगानिस्तान किसी न किसी संकट से जूझते दिखते हैं, जिसमें सबसे बड़ा संकट आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सत्ता से जुड़ा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यूक्रेन युद्ध को रुकवाने के लिए कुछ नहीं कर पा रही है। ऐसे में निश्चित ही यह बहुत बड़ी बात है कि भारत तमाम असहमतियों के बीच सहमति बनाने में कामयाब होता दिखता है। अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन ने भारत की अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार को लेकर खुशी जतायी है। उन्होंने लिखा - कई लोगों को आश्चर्य होगा कि भारत वर्तमान में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 2023 में देश की जीडीपी 8.4 प्रतिशत बढ़ी। 2027 तक इसके वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो भारत 2030 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका और यहां तक कि चीन को भी पीछे छोड़ सकता है। भारत जनसांख्यिकी और आईटी क्षेत्र में भी अग्रणी है। भारतीय प्रवासी अब सिलिकॉन वैली के एक महत्वपूर्ण हिस्से को नियंत्रित करते हैं और यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हैं, जो उदार-वैश्विक विचारों के साथ जातीय रूप से भारतीय हैं। दिलचस्प बात यह है कि रिपब्लिकन पार्टी में एक प्रमुख रूढ़िवादी राजनेता, भारतीय मूल के एक कट्टर ट्रम्प समर्थक, विवेक रामास्वामी...हैं। कोई भी क्षेत्र हो भारतीय आगे बढ़ रहे हैं। दुगिन साथ ही यह भी घोषणा करते हैं कि भारत वर्तमान में आईटी में वैश्विक नेताओं में से एक है और वित्तीय क्षेत्र एक नया वैचारिक वैश्विक आयाम प्राप्त करेगा। वे लिखते हैं कि हम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं, हमारी आंखों के सामने एक नये वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है। निश्चित तौर पर इन सफलताओं का श्रेय काफी हद तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को जाता है। भारतीय जनता पार्टी के शासन और मोदी के व्यक्तिगत राजनीतिक करिश्मे ने भारत को मौलिक रूप से बदल दिया है। दिलचस्प बात यह है कि मोदी के शासन में इंडिया का आधिकारिक नाम बदलकर उसका प्राचीन संस्कृत नाम भारत कर दिया गया। आज यह निर्णय दर्शाता है कि नरेंद्र मोदी कांग्रेस की तुलना में पूरी तरह से अलग एवं हर क्षेत्र में भारत को श्रेष्ठ के साथ आगे बढ़ाए जाने की विचारधारा पर कार्य कर रहे हैं।



दुगिन ने बहुत स्पष्ट तरीके से लिखा है कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हमारे सामने एक ऐसा भारत उभर रहा है जिसे हम शायद ही जानते हों - एक सही परंपरागत भारत, एक वैदिक सभ्यता को आचरण में लेकर आनेवाला राज्य और पूर्ण संप्रभुता के मार्ग पर एक महान भारत हमें दिखाई देता है। कहना होगा कि मोदी का प्रशासन भारत को एक वैदिक सभ्यता के रूप में बढ़ावा दे रहा है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक स्तर पर भारत भू-राजनीतिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल के साथ अधिक संरेखित हो रहा है। चीन विरोधी गुट क्वाड में भागीदारी कर रहा है। साथ ही इस्लामी दुनिया के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हो रहे हैं। जिस तरह चीन ने अपने उद्देश्यों के लिए वैश्वीकरण का इस्तेमाल किया, अपनी संप्रभुता को खोने के बजाय मजबूत किया, उसी तरह ग्रेटर इंडिया भी ऐसा करने का इरादा रखता है।

शुरू में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की वस्तुगत वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए, अपनी शक्ति को मजबूत करने, अपनी विशाल आबादी के कल्याण को बढ़ाने, घरेलू बाजार की मात्रा, सैन्य शक्ति और तकनीकी क्षमता का विस्तार करने के लिए और फिर उपयुक्त समय पर, एक पूरी तरह से स्वतंत्र और संप्रभु ध्रुव के रूप में उभरने के लिए भारत आज तैयार दिखता है। दुगिन आज यह भी बता देते हैं कि जॉर्ज सोरोस और उनके ओपन सोसाइटी फाउंडेशन ने नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ युद्ध की घोषणा की है। उसने भारत में सामाजिक और जातीय संघर्ष को भी सक्रिय रूप से भड़काया है। खास तौर पर सोरोस, दलितों को मोदी के खिलाफ उठ खड़ा होने का आह्वान करते हुए असंतोषियों को विद्रोह के लिए उकसा रहा है। ऐसे में अमेरिकी बिजनेसमैन जॉर्ज सोरोस जैसी शख्सियतों से मोदी और भाजपा को सावधान रहने की अत्यधिक जरूरत है। कुल मिलाकर अलेक्जेंडर दुगिन आज जो कह रहे हैं, वह वर्ष 1893 में स्वामी विवेकानंद द्वारा अमेरिका के शिकागों शहर में आयोजित विश्व धर्म संसद में दिये गये उनके भाषण की सहज याद दिला देती है। स्वामी विवेकानंद के अपने एक भाषण में कहा था कि 19वीं सदी यूरोप की थी, 20वीं सदी अमेरिका की है और 21वीं सदी भारत की होगी। वास्तव में वर्तमान में मोदी सरकार जिस तरह से नीतिगत निर्णय लेकर कार्य करती दिखती है, उसे देखते हुए यही कहना होगा कि आज की 21वीं सदी सच में भारत के नवोन्मेष और उत्थान की है। भारत अपने विचारों से विश्व विजय की ओर अग्रसर है।

**– (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस

इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिए उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है।

**ललित गर्ग**

**लोकसभा** चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो विरासत टैक्स के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिए उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं। अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है, क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि, सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाये। निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में सतत रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती। भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिए सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इंकार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछडे.हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये। सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं।

**– लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं।**

RNI (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित। **प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार*, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

# अमेठी से राहुल और रायबरेली से प्रियंका गांधी लड़ सकती हैं चुनाव

## दो मई तक होगा सबकुछ साफ



**नोएडा , एजेंसी।** यूपी की अमेठी और रायबरेली सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवारों को लेकर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। ऐसी चर्चाएं हैं कि राहुल गांधी अमेठी सीट से और प्रियंका गांधी रायबरेली सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली और अमेठी सीट से राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, 26 अप्रैल के बाद दोनों के चुनाव लड़ने पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। इसके बाद अगले हफ्ते नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए मतदान होना है। इस चरण में केरल के वायनाड में मतदान होगा, इस सीट से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। याद रहे है कि स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराया था। ईरानी को भारतीय जनता पार्टी ने फिर से इस सीट से मैदान में उतारा है। सूत्रों के अनुसार,वायनायड में मतदान के बाद राहुल गांधी 27 अप्रैल को अमेठी जा सकते हैं। राहुल गांधी अमेठी से नामांकन कर सकते हैं।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए सीट समझौते के अनुसार, कांग्रेस 17 सीटों पर और समाजवादी पार्टी शेष 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस अपने पारंपरिक गढ़ रायबरेली और अमेठी के अलावा वाराणसी, गाजियाबाद और कानपुर सीट पर भी चुनाव लड़ रही है। इससे पहले बुधवार को अमेठी के गौरीगंज इलाके में कांग्रेस कार्यालय के बाहर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा के पोस्टर लगे थे। इससे वाड्रा को टिकट मिलने की अटकलें तेज हो गई थीं।

हालांकि, कांग्रेस हर सीट पर लड़ाई लड़ना चाहती है और इसीलिए उसने गांधी भाई-बहन को मैदान में उतारने का फैसला किया है। अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। हालांकि, राहुल गांधी के लिए अपने पुराने गढ़ में जीत आसान नहीं होगी क्योंकि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रचार कर रही हैं। 8 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री ने अमेठी के प्रति राहुल गांधी की निष्ठा पर सवाल उठाया था।

उन्होंने कहा कि लोगों को पता है कि गांधी परिवार अमेठी से चुनाव लड़ने आएगा। पीएम नरेंद्र मोदी अमेठी लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख नागरिकों को राशन भेजते हैं, अगर गांधी परिवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ है, तो ये 19 लाख नागरिक जो मुफ्त राशन पा रहे हैं, गांधी परिवार इन परिवारों से क्या कहेगा?...

### जीजा हो या साला, अमेठी में हर कोई मोदी का मतवाला : स्मृति

उधर, राबर्ट वाड्रा के चुनाव लड़ने की मांग का पोस्टर अमेठी में लगने के बाद बुधवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी खुलकर बोलीं। कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब जीजा मांग रहे हैं अमेठी से। पहले साले साहब को मांग रहे थे। लेकिन.. मैं कहना चाहती हूं कि जीजा हो या साला, अमेठी में हर कोई है मोदी का मतवाला। मैं कुछ दिन पहले वायनाड गई थी और मुझे जानकारी मिली कि राहुल गांधी ने वायनाड को अपना परिवार घोषित कर दिया है। कल एक कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड को इसलिए चुना क्योंकि राहुल गांधी कहते हैं कि वायनाड के लोग ज्यादा वफादार हैं। तो अमेठी की वफादारी का क्या हुआ? रायबरेली 1960 से कांग्रेस का गढ़ रहा है, जहां फिरोज गांधी और इंदिरा गांधी दोनों ने प्रतिनिधित्व किया है। सोनिया गांधी 2006 के उपचुनाव में जीत के बाद से इस निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं। सोनिया के उच्च सदन में जाने के बाद, कांग्रेस द्वारा प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की संभावना है, जो पार्टी में महासचिव हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### तीन सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी, बदली गई भीम राजभर की सीट, अब सलेमपुर से लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ, एजेंसी।** बसपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर का टिकट बदल दिया है। वह आजमगढ़ की जगह अब सलेमपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वहीं, पार्टी ने भदोही से इरफान अहमद (बबलू) और हमीरपुर से निर्दोष कुमार दीक्षित को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है।

दरअसल, पार्टी ने अपनी रणनीति में अहम बदलाव करते हुए विधानसभा उपचुनाव में भी प्रत्याशी उतारा है। पार्टी ने शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर होने वाले उपचुनाव में सर्वेश चंद्र मिश्रा को टिकट दिया है। गौरतलब है कि बसपा उपचुनाव में अपने प्रत्याशी नहीं उतारती रही है। लोकसभा व विधानसभा के तमाम उपचुनाव के दौरान बसपा ने अपने प्रत्याशी बीते कई वर्षों के दौरान नहीं उतारे हैं। पार्टी की रणनीति में हुए इस बदलाव के सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं। जानकारों के मुताबिक बसपा के उपचुनाव में उतरने से ददरौल सीट पर अन्य दलों के प्रत्याशियों के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। बता दें कि ददरौल सीट पर भाजपा ने अपने दिवंगत विधायक मानवेंद्र सिंह के बेटे अरविंद सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंडिया गठबंधन ने अवधेश वर्मा को टिकट दिया है।

### वाराणसी में कुश्ती प्रतियोगिता-ब्रा। इंडोर स्टेडियम में महिला पहलवानों ने दिखाया दमखम



**वाराणसी, एजेंसी।** फेडरेशन कप सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता बीएचयू परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में खेली जा रही है। इसमें करीब 132 महिला कुश्ती खिलाड़ी दस भारवर्ग में दाव आजमा रही हैं। प्रतियोगिता का आगाज कार्यक्रम संयोजक राजीव सिंह रानू और द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर प्रसाद और महासिंह राव ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। क्वालिफाईंग राउंड का पहला मुकाबला दिल्ली की कुश्ती खिलाड़ी नेहा ने गुजरात तेजल बेन को हराकर जीता। प्रतियोगिता में देश के अलग- अलग राज्यों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

### गोरखपुर एम्स में अवसाद में भी मुस्कुराता सुन्न- शांत हो चुका युवक अब हकीकत में खिलखिलाएगा

**गोरखपुर।** वह अवसाद में था, मगर चेहरे पर मुस्कान थी। शरीर पूरी तरह सुन्न-शांत हो चुका था और बड़े से बड़ा दर्द उसे महसूस ही नहीं होता था। अलग-अलग किरदार में वह खुद को पेश करके अजीब सी हरकतें करने लगा था। परिवार ने मान लिया था कि अब उनका जवान बेटा शरीर में दर्द लिए अवसाद की हालत में ही किसी दिन पूरी तरह शांत हो जाएगा। वह अवसाद में था, मगर चेहरे पर मुस्कान थी। शरीर पूरी तरह सुन्न-शांत हो चुका था और बड़े से बड़ा दर्द उसे महसूस ही नहीं होता था। अलग-अलग किरदार में वह खुद को पेश करके अजीब सी हरकतें करने लगा था। परिवार ने मान लिया था कि अब उनका जवान बेटा शरीर में दर्द लिए अवसाद की हालत में ही किसी दिन पूरी तरह शांत हो जाएगा। एम्स के काबिल डाक्टरों ने इसे चुनौती मानकर इलाज में पूरी ताकत झोंकी और युवक को उबारने में सफल भी हो गए। उनका दावा है कि अब अवसाद में बनावटी नहीं, असली मुस्कुराहट नजर आएगी। वह असलियत में खिलखिलाएगा भी।

# दूसरे चरण में धर्म क्षेत्र-अर्थ क्षेत्र का समर कल, मतदान के दौरान हर समीकरण कसौटी पर

**लखनऊ, एजेंसी।** इस दौर में धर्म, अर्थ और शिक्षा के केंद्रों में मतदाता प्रत्याशियों का इम्तिहान लेंगे।?चुनावी प्रचार का शोर थम चुका है। अब असली इम्तिहान की बारी है। अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के मतदाता शुक्रवार को चुनावी समर के योद्धाओं के भाग्य का फैसला लिखेंगे। चक्रव्यूह के दूसरे द्वार पर सेनाएं अपना रणकौशल दिखा चुकीं। अपने सारे अस्त्र-शस्त्र आजमां चुकीं। इस दौर में धर्म, अर्थ और शिक्षा के केंद्रों में मतदाता प्रत्याशियों का इम्तिहान लेंगे।?चुनावी प्रचार का शोर थम चुका है। अब असली इम्तिहान की बारी है। अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के मतदाता शुक्रवार को चुनावी समर के योद्धाओं के भाग्य का फैसला लिखेंगे। 2019 की बात करें तो इन 8 सीटों में से सात पर भगवा परचम फहराया था। वहीं, अमरोहा में हाथी जीता था, जबकि चार सीटों पर बसपा दूसरे स्थान पर रही थी। यानी बसपा के लिए यहां अच्छा मौका है। बसपा से गठबंधन में सपा को एक सीट गाजियाबाद मिली थी। यहां वह दूसरे स्थान पर रही थी। दूसरे चरण में सबसे बड़ी परीक्षा भगवा ब्रिगेड की होनी है। वहीं, सपा-कांग्रेस गठबंधन के पास खोने के लिए कुछ नहीं, बल्कि पाने के लिए पूरा आसमां है।



**मेरठ = राम का नाम और जातीय गोलबंदी की परीक्षा:** भाजपा ने तीन बार से सांसद रहे राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर रामायण धारावाहिक में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को मैदान में उतारा है। शुरुआत में राम के नाम पर वोट मांगने वाले अरुण गोविल को अंतिम समय जाति की दुहाई देनी पड़ी।

# अखिलेश यादव ने किया कन्नौज सीट से नामांकन, बोले- यहां के विकास के लिए करूंगा काम

**कन्नौज, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव ने चार सेट में अपना नामांकन पत्र दायर किया है। उनके नामांकन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। चौथे चरण के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज दोपहर 12 बजे कन्नौज संसदीय सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने चार सेट में अपना पत्र दायर किया है। इस दौरान उनके साथ प्रो. रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद हैं। उनके नामांकन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बता दें कि कन्नौज लोकसभा चुनाव के लिए सपा उम्मीदवारी को लेकर मचा सस्पेंस एक दिन पहले तक जारी था। बुधवार की शाम यह तय हुआ था कि यहां से सपा के उम्मीदवार अखिलेश यादव ही होंगे। उनके पहले यहां से तेज प्रताप यादव को उम्मीदवकर बनाया गया था।

**कार्यकर्ताओं में थी नाराजगी:** दरअसल, दो दिन पहले अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव को कन्नौज से उम्मीदवार घोषित किया गया था। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी, ये बात पार्टी आलाकमान तक पहुंची। मंगलवार की शाम से ही यह तय माना जा रहा था कि अब अखिलेश यादव ही यहां से चुनाव लड़ेंगे।

**पार्टी कार्यालय में चल रही हैं तैयारियां:** बुधवार की शाम इसका बाकायदा ऐलान हो गया है। जिलाध्यक्ष कलीम खान ने बताया था कि पिछले दो दिनों की रिपोर्ट पार्टी प्रमुख तक पहुंचा दी गई थी। उसी आधार पर अब खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही चुनाव लड़ेंगे। नामांकन से पहले पार्टी कार्यालय में सुबह से ही जोरदार तैयारी चल रही हैं।



# देवर ने तलवार से ताबड़तोड़ वार कर भाभी को उतारा मौत के घाट, घंटे भर लहराता रहा हथियार



**सोनभद्र, एजेंसी।** सोनभद्र जिले में देवर ने अपनी भाभी की हत्या कर दी। तलवार से हमला कर महिला को मौत के घाट उतारने के बाद देवर मौके पर मौजूद लोगों को तलवार लहराते हुए डराता रहा। घटना को लेकर पूरे गांव में हड़कंप मच गया। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जिले के बीजपुर थाना क्षेत्र के झीलों के टोला परबतवा में गुरुवार की अल सुबह देवर ने तलवार से वार कर भाभी की हत्या कर दी। वारदात के बाद घंटे भर तलवार लहरा कर ग्रामीणों व पीआरवी 112 को डराता रहा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह बातो में उसे उलझाकर पीछे से उसे दबोच लिया। घटना को लेकर गांव में सनसनी फैल गई।

**यह है पूरा मामला:** जानकारी के अनुसार दस्मतिया (36) पत्नी स्व. धनराज सिंह गोड़ निवासी झीलों ग्राम पंचायत के टोला परबतवा को उसके देवर भवन सिंह ने तलवार से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। भवन सिंह विगत दिनों से बहकी- बहकी बातें कर अपने ऊपर शंकर भोलेनाथ सवार होने की बात करता था। वह जंगल में कुछ पत्थर रखकर उसकी पूजा कर अपने अंदर देवता आने की बात ग्रामीणों को बता रहा था। भवन खुद को शक्तिशाली समझ बैठा था।

मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स पहुंचे और सूझबूझ से हत्यारे को पकड़कर आलाकत्ल में इस्तेमाल तलवार बरामद कर लिया। साथ ही महिला को लेकर स्थानीय धवंतरि चिकित्सालय रिहंद नगर ले गए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली में अचानक लगी आग, सात बीघा फसल और पुआल जलकर राख

**चंदौली, एजेंसी।** चंदौली में खेत में गेहूं की फसल लदी ट्रैक्टर ट्राली में अचानक आग लगने से फसल के साथ पुआल भी जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने मुआयना कर किसान को मदद का भरोसा दिलाया। चंदौली जिले के चकरघट्टा थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया गांव में रामनिवास यादव के खेत में सुबह ट्रैक्टर ट्राली पर रखी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। जब तक लोग आग बुझाने का प्रयास करते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिसने सात बीघा गेहूं की फसल को राख कर दिया। इसके साथ ही चार बीघा पराली भी जल गई। आग लगने का सही कारण पता नहीं चल सका है।



यह है मामला

गुरुवार को सुबह दस बजे परसिया गांव के रामनिवास यादव के खेत में ट्रैक्टर ट्राली पर गेहूं की फसल काटने के बाद की रखी गई थी, जिसमें आग लग गई। आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने आग देखकर दमकल गाड़ी को सूचना दी, लेकिन गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। इससे आग बढ़ती चली गई। ग्रामीणों ने बाल्टी के पानी की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। किसान रामनिवास ने बताया कि वह सात बीघा भूमि में गेहूं की फसल बोया हुआ था। फसल काटकर ट्रॉली पर रखा हुआ था। आग लगने से पूरी फसल जलकर राख हो गई। अब खाने के लिए एक दाना तक नहीं बता।

घटना की जानकारी होने पर हल्का लेखपाल सद्दाफ खान मौके पर पहुंचे और पूरी मदद का भरोसा दिलाया। एसडीएम आलोक कुमार ने बताया कि किसान की पूरी मदद की जाएगी। लेखपाल को जल्द रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

# औरंगजेब ने तोड़वाया था मंदिर, पीएम मोदी ने बनवाया कॉरिडोर; वाराणसी में बोले गृह मंत्री

**वाराणसी, एजेंसी।** गृह मंत्री ने बुधवार को महमूरगंज के मोतीझील में पीएम नरेंद्र मोदी और वाराणसी से भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कि पीएम जब भी काशी आए हैं। हर बार सौगातें लेकर आए हैं। काशी दौरे पर आए गृह मंत्री अमित शाह ने मोतीझील मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि औरगंजेब ने बाबा विश्वनाथ का मंदिर तोड़वाया था तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कॉरिडोर बनवाकर बाबा का भव्य दरबार सजा दिया। काशी में रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, रिंग रोड, बिजली की लाइनें अंडरग्राउंड की, बीएचयू में टाटा कैंसर, कई फ्लाईओवर, घाटों का सुंदरीकरण कर नमो घाट का निर्माण, मां गंगा को स्वच्छ कर आचमन के लायक बनाया। काशी के हर एथलीट की ट्रेनिंग की व्यवस्था की गई। ट्रेड फेसिलिटेशन सेंटर, एयरपोर्ट को आधुनिक बनाया जा रहा, गंगा पुल और रेलवे स्टेशन को और बेहतर बनाया जा रहा है।



गृह मंत्री ने कहा कि वह जब भी काशी आए हैं। हर बार सौगातें लेकर आए हैं। आप देखिए काशी की शक्ल और सूरत दोनों बदल चुकी है। काशी अध्यात्म की नगरी है, उन्होंने इसके अध्यात्म को आगे बढ़ाने का काम किया है। विश्व की सबसे आधुनिक नगरी बनाने का काम किया है। छोटे- बड़े 75 हजार उधोग तैयार हुए और तीन लाख लोगों को रोजगार मिला।

**हर दूसरी लाइन में लिया काशी के सांसद मोदी का नामः** मोतीझील में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हर दूसरी लाइन में काशी के सांसद नरेंद्र मोदी का नाम लेते रहे। ऐसा लगा कि चुनाव से पहले देश के गृहमंत्री काशी के सांसद का रिपोर्ट कॉर्ड जनता के सामने रखने आए हैं। अमित शाह ने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि नरेंद्र मोदी के पहले चुनाव 2014 फिर 2019 में कार्यालय के उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला और अब 2024 में फिर आया हूं। महामना मदन मोहन मालवीय, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, संत रविदास, तुलसीदास, जैन तीर्थंकर, लक्ष्मीबाई जैसे महापुरुषों ने दुनिया को राह दिखाने का काम किया। पद्म विभूषण, पद्म श्री और भारत रत्न से अलंकृत होने वालों की संख्या बहुत है। काशी कला, विद्या और मोक्ष की नगरी है।

### काशी तो अध्यात्म की नगरी है

काशी के सांसद नरेंद्र मोदी ने रिंग रोड और फ्लाईओवर का जाल बिछा दिया है। बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर से देश-दुनिया में काशी का मान-सम्मान बढ़ा। अस्पताल, घाटों का सुंदरीकरण, रुद्राक्ष सेंटर, फोरलेन, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प कराया गया। अमित शाह ने प्रधानमंत्री के आध्यात्मिक जुड़ाव को सामने रखा और कहा कि काशी तो अध्यात्म की नगरी है। आपके सांसद इसके अध्यात्म को आगे बढ़ा रहे हैं। इसे आधुनिक नगरी के रूप में विकसित कर रहे हैं। काशी की धरती से आध्यात्मिक शक्ति लेकर वह देश के विकास कार्य कर रहे हैं। मां गंगा के बुलावे पर वह काशी आए थे और उन्होंने फिर मां गंगा को स्वच्छ कर इसे आचमन के लायक बनाया।

# बाबा काल भैरव के दरबार में गृह मंत्री अमित शाह ने टेका मत्था, दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा काल भैरव के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने गुरुवार की सुबह मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया। काशी दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार की सुबह बाबा काल भैरव मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से बाबा काल भैरव का पूजा-अर्चन किया। इस दौरान मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। बता दें कि गृह मंत्री बुधवार की शाम काशी दौरे पर पहुंचे थे। वे महमूरगंज के मोतीझील में पीएम नरेंद्र मोदी और वाराणसी से भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। फिर मोतीझील मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने काशी के कार्यकर्ताओं में लोकसभा चुनाव को लेकर जोश भरने का काम किया।



# रूस में एनएसए डोभाल ने आतंकवाद, टेरर फंडिंग के खिलाफ सहयोग की भारत की प्रतिबद्धता



**सेंट पीटर्सबर्ग, एजेंसी।**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने बुधवार को जोर देकर कहा कि भारत आतंकवादियों तथा अपराधियों द्वारा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग और टेरर फंडिंग को रोकने के लिए सहयोग जारी रखेगा। सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च पदस्थ अधिकारियों की 12वीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक के पूर्ण सत्र में बोलते हुए एनएसए डोभाल ने समावेशी आर्थिक विकास के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की भारत की नीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खुले, स्थिर, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। बहुकेंद्रीय दुनिया में सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करना विषय पर पूर्ण सत्र में बोलते हुए एनएसए डोभाल ने ऐसे सहयोग के लिए एक रोडमैप रखा जिसमें सरकारों से लेकर निजी क्षेत्र, शिक्षा, तकनीकी समुदायों और नागरिक समाज तक सभी हितधारक शामिल हों। उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दों की आम समझ विकसित करने में मदद के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग के लिए तंत्र के निर्माण; प्रशिक्षण, शिक्षा, जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए समान विचारधारा वाले देशों के क्षमता निर्माण; और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षा मानकों के विकास के लिए नियमित संस्थागत संवाद आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। साथ ही उन्होंने सहयोग के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तंत्र निर्माण की भी वकालत की। एनएसए ने इस बात पर जोर दिया कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग को रोकने के साथ-साथ आतंकी फंडिंग का मुकाबला करने के लिए भी सहयोग जारी रखेगा। एनएसए ने म्यांमार की मौजूदा स्थिति और पड़ोसी देश में भारत द्वारा वित्त पोषित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर अपने म्यांमार के समकक्ष एडमिरल मो आंग के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। रूस में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया कि उन्होंने भारत-म्यांमार सीमा पर हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा की, जिसमें सुरक्षा, शरणार्थी, विकास परियोजनाओं आदि से संबंधित मुद्दे शामिल थे। तीन दिवसीय बैठक में 106 देशों के सुरक्षा परिषदों के सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सहायक, उप प्रधानमंत्री, सुरक्षा बलों और खुफिया सेवाओं के प्रमुखों के अलावा10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। एनएसए डोभाल ने बुधवार को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव से भी बातचीत की। पूर्ण सत्र की शुरुआत करते हुए पेत्रुशेव ने कहा, रूस एक निष्पक्ष विश्व व्यवस्था के निर्माण की रक्षा करना जारी रखेगा जो समानता के सिद्धांतों और सांस्कृतिक और सभ्यतागत पहचान के सम्मान के आधार पर अधिकांश देशों के हितों को पूरा करती है। इससे पहले दिन में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रतिभागियों को वर्चुअली संबोधित किया और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद 21वीं सदी के सबसे गंभीर खतरों में से एक बना हुआ है, क्योंकि आतंकवादी तेजी से जटिल और बर्बर होते जा रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले आतंकवादी हमलों के पीछे के उद्देश्य न केवल कट्टरपंथी समूहों द्वारा संचालित होते हैं, बल्कि इसमें कुछ देशों की खुफिया सेवाएं भी शामिल होती हैं। उनका उद्देश्य संवैधानिक नींव को कमजोर करना और संप्रभु देशों को अस्थिर करना, अंतरजातीय और अंतरधार्मिक कलह को बढ़ावा देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत




**काबुल, एजेंसी ।** अफगानिस्तान के काबुल-जलालाबाद राजमार्ग पर सुरुबी जिले में एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। समाचार एजेंसी रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना बुधवार रात को हुई। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि यह दुर्घटना काबुल की राजधानी को पूर्वी प्रांतों से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई, जब एक यात्री वाहन सड़क से उतर गया और पहाड़ से टकरा गया। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायलों का अब स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। अफ़ग़ानिस्तान में सड़क की खराब स्थिति, लापरवाही से गाड़ी चलाना, कठिन इलाके, ओवरलोडिंग, ओवरटेकिंग और तेज गति के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम बात है।

### 11 साल से जेल में बंद बेटी से मिलने भारत से पहुंचीं मां, हत्या के मामले में मिली है मौत की सजा

**यमन, एजेंसी।** यमन जेल में 11 सालों से बंद अपनी बेटी से मिलने भारत से उनकी मां मिलने पहुंची। दोनों बहुत देर तक एक दूसरे को गले से लगाकर रोते रहे। जेल में उपस्थित अन्य लोग भी उनको देख भावुक हो उठे, अपनी बेटी से मिलने के बाद मां ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें नहीं लगा था कि वह कभी उसे देख पाएंगी। बेटी हत्या के आरोप में यमन जेल में मौत की सजा काट रही है। बुधवार 24 अप्रैल का दिन यमन जेल में 11 साल बाद एक मां-बेटी के मिलन का गवाह बना। यमन जेल में पिछले 11 साल से निमिषा प्रिया एक यमन नागरिक की हत्या के आरोप में सजा काट रही हैं। उनकी मां जो कि भारत में रहती हैं, वे कई सालों उससे मिलने के लिए प्रयास कर रहीं थी। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यमन जाने की अनुमति मांगी थी, ताकि वे अपनी बेटी की मौत की सजा माफ करवा सकें। अनुमति मिलने के बाद वह भारत से यमन गईं। उन्होंने अपनी बेटी से मिलने की अनुमित मांगी थी। अपनी बेटी से मिलकर जेल से लौटीं निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी ने एक वीडियो के जरिए अपनी भावना बयां करते हुए भारत और यमन सरकार को शुक्रिया भी कहा है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी सरकार की दयालुता के कारण ठीक है।

### कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल सीक्रेट सर्विस एजेंट की सहयोगियों से मुठभेड़

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल एक सीक्रेट सर्विस एजेंट को मुठभेड़ में शामिल होने के बाद तुरंत हटा दिया गया है। एजेंसी ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। एजेंट को कमला हैरिस के विवरण से हटा दिया गया है। वॉशिंगटन डीसी के बाहरी इलाके में ज्वाइंट बेस एंड्रयूज के पास सुबह के नौ बजे के आसपास सीक्रेट सर्विस एजेंट का अन्य एजेंट के साथ मुठभेड़ हो गया। यह मुठभेड़ कमला हैरिस के वहां पहुंचने से पहले हुई। मुठभेड़ में शामिल एजेंट की पहचान फिलहाल अज्ञात है। उन्हें तुरंत उनके कार्यभार से हटा दिया गया है। यूएस सीक्रेट सर्विस के संचार प्रमुख एंथनी गुग्लिएल्मी ने कहा, ÷उप-राष्ट्रपति के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज से प्रस्थान का समर्थन करने वाले अमेरिकी सीक्रेट सर्विस एजेंट का ऐसा प्रदर्शन उनके सहयोगियों को अच्छा नहीं लगा। उन्होंने आगे कहा, अमेरिकी सक्रेट सर्विस हमारी कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को बहुत गंभीरता से लेती है। इस दौरान मेडिकल कर्मियों को मौके पर बुलाया गया। इसके कारण कमला हैरिस की यात्रा में किसी प्रकार की देरी नहीं हुई।

## अमेरिका में फैल रहा जॉम्बी डियर डिजीज का संक्रमण, वर्जीनिया के पार्क में सफेद पूंछ के दो हिरण



## पॉजिटिव

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, सीडब्ल्यूडी एक पुरानी और भयानक बीमारी है। यह वायरस जानवरों के दिमाग को खा जाता है, जिस वजह से उनकी मौत हो जाती है। उन्होंने आगे बताया कि इस बीमारी का न तो कोई इलाज है और न ही कोई टीका। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के मामलों के बीच अमेरिका में जॉम्बी डियर डिजीज का केस सामने आया है। पश्चिमी वर्जीनिया के हार्पर्स फेरी नेशनल हिस्टोरिकल पार्क के अंदर दो सफेद पूंछ वाले हिरणों को इससे संक्रमित पाया गया है। एक विज्ञप्ति में बताया गया कि जिन दो हिरणों को इससे संक्रमित पाया गया है, उनकी मौत हो चुकी है। बता दें कि इस बीमारी को क्रॉनिक वेस्टिंग डिजीज (सीडब्ल्यूडी) के नाम से भी जाना जाता है।

बताया जा रहा है कि एंटिएटम और मोनोकेसी बैटलफील्ड पार्क में रहने वाले हिरणों को सीडब्ल्यूडी से संक्रमित पाया गया है। हार्पर्स फेरी और आसपास के नेशनल पार्क में देशी पौधों और ऐतिहासिक परिदृश्यों को संरक्षित रखने के लिए हिरणों की जनसंख्या को कम किया जा रहा है। पार्क सेवाएं हिरणों की आबादी नियंत्रित करने के लिए समय समय पर कुछ पार्कों में शिकार आयोजित करती है। विज्ञप्ति में बताया गया कि इस साल तक इन पार्कों में परिणाम निगेटिव हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, यह एक पुरानी और भयानक बीमारी है। यह वायरस जानवरों के दिमाग को खा जाता है, जिस वजह से उनकी मौत हो जाती है। उन्होंने आगे बताया कि इस बीमारी का न तो कोई इलाज है और न ही कोई टीका। यह वायरस जानवरों के साथ

## इजरायल का समर्थन करने पर अमेरिका में विरोध-प्रदर्शन तेज, सैकड़ों छात्र



**न्यूयॉर्क , एजेंसी।**
मिडिल ईस्ट में गाजा युद्ध को लेकर इजरायल का समर्थन करने के अमेरिका के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों के कैंपस से सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। न्यूयॉर्क शहर में आइवी लीग कोलंबिया यूनिवर्सिटी कैंपस में बुधवार को विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जहां 100 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया गया और उनके तम्बू को हटा दिया गया। कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। छात्रों की मांग हैं कि अमेरिका इजरायल के लिए अपना समर्थन बंद कर दे, जो गाजा में हमास के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। गाजा में 30,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, इनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। उनकी यह भी मांग है कि विश्वविद्यालय इजरायल के साथ सारे संबंध तोड़ ले। छात्रों को टेक्सस-ऑस्टिन विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय, येल, ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी और दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से गिरफ्तार किया गया है।

कोलंबिया की तरह हार्वर्ड, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-बर्कले सहित दर्जनों विश्वविद्यालयों में विरोध तम्बू शिविर लगाए गए हैं।

अमेरिकी संसद अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कोलंबिया विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने यहूदी छात्रों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट मिनोचे शफीक के इस्तीफे की मांग की, साथ ही यहूदी विरोधी भीड़ पर अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर कब्जा करने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्हें छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। जॉनसन ने धमकी दी कि विरोध को दबाने के लिए नेशनल गार्ड को तैनात किया जा सकता है, और राष्ट्रपति जो बाइडेन से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया।

जब वह पत्रकारों से बात कर रहे थे तो छात्रों ने नारा लगाया, ÷नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन आजाद होगा। विश्वविद्यालय प्रशासक बीच में फंस गए हैं। उन पर दक्षिणपंथियों ने छात्रों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप लगाया और वामपंथियों ने उन पर बहुत कठोर होने का आरोप लगाया है। शेफाक, जो लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के प्रमुख थे और मिस्र मूल के हैं, विरोध प्रदर्शन की मौजूदा लहर में पुलिस को बुलाने वाले पहले विश्वविद्यालय प्रमुख हैं, लेकिन जब जॉनसन ने उनके इस्तीफे की मांग की, तो यूनिवर्सिटी फैकल्टी और छात्रों ने उनका विरोध किया। ालांकि, विरोध प्रदर्शन में शामिल कुछ लोग यहूदियों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बना रहे हैं, जिसकी राजनीतिक प्रतिक्रिया हो रही है।

जॉनसन ने कोलंबिया में यहूदी छात्रों से मुलाकात की, उन्होंने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने उनके धर्म के चलते उन्हें धमकी दी थी। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल दोनों के झंडे जला दिए और हमास की ओर से तेल अवीव पर हमला करने की धमकी दी। जॉनसन ने कहा, हम अपने कैंपस में इस तरह की नफरत और यहूदी-विरोधी भावना को पनपने नहीं दे सकते।

## विश्वविद्यालयों में बढ़ते फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों से घबराई सरकार, सैंकड़ों हिरासत में, कई कॉलेज हुए

**वॉशिंगटन , एजेंसी।**
न्यूयॉर्क पुलिस ने तो सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और येले यूनिवर्सिटी प्रशासन को समन जारी कर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों को सुलझाने को कहा है। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के चलते 21 यूनिवर्सिटीज में कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। अमेरिका के कई विश्वविद्यालय इन दिनों विरोध प्रदर्शनों का केंद्र बने हुए हैं। दरअसल अमेरिकी यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन इतने बढ़ गए हैं कि अमेरिकी सरकार भी घबरा गई है। यही वजह है कि सरकार ने कई यूनिवर्सिटीज को बंद करने और ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का आदेश दिया है। विरोध प्रदर्शनों के चलते सैंकड़ों छात्रों को हिरासत में लिया गया है और 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



कैलिफोर्निया से लेकर न्यूयॉर्क तक अमेरिका की 21 यूनिवर्सिटीज में बीते कुछ दिनों से फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज परिसर में ही तंबू लगाकर रह रहे हैं। न्यूयॉर्क पुलिस ने तो सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और येले यूनिवर्सिटी प्रशासन को समन जारी कर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों को सुलझाने को कहा है। बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के चलते 21 यूनिवर्सिटीज में कक्षाएं ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। वहीं कुछ कॉलेज बंद ही कर दिए गए हैं। अमेरिकी पुलिस ने सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। जिन यूनिवर्सिटीज से छात्रों को हिरासत में लिया गया है, उनमें यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास और यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया आदि शामिल हैं।

## अमेरिकी कांग्रेस ने यूक्रेन के लिए 61 अरब डॉलर की सहायता को दी मंजूरी

**वाशिंगटन , एजेंसी।**



अमेरिकी कांग्रेस ने कई महीनों के इंतजार के बाद यूक्रेन के लिए 61 अरब डॉलर के सहायता पैकेज को आखिरकार मंजूरी दे दी है। इससे पहले शनिवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में विधेयक को मंजूरी दी गई थी। अब सीनेट ने मंगलवार को 100 सीटों वाले ऊपरी सदन में 79 मतों के साथ विधेयक को मंजूरी दे दी। अब इस विधेयक को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मंजूरी का इंतजार है। मतदान के तुरंत बाद बाइडेन ने कहा, मैं इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून बना दूंगा। कल जैसे ही यह मेरी मेज पर पहुंचेगा, मैं अमेरिकी लोगों को संबोधित करूंगा ताकि हम इस सप्ताह यूक्रेन को हथियार और उपकरण भेजना शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि वह इस सप्ताह यूक्रेन को हथियार और उपकरण पहुंचाना शुरू करना चाहते हैं। बिडेन ने कहा, इजरायल और ताइवान के लिए अरबों डॉलर की सहायता का विधायी पैकेज पारित कर अमेरिकी कांग्रेस ने दुनिया में अमेरिकी नेतृत्व की शक्ति का प्रदर्शन किया है। हम लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए तथा अत्याचार और उत्पीड़न के खिलाफ दृढ़ता से खड़े हैं। बाइडेन ने कहा, रूस से लगातार बमबारी का शिकार हो रहे यूक्रेन को समर्थन की तत्काल आवश्यकता है। विधेयक में इजरायल के लिए सहायता भी शामिल है जिसने हाल ही में ईरान से अभूतपूर्व हमलों का सामना किया है। उन्होंने आगे कहा, यह महत्वपूर्ण कानून हमारे देश और दुनिया को और अधिक सुरक्षित बनाएगा। हम अपने उन दोस्तों का समर्थन करते हैं जो हमास जैसे आतंकवादियों और पुतिन जैसे अत्याचारियों के खिलाफ अपना बचाव कर रहे हैं। अमेरिकी सहायता पैकेज में सैन्य भंडार के लिए लगभग 23 बिलियन डॉलर का प्रावधान है, इसलिए पैसा अप्रत्यक्ष रूप से यूक्रेन को जाएगा और अमेरिका में ही रहेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने यूक्रेन को महत्वपूर्ण सहायता देने के लिए अमेरिकी सीनेट को धन्यवाद दिया है। जेलेंस्की ने कहा, यह बिल लोकतंत्र के प्रतीक और स्वतंत्र दुनिया के नेता के रूप में अमेरिका की भूमिका को मजबूत करता है। इससे पहले मंगलवार को पेंटागन के प्रवक्ता पैट राइडर ने वाशिंगटन में संवाददाताओं से कहा था कि कुछ ही दिनों में यूक्रेन को नई सैन्य सहायता पहुंचाई जाएगी।

# ईरान को तबाह करने के लिए पाकिस्तान दे रहा सेना के हथियार! इस आतंकी संगठन की कर रहा

**ईरान,, एजेंसी।**
ईरान की खुफिया एजेंसी से आई ऐसी रिपोर्ट कि इस्लामाबाद अब मुश्किल में। पाकिस्तान ने जैश-अल-अदल को दिए सेना में इस्तेमाल होने वाले हथियार। उसी से किए गए ईरान पर हमले। यह आई है बड़ी रिपोर्ट। इस रिपोर्ट के बाद पाकिस्तान और ईरान के रिश्तों में घुल रही मिठास में आने वाली है कड़वाहट।

पाकिस्तान में ईरान के राष्ट्रपति की यात्रा तो हो गई, लेकिन जिस दस अरब डॉलर के व्यापारिक संबंधों की उम्मीद इस्लामाबाद ने तेहरान से लगाई थी उस पर पानी फिर गया। दरअसल ईरान की खुफिया एजेंसियों के दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि जब इस्राइल ने दमिश्क के भीतर उनके दूतावास पर हमला किया, तो पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन-जैश-अल- अदल ने ईरान के कुछ इलाकों में हमले कर उनके सैन्य कर्मियों की हत्या कर दी। चौंकाने वाली रिपोर्ट यह है कि इस हमले में जिन हथियारों का इस्तेमाल हुआ था, वह पाकिस्तान की सेना इस्तेमाल करती है। यही नहीं रिपोर्ट में इस बात का भी



खुलासा हुआ है कि ईरान के खिलाफ पाकिस्तान की सेना के हथियार आतंकी संगठनों को लगातार मुहैया कराए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ईरानी खुफिया एजेंसियों के ऐसे खुलासे से पाकिस्तान और ईरान के बीच 10 अरब डालर तक के व्यापारिक संधि की उम्मीद पर पानी फिर गया है।

ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी तीन दिवसीय पाकिस्तान के दौरे पर थे, जो बुधवार को खत्म हो गया। इस दौरे में पाकिस्तान ने ईरान के साथ अपने व्यापारिक समझौता को बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार और ओपन बॉर्डर की वकालत करते हुए ईरान को रिझाने का नाटक किया। केंद्रीय खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के इस नाटक की पोल तब खुली, जब ईरान की खुफिया एजेंसियों की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट इस यात्रा के दौरान इस्लामाबाद से साझा की गई। दरअसल खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट इस बात की तस्दीक करती है कि पाकिस्तान जिस खुले बॉर्डर से व्यापार की बात कर रहा है, वहां से व्यापार की बजाय आतंकवाद ईरान में भेजा जा रहा है। खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ईरान की खुफिया एजेंसियों और प्रमुख सुरक्षा अधिकारियों ने इस्लामाबाद से जैश-अल-अदल को हथियारों की सप्लाई करने और आतंकवाद समेत हमले करने में मदद करने की पुख्ता रिपोर्ट दी है। सूत्रों के मुताबिक ईरान में हमला करने वाले आतंकी संगठन जैश अल अदल को पाकिस्तान की सेना के अत्याधुनिक हथियार मुहैया कराए जाते हैं। पाकिस्तान को यह कड़ा संदेश तेहरान ने उनकी ही जमीन पर आकर दिया है।

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दरअसल ईरान ने पाकिस्तान को इसकी हकीकत तब बताई, जब उसके ऊपर इस्राइल ने बड़ा हमला किया। इस्राइल ने दमिश्क में जब ईरान के दूतावास पर हमला किया, तो पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों ने ईरान के सिस्तान प्रांत में हमला कर दिया। ईरान की खुफिया एजेंसियों को मिले पुख्ता सुबूतों के मुताबिक यह हमला जैश-अल-अदल की ओर से किया गया था और इस हमले में इस्तेमाल किए गए हथियार पाकिस्तान की ओर से मुहैया कराए गए थे। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक जिन हथियारों से पाकिस्तान समर्थित जैश-अल-अदल ने सिस्तान में हमला किया, वह पाकिस्तान में ही बनाए जाते हैं। ईरान की खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तानी हथियारों से लैस उन आतंकवादियों की तस्वीरें भी हासिल की हैं, जिसमें हेकलर एंड कोच जी 3 जो पाकिस्तान में बनाए जाते हैं और पाकिस्तान सेना इन हथियारों का इस्तेमाल करती है। पाकिस्तान सेना के ये हथियार आतंकियों से बरामद किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच -65 पर खड़े ट्रक से टकराई कार, नवजात समेत परिवार के 6 लोगों की मौत, ओवर स्पीड ने ले ली जान

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-65) पर गुरुवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक कार के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक नवजात भी था। ओवर स्पीडिंग के कारण यह हादसा हुआ है। चार अन्य घायल भी हुए हैं। घटना सुबह करीब 4.45 बजे कोडाद ब्लॉक के दुगापुरम गांव में हुई। मृतकों की पहचान जेला श्रीकांत, मनिक्यम्मा, चंदर राव, कृष्णा राव, स्वर्णा और लास्या के रूप में की गई, जो खम्मम जिले के बोनाकल मंडल के गोविंदपुरम के मूल निवासी थे। उनकी उम्र का अभी पता नहीं चल पाया है। कोडाद के पुलिस उपाधीक्षक एम श्रीधर रेड्डी ने कहा, घायलों को इलाज के लिए कोडाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वे खतरे से बाहर हैं। रेड्डी के अनुसार, 10 व्यक्तियों का परिवार एक चर्च कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हैदराबाद से विजयवाड़ा तक अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन में यात्रा कर रहा था। डीएसपी ने बताया, जैसे ही वे दुर्गापुरम पहुंचे, उनकी कार 100-110 किमी प्रति घंटे की गति से यात्रा करते हुए सड़क के किनारे खड़ी एक लॉरी से टकरा गई। एक शिशु सहित छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस को संदेह है कि एसयूवी की ओवरस्पीड के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा, ड्राइवर ने स्पष्ट रूप से ट्रक पर ध्यान नहीं दिया, जो खराब होकर सड़क के किनारे खड़ा था। रेड्डी ने कहा, हमने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रहे हैं।



### आदि कैलास यात्रा शुरू होने की आ गई डेट, पीएम मोदी के दर्शन के बाद बढ़ा क्रेज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आदि कैलास यात्रा सड़क मार्ग से इसी माह अंतिम सप्ताह से शुरू हो जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर इसकी तैयारी कर ली गई है। आदि कैलास मार्ग में जमा बर्फ को हटाने में सीमा सड़क संगठन तेजी से जुटा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले साल आदि कैलास दर्शनों के बाद से ही यहां विश्व प्रसिद्ध आदि कैलास यात्रा जाने के लिए भारी संख्या में यात्री आ रहे हैं। प्रशासन की तरफ से सड़क खुलने के तत्काल बाद श्रद्धालुओं को शिवधाम जाने की अनुमति दे दी जाएगी। बतादें कि 10 मई को आदि कैलास मंदिर के कपाट खुलेंगे और वहां पूजा अर्चना शुरू होगी। इससे पहले पर्यटक आदि कैलास पर्वत और ओम पर्वत के दर्शन कर सकेंगे। यात्रा को सुगम बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। पिथौरागढ़। सीमांत के उच्च हिमालयी क्षेत्रों की चोटियां गर्मी में भी बर्फ से लकदक हैं। धारचूला से लेकर मुनस्यारी तक उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ है। मुनस्यारी में अप्रैल के इन 24 दिनों में सात बार बर्फ गिर चुकी है। कई जगह बर्फ एक से दो फीट तक जमा हो चुकी है। नियमित अंतराल में हो रही बर्फबारी के बाद मुनस्यारी में ठंड अभी भी बनी हुई है। मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्र पंचाचूली, राजरम्भा, हसलिंग, छिपलाकेदार, मिलम, लास्पा आदि में ताजा हिमपात हुआ। पिथौरागढ़। आदि कैलास एवं ओम पर्वत के दर्शन करा रही ट्रिप टू टैंपल कंपनी को एक और हेलीकॉप्टर की स्वीकृति मिल गई है। कंपनी के ऑपरेशनल मैनेजर अभिनव ने बताया की 26 अप्रैल से 9 मई तक कंपनी के दो हेलीकॉप्टर पिथौरागढ़ से गुंजी के लिए उड़ेंगे। अब तक 110 यात्रियों ने हेली सेवा से रजिस्ट्रेशन कर लिया है। यहां हेली से यात्रा 15 अप्रैल से प्रारंभ हुई थी। अब तक 34 यात्रियों ने हेली से आदि कैलास व ओम पर्वत के दर्शन किए हैं।

### राहुल गांधी के साथ पूरी भारत जोड़ो यात्रा करने वाले नेता बीजेपी में शामिल, कहा- समाज को बांट रही है कांग्रेस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस को झटके लगाना जारी हैं। खबर है कि अब कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर सुश्रुत गौड़ा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। खास बात है कि गौड़ा ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में भाग लिया था। उन्होंने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बुधवार को गौड़ा ने भाजपा का दामन थामा। खास बात है कि उन्हें हाल ही में कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव बनाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसे लेकर कर्नाटक कांग्रेस के प्रवक्ता एचए वेंकटेश का कहना है कि गौड़ा के जाने से मैसूर में कांग्रेस को खास असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि वह पार्टी में सक्रिय नहीं थे। रिपोर्ट के मुताबिक, गौड़ा ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के विजन से प्रेरित थे। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य लोगों की सेवा करना है और मुझे लगता है कि मेरा सपना पूरा करने के लिए भाजपा सबसे अच्छी पार्टी है। गौड़ा की एंट्री से भाजपा को एक और वोक्कलिगा नेता मिल गया है। उन्होंने कहा, भाजपा में सही लोग हैं, वो सही जगह है और उन लोगों को मौका देने के लिए जानी जाती है जो समाज के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस गंदी तरकीबों से जाति के आधार पर समाज को बांट रही है। भाजपा के चुनाव प्रभारी राधा मोहन दास ने गौड़ा को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम सीएन अश्वथ नारायण भी मौजूद रहे।

# हम चुपचाप हाथ धरे बैठे नहीं रहेंगे, पिद्दी से मुस्लिम देश अजरबैजान ने भारत को क्यों दी गीदड़भभकी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में ईरान से सटे मुस्लिम देश अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा है कि अगर भारत और फ्रांस ने उसके पड़ोसी और दुश्मन देश आर्मेनिया को हथियारों की सप्लाई की तो वह चुपचाप हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठा रहेगा। अलीयेव ने कहा कि अगर उन्हें लगा कि खतरा बड़ा है तो वो उचित जवाब देंगे। अजरबैजान की तरफ से यह बयान तब आया है, जब भारत और फ्रांस ने आर्मेनिया को हथियार देने पर सहमति जताई है।



**अजरबैजान के राष्ट्रपति ने क्या कहा :** अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा, जब फ्रांस, भारत और ग्रीस हमारे खिलाफ आर्मेनिया को हथियार देंगे तो हम चुपचाप नहीं बैठ सकते। हम हाथ पर हाथ धरे बैठे नहीं रह सकते। दरअसल, काकेशस पर्वत माला की तलहटी में बसे इस पिद्दी से देश का पड़ोसी आर्मेनिया से रिश्ते अच्छे नहीं हैं। दोनों देशों के बीच लंबे समय से संघर्ष होता रहा है।

**भारत से क्यों रक्षा डील :** ऐसे में आर्मेनिया ने करीब 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के हथियारों की डील रूस से की थी लेकिन यूक्रेन से जंग लड़ रहा रूस उस ऑर्डर को पूरा करने में विफल रहा। इसके बाद आर्मेनिया ने हथियारों की आपूर्ति के लिए नए साथी की तलाश शुरू की। उसकी खोज भारत पर आकर खत्म हुई। इस बीच, फ्रांस, भारत और ग्रीस ने जहां मिलकर आर्मेनिया की मदद करने का फैसला किया, वहीं दो कट्टर इस्लामिक देश तुर्की और पाकिस्तान ने मजहबी साथ देते हुए अज़रबैजान का पक्ष लिया।

बता दें कि आर्मेनिया ने हाल के वर्षों में अपना रक्षा बजट दोगुना कर दिया है। 2022 में जहां उसका रक्षा पर खर्च 700 से 800 मिलियन डॉलर हुआ करता था, वह अब बढ़कर 2024 में 1.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। यूरिशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, आर्मेनिया की रक्षा और सुरक्षा मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष एंड्रानिक कोचरियन ने हाल ही में भारत का नाम लिए बिना कहा था कि आर्मेनिया द्वारा खरीदे गए नए हथियार ÷बहुत संतोषजनक÷ साबित हुए हैं। आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच विवाद की जड़ दो काकेशियन पड़ोसियों के बीच विवाद की मुख्य जड़, नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र है, जहां लंबे समय से दोनों देशों के बीच संघर्ष होते रहे हैं। यह काला सागर और कैस्पियन सागर के बीच अंतरमहाद्वीपीय क्षेत्र है। हाल ही में अजरबैजान ने इस विवादित क्षेत्र में एक सैन्य अभियान शुरू किया था, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। इस इलाके को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अज़रबैजान के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है लेकिन इसके निवासी मुख्यतः जातीय रूप से अर्मेनियाई हैं। यानी यहां के लोग आर्मेनिया सरकार का समर्थन करते हैं।

**मेड इन इंडिया हथियारों का मुरीद आर्मेनिया :** अजरबैजान के हमले के बाद अक्टूबर 2023 में, फ्रांस ने आर्मेनिया को सैन्य सहायता का वादा किया था। तब से फ्रांस राजनीतिक स्तर पर ही आर्मेनिया को मदद करता आ रहा था। यूक्रेन युद्ध के बाद कई यूरोपीय देशों ने रूस के खिलाफ यूक्रेन का साथ दिया और सैन्य मदद की। ऐसे में आर्मेनिया ने भारत की तरफ सैन्य आयात के लिए हाथ बढ़ाए। इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि आर्मेनिया भारत से ब्रह्मोस मिसाइल और इजरायली तकनीक से भारत में विकसित मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल की खरीद में भी रुचि ले रहा है। बता दें कि अजरबैजान और आर्मेनिया दोनों के साथ भारत के राजनयिक संबंध हैं, जो मध्य एशिया और ईरान के माध्यम से रूस और यूरोप के साथ नई दिल्ली की कनेक्टिविटी के लिए भौगोलिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। आर्मेनिया कश्मीर पर भारत की स्थिति का समर्थन करता रहा है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के लिए स्थायी सीट का भी समर्थक रहा है। इस बीच, पाकिस्तान के साथ अजरबैजान की निकटता ने आर्मेनिया का पलड़ा नई दिल्ली के पक्ष में और झुका दिया है।अजरबैजान एशिया महाद्वीप का एक देश है जिसकी सीमा रूस, जॉर्जिया, आर्मेनिया और ईरान से लगती है। इस देश के पूर्व की सीमा कैस्पियन सागर से लगती है। उत्तर और पश्चिम का अधिकांश भाग काकेशस पर्वत से ढका हुआ है। इसका कुल क्षेत्रफल 86600 वर्ग किलोमीटर है, जो बिहार और बंगाल से भी कम है, जबकि आबादी एक करोड़ के करीब है।

## पुरुषोत्तम रुपाला की गलती बीजेपी को पड़ेगी भारी? राजपूत समाज इन 10 सीटों पर दम दिखाने को तैयार

**राजकोट, एजेंसी।** क्षत्रिय समाज ने राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला को लेकर भाजपा के खिलाफ आर-पार की लड़ाई छेड़ दी है। क्षत्रिय समाज 7 मई से पहले गुजरात में चार महासम्मेलन या बड़ी जनसभाएं करेगा, ताकि भाजपा द्वारा राजकोट से रुपाला का टिकट न काटने के फैसले का विरोध किया जा सके। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए आगामी 7 मई को मतदान होगा। क्षत्रिय समुदाय, जिसे राजपूत भी कहा जाता है, हाल में ही एक चुनावी रैली में केंद्रीय मंत्री रुपाला द्वारा दिए गए विवादित बयान कि कई राजपूत शासकों ने ब्रिटिश और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों की मदद की और उनसे रोटी और बेटी के संबंध रखे, को लेकर नाराज है। बता दें कि, रुपाला अपने बयान के लिए माफी भी मांग चुके हैं, लेकिन इससे क्षत्रिय समाज का रोष कम नहीं नहीं हुआ।



**इन सीटों पर राजपूतों का जोर :** राजपूत समन्वय समिति के प्रवक्ता करणसिंह चावड़ा ने बुधवार को राजकोट एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि उनका लक्ष्य कम से कम दस सीटों पर भाजपा को हराना है, जहां राजपूत काफी अधिक संख्या में हैं। राजकोट, सुरेंद्रनगर, जामनगर, भावनगर, कच्छ, बनासकांठा, पाटन, साबरकांठा, मेहसाणा और भरूच में राजपूतों की संख्या काफी अधिक है।

चावड़ा ने कहा, मतदान के दिन से पहले, हम भाजपा उम्मीदवारों की हार सुनिश्चित करने के लिए लोगों तक पहुंचने के लिए अगले महीने चार बड़ी सभाएं आयोजित करेंगे। हम 27 अप्रैल को विसनगर में क्षत्रिय समाज की एक सभा के साथ इसकी शुरुआत करेंगे, उसके बाद 28 अप्रैल को बारडोली में एक सभा करेंगे। 1 मई को आनंद शहर में और 2 मई को जामनगर में सभा करेंगे।

**अन्य समुदायों को भी जोड़ने की कोशिश :** उन्होंने कहा कि जामनगर की सभा के बाद क्षत्रिय समाज राजकोट पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगा और अन्य समुदायों को साथ लेकर रुपाला को हराने की कोशिश करेगा। यह लड़ाई केवल राजपूत महिलाओं के नहीं, बल्कि सभी महिलाओं के आत्मसम्मान के बारे में है। चावड़ा ने कहा कि राजकोट जिले में हमारे सदस्यों ने पहले से ही वार्ड, तालुका और गांव स्तर पर कार्यालय बना लिए हैं और अन्य समुदायों के मतदाताओं को हमारा समर्थन करने के लिए मनाने के लिए छोटी सभाएं आयोजित करना शुरू कर दिया है।

## बसपा प्रत्याशी से इंस्पेक्टर बन ठगी की कोशिश, बच्चों को छोड़ने के बदले मांगी इतनी रकम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एटा में बसपा प्रत्याशी के पास साइबर अपराधी ने इंस्पेक्टर बनकर कॉल की और उनके बच्चे छोड़ने के एवज में रुपये मांगे। कॉल के बाद पहले वह घबरा गए। जानकारी होने के बाद पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद उन्होंने कहा कि वह प्रत्याशी हैं, कुछ लोग छवि को खराब भी करना चाहते हैं। मोहल्ला न्यू रैवाड़ी निवासी मोहम्मद इरफान एटा लोकसभा से बसपा के प्रत्याशी है। बुधवार सुबह दस बजे उनके पास एक कॉल आई। कॉल उठाने पर कॉलर ने अपने-आप को दरोगा उदयभान बताया और उन्हें धमकाने लगा। पीड़ित से अनर्गल बातें करते हुए बच्चों को अपनी कस्टडी में बताया और कहा कि बच्चों को छोड़ दूंगा और भी लोग फंसे हुए है। दूसरे नंबर से कॉल करने की बात कहते हुए कॉल काट दी। दूसरे नंबर से उनके पास व्हाट्सएप कॉल आती है। बताया कि हम चार पुलिस इंस्पेक्टर हैं जो तुम्हारी मदद कर सकते हैं। 15 हजार रुपये के हिसाब से चारों का पैसा एप के माध्यम से तुरंत भेज दीजिए। साइबर अपराधी ने पीड़ित को नंबर दे दिया। पहले तो कुछ देर के लिए घबरा गए। बाद में जानकारी हो गई। बताया कि पीड़ित को साइबर अपराधी ठगना चाहता है। ब्लैकमेल करके अनावश्यक रूप से मेरी छवि खराब करना चाहते हैं।

# हाथरस लोकसभा सीट समीकरण, तीन दशक से भाजपा का दबदबा, सपा-बसपा ने लगाया जोर

**हाथरस, एजेंसी।** हाथरस लोकसभा सीट पर राम मंदिर आंदोलन के बाद से हमेशा भाजपा का ही दबदबा रहा है। 1991 से ही भाजपा का इस सीट पर कब्जा है। केवल 2009 में रालोद के पास यह सीट गई थी। हालांकि उस समय भी रालोद भाजपा के साथ थी। गठबंधन के तहत उसे सीट मिली थी। मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पिता किशन लाल दिलेर यहां से लगातार चार बार सांसद रहे हैं। हालांकि इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर को टिकट नहीं दिया है। उनकी जगह अनूप वाल्मीकि को उतारा गया है। सपा की तरफ से रामपुर मनिहार के प्रभारी जसवीर वाल्मीकि को मौका दिया गया है। बसपा ने हेमबाबू धनगर पर दांव लगाया है। राम मंदिर आंदोलन वाले वर्ष 1991 में भाजपा से डा. लाल बहादुर रावल चुनाव जीते। वर्ष 1996, 1998, 1999 और 2004 में लगातार किशलाल दिलेर चुनाव जीते। वर्ष 2014 में राजेश दिवाकर और फिर 2019 में राजवीर दिलेर यहां से जीतकर लोकसभा पहुंचे। हाथरस जिले का गठन 3 मई 1997 को अलीगढ़, मथुरा और आगरा जिले के हिस्सों को मिलाकर किया गया था। मायावती सरकार में जिले का नाम गौतम बुद्ध की माता के नाम पर महामाया रखा गया था। साल 2012 में दोबारा इसे हाथरस कर दिया गया। हाथरस सुरक्षित सीट पर हमेशा ही भाजपा का दबदबा रहा है। अब तक हुए कुल 15 चुनावों में सात बार भाजपा जीती है। 2009 में भाजपा गठबंधन से रालोद प्रत्याशी लोकसभा पहुंची थीं। कांग्रेस के चार बार सांसद हाथरस लोकसभा सीट से बने हैं। दो बार जनता पार्टी और एक बार जनता दल के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। यह सीट मुस्लिम-जाट वोटर बाहुल्य क्षेत्र है। कोरी समाज के लोगों का भी इस लोकसभा सीट पर अच्छा खासा प्रभाव है। पिछले चुनावी आंकड़ों के अनुसार यहां पर करीब 17 लाख से अधिक मतदाता हैं। इनमें से करीब 9.6 लाख पुरुष वोटर और 7.8 लाख महिला मतदाता हैं। हाथरस लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें छर्रा, इगलास, हाथरस, सादाबाद और सिकंदरा राऊ आती हैं। चार सीटों पर भाजपा और सादाबाद सीट पर रालोद का कब्जा है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के राजवीर दिलेर ने 6,84,299 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। सपा के राम जी लाल सुमन को 4,24,091 वोट मिले थे। कांग्रेस के त्रिलोकी राम केवल 23,926 वोट हासिल कर सके थे। इससे पहले 2014 में बीजेपी के राजेश कुमार दिवाकर 5,44,277 वोट हासिल कर जीते थे।



# मेरे अंतिम संस्कार में तो आ जाना, दामाद के लिए प्रचार करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे भावुक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने गृहक्षेत्र कलबुर्गी में जनता से भावुक अपील की है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि भले ही वे आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में वोट न करना चाहते हों, लेकिन अगर उन्हें लगता है कि मैंने उनके लिए काम किया है तो कम से कम मेरे अंतिम संस्कार में शामिल हो जाना। जिले के अफजलपुर में एक चुनावी रैली में 81-वर्षीय नेता ने यह भी कहा कि अगर उन्होंने (लोगों ने) कांग्रेस उम्मीदवार को वोट नहीं दिया तो उन्हें लगेगा कि कलबुर्गी में अब उनके लिए कोई जगह नहीं है।

कांग्रेस ने खरगे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि को भाजपा के मौजूदा सांसद उमेश जाधव के खिलाफ कलबुर्गी से मैदान में उतारा है। खरगे ने कहा, अगर आप इस बार (कांग्रेस उम्मीदवार को) अपना वोट देने से चूक गए, तो मैं सोचूंगा कि मेरे लिए यहां कोई जगह नहीं है और मैं आपका दिल नहीं जीत सका। कांग्रेस नेता ने इस सीट से 2009 और 2014 में चुनाव जीता था लेकिन 2019 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, आप हमें (कांग्रेस को) वोट दें या नहीं, लेकिन अगर आपको लगता है कि मैंने कलबुर्गी के लिए काम किया है तो कम से कम मेरे अंतिम संस्कार में जरूर आएं। उन्होंने यह भी कहा कि वह भाजपा और आरएसएस की विचारधारा को हराने के लिए अपनी आखिरी सांस तक राजनीति में बने रहेंगे। खरगे ने जोर देकर कहा, मेरा जन्म राजनीति के लिए हुआ है। मैं चुनाव लड़ूं या नहीं लड़ूं, लेकिन इस देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए अपनी आखिरी सांस तक प्रयास करूंगा। मैं राजनीति से संन्यास नहीं लूंगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति पद से होती है लेकिन किसी को अपने सिद्धांतों से सेवानिवृत्त नहीं होना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं भाजपा और आरएसएस की विचारधारा को हराने के लिए पैदा हुआ हूं, न कि उनके सामने आत्मसमर्पण करने के लिए।




उन्होंने उनके साथ मंच साझा करने वाले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को भी उनके सिद्धांतों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मैं सिद्धरमैया से बार-बार कहता हूं कि आप मुख्यमंत्री या विधायक के रूप में सेवानिवृत्त हो सकते हैं, लेकिन आप तब तक राजनीति से संन्यास नहीं ले सकते जब तक आप भाजपा और आरएसएस की विचारधारा को नहीं हरा देते।

## चंद्रयान-3 क्यों जरूरी था ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन, इसरो चीफ सोमनाथ ने बताई वजह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चंद्रयान-3 मिशन का महत्व सिर्फ अंतरिक्ष अध्ययन तक सीमित नहीं है। बल्कि, यह वैज्ञानिक समुदाय को बढ़ावा देने, इंजीनियरिंग और विज्ञान जैसे व्यापक क्षेत्रों में भागीदारी पर जोर देने तक फैला हुआ है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बुधवार को यह बात कही। बीते साल अगस्त में चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर सफल लैंडिंग की थी। सोमनाथ ने यहां मीडिया से बातचीत करते हुए एक वैज्ञानिक पूल विकसित करने के महत्व पर जोर दिया जो न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण को बढ़ावा देता हो बल्कि विविध औद्योगिक अवसरों की भी तलाश करता हो। उन्होंने जोर दिया कि चंद्रयान-3 का महत्व न सिर्फ अंतरिक्ष अनुसंधान बल्कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में दिलचस्पी बढ़ाने, इन क्षेत्रों में चुनौतियों और प्रगति को पेश कर युवा पीढ़ी को आकर्षित करने में है।

उन्होंने कहा कि चंद्रमा मिशन की सफलता ने इंजीनियरिंग, गणित और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के लिए भी रास्ते खोले हैं। उन्होंने कहा, हमें युवा पीढ़ी को आकर्षित करना होगा और उन्हें विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में चुनौतियों और कामकाजी माहौल में सुधार के बारे में अवगत कराना होगा। चंद्रमा मिशन की सफलता से वह उत्साह पैदा हुआ है।

सोमनाथ ने कहा, हम आईटी क्षेत्र में बहुत अच्छी स्थिति में हैं और अग्रणी नियोक्ताओं में से एक बने हुए हैं, और अब हमने इलेक्ट्रॉनिक्स शुरू की है। यदि आप इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों को देखते हैं, तो हम शीर्ष की ओर नहीं देख रहे हैं। हम प्रणालियों के आपूर्तिकर्ता हैं। लेकिन हार्डवेयर सिस्टम के निर्माता नहीं हैं, धीरे-धीरे यह हो रहा है। उन्होंने अंतरिक्ष अन्वेषण से लेकर वैश्विक बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए एक मजबूत विनिर्माण आधार स्थापित करने तक इसरो की बढ़ती भूमिका का जिक्र किया। अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ सहयोग के संबंध में सोमनाथ ने कहा कि इसरो एक संयुक्त उपग्रह निसार बना रहा है। उन्होंने कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन विभिन्न देशों की भागीदारी में तैयार हो रहा है और इसरो इसके लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, जापान, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के साथ गठजोड़ कर रहा है।



# तिहाड़ में भिड़े दो गुट क्बोली- वहां कई हत्याएं हुई, केजरीवाल के साथ ऐसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं ये लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ ये लोग (भाजपा) खिलवाड़ कर रहे हैं। जब तिहाड़ जेल में एक नहीं कई हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं तो अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं। दिल्ली की तिहाड़ जेल में कैदियों के बीच झड़प हो गई। कैदियों ने एक दूसरे पर सुए से हमला किया, जिसमें चार कैदी घायल हो गए। इस घटना के बाद एक बार फिर आम आदमी पार्टी ने तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा बताया है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ ये लोग (भाजपा) खिलवाड़ कर रहे हैं। जब तिहाड़ जेल में एक नहीं कई हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं तो अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं। 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी रखी जाती है। उनके खिलाफ गहरा षडयंत्र चल रहा है। आप (भाजपा) 23 दिन तक उनके (अरविंद केजरीवाल) जीवन के साथ खिलवाड़ करते रहे। आपने उन्हें इंसुलिन नहीं दिया।



संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के जेल प्रशासन की साजिश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नुकसान पहुंचाने की है। उनके साथ आतंकवादियों की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी मुलाकातें किसी खूंखार अपराधियों की तरह शीशे की दीवार खड़ी करके कराई जा रही है। तिहाड़ जेल में पिछले 1-2 वर्षों में कई हत्याएं हो चुकी हैं। ऐसे में अगर वहां सीएम केजरीवाल को कुछ हो जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? अरविंद केजरीवाल जी के साथ जेल में कुछ भी होता है तो ये लोग तो मुंह बनाकर कैमरे पर आ जाएंगे।

आप सांसद ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकार और पार्टियां तोड़कर अपनी सरकार बना ली। इन लोगों ने राज्यों में चुनाव से नहीं बल्कि खरीद-फरोख्त करके सरकार बनाई। इनके उम्मीदवार और नेता कह रहे हैं, 400 सीट दे दो, संविधान बदलना है। इनका मकसद ही देश के संविधान और आरक्षण को खत्म करना है। 2024 का चुनाव अंतिम चुनाव है। इस चुनाव में अगर नरेंद्र मोदी और भाजपा जीतती है तो आगे से देश में चुनाव होंगे ही नहीं। इसकी शुरुआत गुजरात के सूरत से हो चुकी है। अगर ये लोग जीत जाते हैं तो देश में संविधान, आरक्षण और जनता के अधिकार खत्म हो जायेंगे। बाबा साहब के संविधान को खत्म करके आरएसएस के संविधान से देश चलाया जाएगा।

**आपसी झगड़े में चार कैदी हुए घायल :** दिल्ली के तिहाड़ जेल की जेल संख्या 3 कैदियों के दो गुट आपस में भिड़ गए। कैदियों ने झगड़े में सुए का इस्तेमाल किया। झगड़ में चार कैदी घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम की घटना है, जेल नंबर तीन में बाथरूम जाने को लेकर विवाद हुआ था। चार कैदियों ने एक दूसरे पर सुए से हमला किया। घायलों की पहचान भूपेश, दीपक, दिनेश और दीपक के रूप में हुई है। हरीनगर थाना पुलिस ने मामला किया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

# पंत को टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए: संजय मांजरेकर



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि ऋषभ पंत वो काम कर सकते हैं जो ज्यादातर भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं कर सकते और इसलिए उन्हें टी20 विश्व कप टीम में होना चाहिए। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 44 रन की पारी खेलने के बाद पंत ने बुधवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ 204.6 के स्ट्राइक रेट से आठ छक्के और पांच चौके लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनकी 43 गेंदों में 88 रन की पारी ने डीसी को गुजरात के खिलाफ 4 विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया।

जब पंत ने अक्षर पटेल के साथ हाथ मिलाया तो डीसी 3 विकेट पर 44 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेंदों में 113 रन जोड़े। संजय मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, ÷हम जिस कारण से इस पर बहस कर रहे हैं उसका एकमात्र कारण हमारे पास मौजूद विकल्प है। एक विकल्प के रूप में संजू सैमसन और केएल राहुल हैं, दोनों बहुत ही रोमांचक हैं लेकिन बात ऋषभ पंत की है और यही कारण है कि मैं 15 में, प्लेइंग 11 में भी हर समय उनका समर्थन करूंगा, बड़े मंच पर आएं, सेमी- टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल, यह वह व्यक्ति है जो 60 गेंदों में शतक लगाएगा और मैच जीतेगा।

उन्होंने कहा, अब यह कुछ ऐसा नहीं है जिसे भारतीय टीम में बहुत से लोग करेंगे। हमने देखा है कि भारतीय टीम फाइनल राउंड में पहुंची और बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, ऋषभ पंत स्वभाव से एक अलग तरह के स्थान पर हैं जहां आप जानते हैं कि इस तरह का मंच, उन्हें और अधिक फलने-फूलने की अनुमति देता है। वह उस तरह की स्थिति में आराम करते हैं।

यह पंत का 2024 आईपीएल सीज़न का सर्वोच्च स्कोर था क्योंकि उन्होंने पहले ही नौ मैचों में 48.86 की औसत के साथ तीन अर्धशतक सहित 342 रन बनाए हैं। उनकी 88 रनों की तूफानी नाबाद पारी ने टी20 विश्व कप में विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान की लड़ाई में स्टार बल्लेबाज का पक्ष लिया है। भारत के एक अन्य पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने पंत के प्लेइंग इलेवन में शामिल होने को लेकर आश्वस्त थे और कहा, ÷वह मेरे प्लेइंग 11 में हैं। आज से पहले, मुझे लगता है कि हमने खेल से पहले भी यह बातचीत की थी और मैंने बिना किसी संदेह के कहा था कि ऋषभ पंत मेरी प्लेइंग 11 में आता है। दीप दासगुप्ता ने कहा,डेढ़ साल पहले जो कुछ हुआ उसके बाद आईपीएल शुरू होने से पहले एकमात्र संदेह उनकी फिटनेस का स्तर था। वह किस प्रकार की शारीरिक स्थिति में है और यदि वह फिट है जैसा कि वह है, तो वह फिट से भी बेहतर है। दरअसल, आप जानते हैं कि मैं उनसे क्या बातें कर रहा था. पिछले चार या पांच महीनों में उसका वजन छह किलो कम हो गया है और वह वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा है। तो हाँ, आइए बात करते हैं ऋषभ पंत के बारे में। मेरा मतलब है कि वह अधिक फिट है, वह तेज है, वह बेहतर बल्लेबाजी कर रहा है। बिना किसी संदेह के, जहां तक मेरा सवाल है, मुझे लगता है कि यह कोई बहस ही नहीं है। 15, हाँ, वह वहाँ है। 1 मई को आईसीसी की सबमिशन की समय सीमा भाग लेने वाली टीमों को 25 मई तक अपने प्रारंभिक चयन में बदलाव करने की अनुमति देती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम? चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले फंसा पेच



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में 2025 में होना है, लेकिन भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए वहां जाएगी या नहीं इस पर कोई अधिकारिक रिपोर्ट नहीं आई है. इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीम इंडिया वहां खेलने नहीं जाएगी. भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान खेलने नहीं जाती है तो क्या होगा. इस पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान दिया है. एक सूत्र ने कहा, अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आधिकारिक तौर पर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करता है तो विकल्पों पर विचार करेगा. दरअसल, हाल में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें ऐसा कहा गया था कि भारत अगले साल पड़ोसी देश में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा. सूत्र ने बताया, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पहले ही कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के साथ तटस्थ स्थान पर द्विपक्षीय सीरीज खेलने के लिए तैयार है, अगर भारत अगले साल पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए सहमत हो . इस सूत्र ने कहा, रोहित शर्मा के बयान और बीसीसीआई के सूत्र पर आधारित रिपोर्ट पर स्पष्ट विरोधाभास है. इससे साफ पता चलता है कि अगर बात क्रिकेट की हो तो खिलाड़ी इच्छुक हैं और उन्हें घरेलू मैदानों पर एक-दूसरे के साथ खेलने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन भारत का राजनीतिक नेतृत्व है, जो ऐसा नहीं करना चाहता है.

### पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें फाइनल में, बोम्मदेवरा ने रिकॉर्ड में किया सुधार



**शंघाई, एजेंसी।** भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। महिला वर्ग में मौजूद विश्व चैंपियन भारत ने तुर्किये और एस्तोनिया को शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने सत्र के शुरुआती तीरंदाजी विश्व कप के फाइनल में जगह बनाकर देश का पदक पक्का कर दिया। इसके साथ ही धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुषों के रिकर्व क्वालिफिकेशन राउंड में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ तीसरा स्थान हासिल किया।

अनुभवी अभिषेक वर्मा, उभरते हुए तीरंदाज प्रथमेश भालचंद्र फुगे और मौजूदा अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश की चौथी वरीयता प्राप्त पुरुष टीम ने फिलीपींस और डेनमार्क को शिकस्त देने के बाद सेमीफाइनल में कोरिया की मजबूत चुनौती को खत्म की। भारतीय पुरुष टीम के सामने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल में नीदरलैंड की चुनौती होगी। भारतीय पुरुष टीम ने करीबी मुकाबले में कोरिया को 235-233 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस मुकाबले के शुरुआती दो दौर के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी, लेकिन भारत ने 59 के स्कोर के साथ कोरिया को पछाड़ा।

# रसिख सलाम पर बीसीसीआई का एक्शन आईपीएल की आचार संहिता का किया उल्लंघन



**नईदिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दार पर बुधवार 24 अप्रैल, बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान अत्यधिक जश्न मनाने के लिए जुर्माना लगाया गया है। डीसी ने आखिरी ओवर के रोमांचक मुकाबले में 4 रन से जीत दर्ज की और अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखा। डीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 224 रन बनाए थे, इस स्कोर के सामने जीटी निर्धारित 20 ओवर में 220 ही रन बना सकती थी।

रसिख ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। इसमें ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करना शामिल है जो अपमान करते हैं या जो किसी अन्य खिलाड़ी की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकते हैं।

आईपीएल की प्रेस रिलीज के अनुसार दार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। रसिख सलाम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार गेंदबाज की थी, 4 ओवर के कोटे में उन्होंने 44 रन खर्च कर साई सुदर्शन, शाहरुख खान और साई किशोर के रूप में तीन बड़ी विकेट चटकाई थी। बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने कप्तान ऋषभ पंत की 88 रनों की नाबाद पारी के दम पर निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 224 रन बोर्ड पर लगाए। इस स्कोर का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम 20 ओवर में 220 के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब रही। जीटी की ओर से साई सुदर्शन ने 65 तो डेविड मिलर ने 55 रनों की पारी जरूर खेली, मगर वह अपनी टीम को जीत की दहलीज पार नहीं करा पाए। दिल्ली के लिए रसिख दार सलाम ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए।

# भारत की महिला फुटबॉल टीम की कोच बनने को तैयार चाओबा देवी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है। आईएम विजयन की अगुवाई वाली अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ी लांगम चाओबा देवी के नाम की सिफारिश राष्ट्रीय महिला फुटबाल कोच पद के लिए की है जिससे वह इस पद की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। देवी (51 वर्ष) ने 1999 एशियाई चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की थी। वह भारतीय टीम की सहायक कोच भी रह चुकी हैं। मणिपुर की इस खलाड़ी ने 1998 बैंकॉक एशियाई खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।



एआईएफएफ ने कहा, 'काफी सोच विचार के बाद समिति ने एल चाओबा देवी के नाम की सिफारिश भारतीय सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच पद के लिए की है।' देवी पूर्वोत्तर की एकमात्र महिला कोच हैं जिनके पास एएफसी का 'ए' लाइसेंस कोचिंग प्रमाण पत्र है। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति इस सिफारिश को अगली बैठक में मंजूरी देगी। सिफारिश का मतलब लगभग नियुक्ति तय होना है।

समिति ने प्रिया पीवी और रोनीबाला चानू के नाम की सिफारिश क्रमश~ सहायक और गोलकीपिंग कोच के पद के लिए की है। समिति ने पुरुष अंडर-16 और अंडर-19 टीम के कोच की नियुक्ति पर भी चर्चा के बाद कुछ नामों की सिफारिश की।

# गुकेश का स्वदेश लौटने पर हुआ भव्य स्वागत, एयरपोर्ट पर जुटे प्रशंसक



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीतकर गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ा था। वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। गुकेश टोरंटो में हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। गुकेश गुरुवार देर रात चेन्नई पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर भारी संख्या में मौजूद प्रशंसकों ने उनका स्वागत किया।

**गुकेश की एक झलक पाने को बेताब दिखे फैंस**

वेलामल विद्यालय जहां गुकेश पढ़ते हैं वहां के सैकड़ों छात्र एयरपोर्ट पर करीब एक घंटे तक उनका इंतजार करते रहे। इसके अलावा जैसे-जैसे गुकेश की फ्लाइट लैंड होने का समय नजदीक आता गया वैसे-वैसे एयरपोर्ट पर फैंस की भीड़ बढ़ती चली गई। यह युवा शतरंज खिलाड़ी करीब तीन बजे एयरपोर्ट से बाहर आया और उन्हें तुरंत वहां मौजूद फैंस ने घेर लिया। फैंस ने गुकेश को माला पहनाई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए मेहनत करनी पड़ी। गुकेश की मां पदमा जो एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं वह भी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गुकेश का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थीं। गुकेश ने भीड़ के बीच जैसे ही अपनी मां को देखा उनके चेहरे पर मुस्कान देखने मिली। इसके बाद गुकेश अपनी मां से गले मिले। गुकेश के पिता रजनीकांत जो पेशे से एएनटी सर्जन हैं, लेकिन उनका समर्थन करने के लिए उन्होंने अपने प्रैक्टिस छोड़ दी थी, वो गुकेश के साथ टोरंटो गए थे।

गुकेश ने एयरपोर्ट के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा, घर लौटकर काफी खुशी हो रही है, यह एक विशेष उपलब्धि है। मैं टूर्नामेंट की शुरुआत से ही अच्छी स्थिति में था। मुझे पूरा भरोसा था कि मैं यह टूर्नामेंट जीत लूंगा और भाग्य ने भी मेरा साथ दिया। यह देखना सुखद है कि लोग शतरंज को पसंद कर रहे हैं। मैं तमिलनाडु सरकार, अम्मा (मां), अप्पा (पिता), कोच, दोस्तों, परिवार, प्रायोजक और अपने स्कूल को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस टूर्नामेंट को जीतने में मेरी काफी मदद की।

## गुकेश की जीत के बाद एआईसीएफ उठाएगा बड़ा कदम, चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए लगाएगा बोली



**चेन्नई, एजेंसी।** लिरेन और 17 वर्षीय गुकेश के बीच विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले के तारीख और आयोजन स्थल की घोषणा अब तक नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों खिलाड़ियों के बीच साल के अंत में यह यह चैंपियनशिप होगी। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जीतने के बाद अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के सचिव देव पटेल ने गुरुवार को कहा कि भारत गुकेश और गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच साल के अंत में होने वाले विश्व चैंपियनशिप के मेजबानी अधिकार हासिल करने के लिए बोली लगाएगा। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीतकर गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तोड़ा था। वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। लिरेन और 17 वर्षीय गुकेश के बीच विश्व चैंपियनशिप के मुकाबले के तारीख और आयोजन स्थल की घोषणा अब तक नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों खिलाड़ियों के बीच साल के अंत में यह चैंपियनशिप होगी। अब एआईसीएफ के सबसे युवा सचिव देव पटेल ने इस बात की जानकारी दी है कि महासंघ इस चैंपियनशिप की बोली लगाने के इच्छुक है। देव ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, हम शतरंज की वैश्विक संस्था फिडे से इस बारे में चर्चा करेंगे और हमारी कोशिश रहेगी कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ चैंपियनशिप का आयोजन भारत में ही हो। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य फिडे को विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी का प्रस्ताव देना ही नहीं, बल्कि देश में शतरंज को लोकप्रिय खेल बनाना है।

# उसैन बोल्ट टी-20 वर्ल्ड कप के ब्रांड एम्बेसडर बने

## कहा-अमेरिका में क्रिकेट का आना बड़ी बात, निश्चित रूप से वेस्टइंडीज को सपोर्ट करूंगा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ओलिंपिक लिजेंड उसैन बोल्ट को आगामी आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया है। टी-20 वर्ल्ड जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। 11 बार के वर्ल्ड चैंपियन बोल्ट वेस्टइंडिज के जमैका से हैं। उन्होंने 2017 में लंदन वर्ल्ड चैम्पियनशिप के बाद संन्यास ले लिया था। उन्होंने अपने आखिरी टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था। बोल्ट ने कहा, मैं आगामी टी-20 वर्ल्ड कप का ब्रांड एम्बेसडर बनकर रोमांचित हूं। इस खेल ने हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखा है, और मैं वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज मैचों में भाग लेने और वर्ल्ड लेवल पर क्रिकेट के डेवलपमेंट में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। हालांकि मैं निश्चित रूप से वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस गेम को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट मार्केट है और टी-20 वर्ल्ड कप के लिए हम जो करेंगे, वह 2028 में ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका है।

**बोल्ट के नाम 100 मीटर रेस में वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज**

बोल्ट ने 100 मीटर रेस 9.58 सेकंड और 200 मीटर रेस 19.19 सेकंड में पूरी की थी। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। बोल्ट ने 3 ओलिंपिक में 8 गोल्ड जीते थे। इनमें से 2008 बीजिंग ओलिंपिक में 2, जबकि 2012 लंदन ओलिंपिक और 2016 रियो ओलिंपिक में 3-3 गोल्ड जीते थे।

**क्रिकेट के कारण ही बोल्ट को एथलेटिक्स में करियर मिला**

जमैका में जन्मे बोल्ट बोल्ट ने अपना बचपन भाई के साथ गली में क्रिकेट और फुटबॉल खेलकर बिताया। 12 साल की उम्र तक उन्होंने यह तो सोच लिया था कि खेल में ही करियर बनाना है, लेकिन किस खेल में बनाना है, यह तय नहीं कर पा रहे थे।

एक दिन बोल्ट के क्रिकेट कोच ने पिच पर उनके दौड़ने की स्पीड देखी और सलाह दी कि उन्हें स्प्रिंटिंग में कोशिश करनी चाहिए। बोल्ट ने अपने कोच की सलाह मानी और दौड़ की ट्रेनिंग लेने लगे। पहली बार लगभग पंद्रह साल की उम्र में कैरेबियन रीजनल प्रतियोगिता में जमैका के लिए खेलते हुए 2001 में, 400 मीटर और 200 मीटर दौड़ में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता। 2002 में वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में एक गोल्ड के साथ तीन मेडल जीते।

एम्बेसडर के रूप में, बोल्ट इस इवेंट को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिसकी शुरुआत अगले सप्ताह सिंगर सीन पॉल और केस के साथ ऑफिशियल सॉन्ग वीडियो के रिलीज में एक कैमियो के साथ होगी। आठ बार के ओलंपिक गोल्ड मेडल विनर वेस्टइंडीज में टी-20 वर्ल्ड कप मैचों में भी भाग लेंगे और अमेरिका के अंदर खेल को बढ़ावा देने वाले फैंस इवेंट्स का भी हिस्सा होंगे।टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला एक जून को डालास में ही होगा। वेस्टइंडीज अपना पहला मैच 2 जून को पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गयाना में खेलेगा। टूर्नामेंट में 20 टीमों के बीच 29 दिन तक कुल 55 मैच खेले जाएंगे

## संक्षिप्त समाचार

### एक्सिस बैंक के एमडी अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्सिस बैंक के निदेशक मंडल ने प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक ने गुरुवार को बताया यह उनका तीन साल का दूसरा विस्तार होगा। चौधरी 2019 में एमडी एवं सीईओ के रूप में बैंक में शामिल हुए थे। एक्सिस बैंक के निदेशक मंडल ने एक जनवरी 2025 से तीन साल के लिए प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक ने गुरुवार को बताया यह उनका तीन साल का दूसरा विस्तार होगा। चौधरी 2019 में एमडी एवं सीईओ के रूप में बैंक में शामिल हुए थे। उनकी सेवाओं को विस्तार दिया गया जो एक जनवरी 2022 से लागू हुआ था। चौधरी इससे पहले एचडीएफसी लाइफ के एमडी व सीईओ थे। एक्सिस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पुनर्नियुक्ति के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक और शेयरधारकों की मंजूरी अभी आवश्यक है।

### गो डैडी ने केवल 1 रुपये में .कॉम डोमेन रजिस्ट्रेशन का स्पेशल ऑफर किया लॉन्च

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत, 24 अप्रैल, 2024- गोडैडी ने डॉट.कॉम रजिस्ट्रेशन के लिए एक धमाकेदार ऑफर की घोषणा की है। इसमें छोटे व्यवसायियों और उद्यमियों को एक साल के लिए केवल 1 रुपये में डॉट कॉम डोमेन रजिस्ट्रेशन पाने का मौका मिल रहा है और यह ऑफर बाजार में लाइव है और यह 3 साल की खरीद पर ही लागू होगा। दरअसल, गोडैडी कंपनी सालों से उद्यमियों को नवाचारी डिजिटल समाधान देकर सशक्त करके और उन्हें आगे बढ़ने में मदद कर रही है। गोडैडी के 2024 के ऑब्जर्वेटरी डेटा के अनुसार, सर्वे में छोटे व्यवसायों में से 97 प्रतिशत यह मानते हैं कि डिजिटलीकरण ने उनकी कार्य प्रक्रिया को काफी सुधारा है, जबकि 90 प्रतिशत का मानना है कि डिजिटलीकरण व्यवसाय के संचालन को सुचारू करने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है। इस बीच, डोमेन डिजिटलीकरण क्षेत्र में, अपरिहार्य संपत्ति के रूप में भी उभरे हैं, जिससे व्यावसायिक विश्वसनीयता बढ़ रही है। गोडैडी का ये स्पेशल ऑफर रणनीतिक रूप से ग्राहकों को लंबी अवधि की डोमेन खरीदारी के लिए प्रोत्साहित करने, अद्वितीय मूल्य और मन की शांति प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। तीन वर्षीय .कॉम ऑफर न केवल डोमेन स्वामित्व को अधिक सुलभ बनाता है बल्कि वार्षिक नवीनीकरण के बाद अल्पकालिक खरीदारी की तुलना में पर्याप्त बचत भी प्रदान करता है। आमतौर पर, महत्वपूर्ण छूट के लाभ के बिना नवीनीकरण की कीमत अधिक होती हैं, जिससे तीन वर्षीय ऑफर, सस्टेनेबल, दीर्घकालिक डोमेन समाधान चाहने वाले ग्राहकों के लिए एक आकर्षक प्रस्ताव है। अपूर्वा पलनीटकर, सीनियर डायरेक्टर मार्केटिंग, गोडैडी इंडिया ने कहा, हम गोडैडी में व्यक्तियों और व्यवसायों को मजबूत ऑनलाइन मौजूदगी स्थापित करने के लिए नवाचारी समाधान प्रदान करने के प्रति समर्पित हैं। पहले साल की कीमत पर असाधारण छूट की पेशकश करके, गोडैडी का लक्ष्य डोमेन स्वामित्व की प्रक्रिया को सरल बनाना, वार्षिक पुनर्नवीनीकरण की परेशानी को

बाजार में चार दिनों से जारी हरियाली गायब

# सेंसेस 172 अंक टूटा, निटी 22350 से फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 296.79 अंक गिरकर 73,556.15 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 97.15 अंक टूटकर 22,305.25 अंक पर आ गया।



कोटक महिंद्रा बैंक में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के बीच शेयर बाजार ने पिछले चार दिनों की तेजी गंवा दी। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयर सूचकांक लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 296.79 अंक गिरकर 73,556.15 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 97.15 अंक टूटकर 22,305.25 अंक पर आ गया।

रिजर्व बैंक द्वारा ग्राहकों को ऑनलाइन जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने की रोक से कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 12 प्रतिशत टूट गया। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों का बार-बार अनुपालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करते हुए रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक के ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के जरिये नये ग्राहक जोड़ने तथा तत्काल प्रभाव से नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगा दी।

हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, टाइटन, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा कमजोरी के साथ कारोबार करते दिखे वहीं, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, नेस्ले और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। पिछले चार दिनों में सेंसेक्स 1,363.95 अंक या1.88 प्रतिशत चढ़ा है। एशियाई बाजारों में सोल और तोक्यो में गिरावट रही जबकि शंघाई और हांगकांग में तेजी रही। वॉल स्ट्रीट बुधवार को मिश्रित नोट पर समाप्त हुआ। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.02 प्रतिशत बढ़कर 88.04 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को सकल घरेलू शेयर बाजार से 2,511.74 करोड़ रुपये निकाले।

बुधवार को सेंसेक्स 114.49 अंक या 0.16 प्रतिशत चढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी शुरुआती दौर में 34.40 अंक यानी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 22,402.40 अंक पर पहुंच गया।

## भारत से दवा निर्यात 10त्न बढ़कर 27.9 अरब डॉलर, यूएस-यूके सहित अन्य देशों में मांग बढ़ने से मिली मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार अवसरों के विस्तार और विदेश में बढ़ती मांग के दम पर यह लक्ष्य हासिल हो पाएगा। देश से दवाओं का निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67 फीसदी बढ़कर 27.9 अरब डॉलर पहुंच गया। 2022-23 के दौरान यह आंकड़ा 25.4 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में भारत से 2.8 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया गया। यह मार्च, 2023 की तुलना में 12.73 फीसदी अधिक है। भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डॉलर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा, अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल रही है। सरकार ने प्रमुख दवा सामग्री और जेनेरिक दवाओं के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए दो उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की हैं। घरेलू दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार अवसरों के विस्तार और



विदेश में बढ़ती मांग के दम पर यह लक्ष्य हासिल हो पाएगा। भारत ने 2023-24 के दौरान पांच देशों अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील में सबसे ज्यादा दवाओं का निर्यात किया। इसमें अमेरिका की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 31 फीसदी से अधिक रही। कुल दवा निर्यात में ब्रिटेन और नीदरलैंड का करीब तीन फीसदी योगदान रहा। भारत को पिछले वित्त वर्ष के दौरान कई नए बाजारों में कदम रखने का अवसर मिला। इन बाजारों में मोंटेनेग्रो, दक्षिण सूडान, चाड, कोमोरोस, ब्रुनेई, लात्विया, आयरलैंड, स्वीडन, हैती और इथियोपिया शामिल हैं। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के मई, 2022 में लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच द्विपक्षीय कारोबार में 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा, दोनों देशों के बीच 2030 तक गैर-तेल कारोबार 100 अरब डॉलर के लक्ष्य के पार पहुंचने की उम्मीद है। यूएई, भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य, तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और चौथा सबसे बड़ा निवेशक है।

## भारत जैसे-जैसे विकसित होगा खाने-पीने से जुड़ी चीजों की महंगाई कम होती जाएगी, बोलीं एमपीसी सदस्य

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीतियों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।



भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में ''कम गंभीर'' होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं। ये बातें भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कही। भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीतियों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। गोयल ने कहा, ''जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या (खाद्य पदार्थों की उच्च कीमतों) की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी। विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति शृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी।'' गोयल ने कहा कि किसी ने भी उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में टमाटर या प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के बारे में नहीं सुना है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास स्वाभाविक रूप से विविध भौगोलिक क्षेत्र हैं, विभिन्न क्षेत्रों से बेहतर एकीकृत बाजार जलवायु परिवर्तन से प्रेरित खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी को कम करने में मदद कर सकते हैं।'' आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 प्रतिशत थी।

## पित्रोदा के विरासत टैक्स वाले बयान पर अश्नीर ग्रोवर का तंज, बोले- चुनाव के समय अर्थहीन हो जाते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने कहा कि आपको पहले भारत में टैक्स की राजनीति को समझने की जरूरत है। 140 करोड़ भारतीयों में से आठ करोड़ ही इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं। वहीं, दो करोड़ भारतीय केवल टैक्स देते हैं।



भारत में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गर्माया हुआ है। जहां कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा द्वारा अमेरिका के विरासत टैक्स पर दिए बयान पर विवाद थमा नहीं था। वहीं अब शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसने आग में घी डालने जैसा काम किया है। दरअसल, ग्रोवर का कहना है कि राजनीतिक रैलियों में नेता टैक्स को लेकर कोई भी वादा करके बाद में बच निकल सकते हैं क्योंकि देश में चुनावों के मामले में करदाता अर्थहीन अल्पसंख्यक हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आपको पहले भारत में टैक्स की राजनीति को समझने की जरूरत है। 140 करोड़ भारतीयों में से आठ करोड़ ही इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं। वहीं, दो करोड़ भारतीय केवल टैक्स देते हैं। मजेदार बात यह है कि इन दो करोड़ लोगों में से भी केवल 45 लाख लोग कुल आयकर का 80 फीसदी भरते हैं। कुल 97 करोड़ वोटर हैं। अगर हिसाब लगाएं तो मात्र 0.5 फीसदी मतदाता इनकम टैक्स का भुगतान करते हैं। अश्नीर ग्रोवर ने कहा, इसलिए ही आप किसी राजनीतिक रैली में टैक्स पर कुछ भी कहकर बच निकल सकते हैं। क्योंकि टैक्स देने वाले बिना अहमियत वाले अल्पसंख्यक हैं।

हालांकि, शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने किसी राजनेता का नाम नहीं लिया है। लेकिन इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा द्वारा विरासत टैक्स पर की गई टिप्पणी के बीच उनका ऐसा बयान आना सियासी गलियारे में हलचल मचा सकता है।

दरअसल, सैम पित्रोदा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसमें वह अमेरिका के विरासत टैक्स का जिक्र कर रहे थे। उनका कहना था, अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।

## एलपीयू के छात्र को आईटी की दिग्गज कंपनी में 3 करोड़ रुपये का ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी अपनी प्लेसमेंट उपलब्धियों के साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। यहां के कई छात्रों को 10 लाख और उससे अधिक का पैकेज मिलने वाला है।




लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी अपनी प्लेसमेंट उपलब्धियों के साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। इसके 2023 बैच ने अपने क्लास में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की, जिसमें कई छात्रों ने बेहतरीन वेतन पैकेज हासिल किए, विशेष रूप से 2018 क्लास के ध्ख्द्म छात्र यासिर एम ने आईटी कंपनी में 3 करोड़ रुपये का पैकेज हासिल करके इतिहास रचा है। एक अन्य छात्र पवन कुंचला को भी आईटी कंपनी टीसी सेंट्रल से 1 करोड़ रुपये का पैकेज मिला है।

इसके अलावा, 2022-2023 बैच के 1100 से अधिक छात्रों को 10 लाख और उससे अधिक का पैकेज मिला है। एलपीयू के छात्रों का शानदार प्रदर्शन यह दिखाता है कि उन्होंने अपनी मेहनत से सीमित सीमाओं को पार किया है। बीटेक कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग के छात्र यशस्वी यदुवंशी को हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा 52.08 लाख रुपये के शानदार पैकेज के साथ चुना गया है। इसके अलावा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने 54.9 लाख रुपये की उच्चतम सीटीसी हासिल की। जबकि आर्किटेक्चर और एमबीए के छात्रों को क्रमशः 31.69 और 29.3 लाख रुपये तक का पैकेज मिला है। 2023-24 के इस बार के एलपीयू बैच ने प्लेसमेंट सीजन में जबरदस्त सफलता दर्ज की है, जिसमें टॉप 10त्न छात्रों को 12.3 लाख रुपये का शानदार औसत पैकेज मिला है। ये संख्या कई टॉप आईआईटी के औसत से अधिक है और इससे टैलेंट डेवलपमेंट में अग्रणी संस्थान के रूप में एलपीयू की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। इस तरह एलपीयू का शैक्षणिक माहौल और छात्रों के विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता छात्र को जॉब प्राप्त करने में मदद करती है। 2023-24 के इस बार के एलपीयू बैच ने प्लेसमेंट सीजन में जबरदस्त सफलता दर्ज की है, जिसमें टॉप 10 प्रतिशत छात्रों को 12.3 लाख रुपये का शानदार औसत पैकेज मिला है। ये संख्या कई टॉप आईआईटी के औसत से अधिक है और इससे टैलेंट डेवलपमेंट में अग्रणी संस्थान के रूप में एलपीयू की प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। इस तरह एलपीयू का शैक्षणिक माहौल और छात्रों के विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता छात्र को जॉब प्राप्त करने में मदद करती है।

एलपीयू के चांसलर और संसद सदस्य (राज्यसभा) डॉ. अशोक मित्तल ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों पर हार्दिक बधाई दी है। वह अपने छात्रों के बीच इंटेलेक्चुअल और इंटरपर्सनल ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए एलपीयू की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देते हैं। डॉ. मित्तल छात्रों के सपनों को साकार करने में मदद करने में एलपीयू के करियर सर्विसेज डिवीजन और मेंटर्स द्वारा निभाई गई अपरिहार्य भूमिका को स्वीकार करते हैं, जिससे छात्रों को शानदार पैकेज प्राप्त करने में मदद मिलती है।

ध्ख्द्म की प्रो चांसलर श्रीमती रश्मि मित्तल ने कहा कि एलपीयू के इंजीनियरिंग प्रोग्राम ने विश्वभर में ख्याति हासिल की है। इसने टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग 2023 में भारत में दूसरा स्थान और रियल इम्पैक्ट -2023 के साथ विश्व के विश्वविद्यालयों में तीसरा स्थान हासिल किया है। ये प्रतिष्ठित सम्मान इस बात की मिसाल है कि यूनिवर्सिटी छात्रों को वास्तविक दुनिया में सफलता के लिए आवश्यक कौशल और जरूरी ट्रेनिंग देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## बेबी फूड में अधिक चीनी मिलाने की खबरों पर सरकार सख्त, नियामक देश भर में इकट्ठा कर रहा नेस्ले के सैंपल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने गुरुवार को बताया है कि वह पूरे भारत से नेस्ले के बेबी फुड सेरेलैक के नमूने इकट्ठे कर रहा है। नियामक की ओर से यह कार्रवाई उत्पादों में अतिरिक्त चीनी मिलाने की खबरों के बाद की जा रही है। खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जी कमला वर्धन राव ने एसोचैम के एक कार्यक्रम से इतर पीटीआई से कहा, इस प्रक्रिया को पूरा करने में 15 से 20 दिन का समय लगेगा। एफएसएसएआई स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है, जो खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए उत्तरदायी है। इससे पहले, स्विस एनजीओ पब्लिक आई की ओर से प्रकाशित एक वैश्विक रिपोर्ट पर संज्ञान लेने के बाद उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने नेस्ले के शिशु खाद्य उत्पादों में कथित उच्च चीनी की मात्रा पर चिंता व्यक्त किया था।

## भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करे शहबाज सरकार, पड़ोसी देश के कारोबारियों ने की पीएम से अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची में सिंध सीएम आवास पर एक बैठक के दौरान वहां के व्यापारिक समुदाय से जुड़े लोगों ने पीएम शहबाज शरीफ को सलाह दी कि वे अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करें। कारोबारियों ने पीएम से कहा कि वे भारत के साथ कारोबार और वाणिज्य से जुड़ी बातचीत की पहल करें, इससे नकदी संकट से जूझ रहे देश को बहुत लाभ मिलेगा।

पाकिस्तान के कारोबारियों ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से एक मुलाकात के दौरान भारत के साथ कारोबारी बातचीत शुरू करने की अपील की है। एक मुलाकात के दौरान पड़ोसी देश के कारोबारियों ने पीएम से कहा कि वे भारत के साथ कारोबार और वाणिज्य से जुड़ी बातचीत की पहल करें, इससे नकदी संकट से जूझ रहे देश को बहुत लाभ मिलेगा।

पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची में सिंध सीएम आवास पर एक घंटे की एक बैठक के दौरान वहां के व्यापारिक समुदाय से जुड़े लोगों ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें सलाह दी कि वे अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए



राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करें।

समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्यात के जरिए अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने के तरीके तलाशने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक की। हालांकि, उनके संकल्प को उद्योग जगत के लोगों की आशंकाओं का सामना करना पड़ा, जिन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में खासकर उच्च ऊर्जा लागत और असंगत सरकारी नीतियों के साथ व्यापार करना ''लगभग असंभव'' है।

प्रधानमंत्री के संक्षिप्त भाषण के बाद सवाल-जवाब शुरू किए गए। इस दौरान व्यापार जगत के लोगों ने सरकार के हालिया कदमों की सराहना की, लेकिन और अधिक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने वांछित परिणाम हासिल करने के लिए आर्थिक नीतियों पर प्रस्ताव भी साझा किए।

पूंजी बाजार की दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा, ''कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ समझौते किए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है।'' खबर में कहा गया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए भी कहा।

उन्होंने कहा, ''मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में रह रहे (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना ) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।'' भारत के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध टूट गए। भारत के फैसले पर पाकिस्तान की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया दी गई जिसने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया और भारतीय दूत को निष्कासित कर दिया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-24-25-02, दिनांक 24.04.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण :** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में मुरी टीएसएस - 2 अदद, बकासपुर टीएसएस - 01 अदद एवं टाटीसिलवे टीएसएस - 1 अदद में 132 केवी/25 केवी, 21.6 एमवीए सिंगल फेज ट्रैक्शन पावर ट्रांसफार्मर की पीरिओडिकल ओवरहालिंग (पीओएच)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 44,73,536.70। **ईएमडी/बोली प्रतिभूति :** ₹ 89,500/-। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.05.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। (PR-77)

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– रिटर्निंग अधिकारी
12–लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र।
(निर्वाचन आय–व्यय कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

प्रत्येक अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर में निरीक्षण के लिए अनुसूची तैयार करना है। अभ्यर्थियों के व्यय रजिस्टर की जांच के लिए 03 तारीखें इस प्रकार नियत की जाएगी कि दो निरीक्षणों के मध्य का अंतराल कम से कम तीन दिन हो और अंतिम निरीक्षण मतदान के दिन से तीन दिन पहले न हो।

उक्त तिथियों को अभ्यर्थी निजी रूप से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से या अपने द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यय प्रेक्षक/लेखादल/निरीक्षण के लिए पदाभिहित अधिकारी के सम्मुख व्यय रजिस्टर पेश करेंगे।

अभ्यर्थियों के व्यय रजिस्टर के निरीक्षण हेतु तीन तिथियों का निर्धारण निम्न प्रकार से किया जाता है:–

(1) प्रथम जांच की तिथि दिनांक:– 30.04.2024 (मंगलवार)
(2) द्वितीय जांच की तिथि दिनांक:– 04.05.2024 (शनिवार)
(3) तृतीय जांच की तिथि दिनांक:– 09.05.2024 (गुरूवार)

निरीक्षण का समय :– सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक
निरीक्षण स्थल :– उप विकास आयुक्त, गुमला का सभागार (विकास भवन), गुमला।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–रिटर्निंग अधिकारी,
12–लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र।

PR 324084 Election(24-25)D





## 'बाल एवं बाल संरक्षण के हित व्याख्या और प्रवर्तन में चुनौतियां' पर

# नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ में सेमिनार



सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची ने 'बाल एवं बाल संरक्षण के हित व्याख्या और प्रवर्तन में चुनौतियां' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि एक्सआईएसएस रांची के निदेशक डॉ. जोसेफ मारियानस मुख्य अतिथि मनोज कुमार, प्रधान सचिव, डीडब्ल्यूसीडी एवं एसएस, झारखंड सरकार एनयूएसआरएल रांची के कुलपति डॉ. अशोक पाटिल उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पारुल, शिक्षा विशेषज्ञ, यूनिसेफ झारखंड, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. श्यामला कंडादाई, डीन ऑफ फैकल्टी, एनयूएसआरएल, रांची एवं सह-प्रमुख बाल अधिकार केंद्र एवं सहायक प्रोफेसर, डॉ. जिसु केतन पटनायक, सह-प्रमुख, बाल अधिकार केंद्र ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में बाल संरक्षण और इसकी व्याख्या और कार्यान्वयन में चुनौतियों पर कई सत्र आयोजित किये गये। इन सत्रों की अध्यक्षता भारती अली, अधिवक्ता, भारत के सर्वोच्च न्यायालय और बाल अधिकार कार्यकर्ता, डॉ. सोनाली कुसुम, सहायक प्रोफेसर (कानून), टीआईएसएस मुंबई, डॉ. श्वेता मोहन, सहायक प्रोफेसर, एनयूएसआरएल रांची, डॉ. हिरल कुमार ने की। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने बाल संरक्षण से संबंधित कई पहलुओं जैसे बाल संरक्षण में प्रवर्तन तंत्र, बाल संरक्षण में सिद्धांत और व्यवहार के बीच अंतर को पाटना, बाल अश्लीलता, आश्रय गृह और उनकी अनुपालन आवश्यकताओं आदि पर अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी देखी गयी। देशभर में बाल सुरक्षा सेवाओं के साथ जमीनी स्तर पर काम करने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ अकादमी के सदस्यों से भी। प्रतिभागियों द्वारा एक सामान्य आधार खोजने का प्रयास किया गया, जहां कानून के साथ संघर्ष करने वाले बच्चों और देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सर्वोत्तम परिणाम सुनिश्चित करते हुए प्रवर्तन तंत्र का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सके।









यूनिसेफ के सहयोग से नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची ने राज्यों की कमजोर बच्चों की स्थिति का विश्लेषण करने के लिए बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए इनसे संबंधित संभावित समाधान खोजने के लिए यूनिसेफ और झारखंड सरकार के सहयोग से बाल संरक्षण के सर्वोत्तम हित पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। राज्य के कमजोर बच्चों हेतु आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वाले किशोर न्याय बोर्ड के प्रतिनिधि, बाल कल्याण समिति के प्रतिनिधि, शिक्षाविद् और छात्र उपस्थित थे। बाल अधिकार केंद्र का उद्देश्य गहन अनुसंधान करना है और उस अनुसंधान आउटपुट को हम राज्य सरकार को प्रस्तुत कर रहे हैं, जो कि राज्य सरकार को दर्शाये गये आंकड़ों के आधार पर नीति निर्धारण में मदद करेगा। लॉ स्कूल द्वारा दी गयी अनुसंधान रिपोर्ट और क्षेत्र को प्रशिक्षण भी प्रदान करना, अधिकारियों को बाल अधिकारों से संबंधित कल्याण कानून को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उस विशेष उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए हमने इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया है और यह बहुत ही गहन चर्चा थी। राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ विचार-मंथन सत्र का संचालन करने के लिए यहां थे और मुझे उम्मीद है कि आज के इस राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्ट इस राष्ट्रीय सम्मेलन को आगे के कार्यान्वयन के लिए झारखंड राज्य को प्रस्तुत किया जायेगा।

**- डॉ अशोक आर पाटिल**
**कुलपति, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची।**









